


फरीदाबाद हरियाणा का नंबर 1 समाचार पत्र

# भेदी नज़र

संस्थापक : स्वाधीनता सेनानी सुखवासी लाल शर्मा (ब्रह्मलीन)

ई- पेपर पढ़ने के लिए लॉगऑन करें- www.bhedinazar.com

दिल्ली, मंगलवार, 24 मार्च 2026

दिल्ली, हरियाणा, चड़ीगढ़, पंजाब, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश को प्रमुख हिन्दी दैनिक




वर्ष: 22 अंक: 342 | Email : bhedinazardaily@gmail.com | RNI NO. DEL/HIN/2004/13528 | Postal REG. No. HR (FBD) -260/2026/28 | पृष्ठ: 12 मूल्य: 1 रुपये

## प्रयागराज में अमोनिया गैस टैंक फटने से कोल्ड स्टोरेज धराशायी, चार की मौत

**प्रयागराज, (वेब वार्ता)।**

गंगापार इलाके के फाफामऊ के पास चंदापुर गांव में स्थित कोल्ड स्टोरेज धराशायी हो गया। तेज आवाज के साथ अमोनिया गैस टैंक फटने के चलते हादसा हुआ है। कोल्ड स्टोरेज जिस समय गिरा उस समय वहां पर दो दर्जन से अधिक मजदूर मौजूद थे, जो मलबे में दब गए। हादसे में चार मजदूरों की मौत बताई जा रही है। छह की हालत नाजुक है। एनडीआरएफ टीम बचाव कार्य में जुटी है। घायलों को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया



गया है। यह कोल्ड स्टोरेज पूर्व मंत्री अहमद का बताया जा रहा है।

फाफामऊ क्षेत्र के चंदापुर में प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर स्थित सपा नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद का कोल्ड स्टोरेज तेज धमाके के साथ धराशायी हो गया। अमोनिया गैस टैंक फटने के चलते यह हादसा हुआ है। मलबे में डेढ़ दर्जन से अधिक मजदूर दब गए। आनन फानन में सभी को बाहर निकाला गया। इसमें चार मजदूरों के मौत की बात कही जा रही है। छह की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिले भर की एंबुलेंस को राहत बचाव कार्य में लगाया गया है। एनडीआरएफ और एसडीआरफ की टीम रेस्क्यू आपरेशन में जुटी है।हादसे के चलते मलाक हरहर में लखनऊ हाईवे पर वाहनों का आवागमन ठप हो गया है।

मौके पर जिलाधिकारी मनीष कुमा वर्मा, पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। मलबे में डेढ़ दर्जन से अधिक लोग दब गए। घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से एसआरएन अस्पताल पहुंचाया गया है। फाफामऊ समेत आसपास के कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई है।

बताया जा रहा है कि मौके से निकाले गए चार मजदूरों की हालत नाजुक बनी हुई है। मौके पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम बचाव कार्य में जुट गई है। दर्जन भर से अधिक जेसीबी मलबो को हटाकर दबे हुए लोगों को खोज रही है। शाम सवा चार बजे तक तीन शव निकाले जा चुके हैं। सभी मजदूर बिहार के सहरसा जिले के बताए जा रहे हैं।

## सभी को एकजुट होने की जरूरत: गिरिराज सिंह

### मिडिल ईस्ट युद्ध पर पीएम मोदी के संबोधन पर बोले एनडीए नेता

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**



मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के बीच पैदा हुई समस्याओं से भारत कैसे निपट रहा है, इस बारे में पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में अपनी बात रखी। पीएम मोदी के संबोधन पर एनडीए नेताओं ने कहा कि आपदा के वक्त पक्ष-विपक्ष नहीं होना चाहिए, सभी को एकजुट होने की जरूरत है।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि देश में एलपीजी को लेकर कोई समस्या नहीं है। अगर कोई समस्या है, तो वह भ्रम फैलाने की समस्या है और यह समस्या विपक्ष के नेता की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी राजनीतिक दलों से एकजुट होकर संसद से एक स्वर में अपनी आवाज उठाने का आग्रह किया है। देश और दुनिया के प्रति जो हमारी पीड़ा है। सारी स्थितियों को पीएम मोदी ने रखा है, लेकिन कांग्रेस को हर चीज में राजनीति दिखाई देती है।

केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी. सिंह बघेल ने कहा कि समय-समय पर हरदीप सिंह पुरी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पश्चिम एशिया में संकट को लेकर बयान दिए थे। यह अच्छी बात है कि आज पीएम मोदी ने इस मुद्दे पर चर्चा की है।

केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि पीएम मोदी ने लोकसभा में अपना बयान दिया है और उन्होंने सुरक्षा पर सबसे ज्यादा जोर दिया है।

## सरकार को मिडिल ईस्ट युद्ध रुकवाने के लिए कोशिश करनी चाहिए: रामगोपाल यादव

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच लोकसभा में पीएम मोदी के संबोधन पर विपक्षी दलों के नेताओं ने कहा कि वर्तमान की स्थिति काफी गंभीर है और इस युद्ध से विनाश होगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार को मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध को रुकवाने के लिए भरपूर कोशिश करनी चाहिए।

समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद रामगोपाल यादव ने कहा कि इस युद्ध से हमारे और कई अन्य देशों की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ा है। प्रधानमंत्री को इजरायली प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ अपनी दोस्ती का, और साथ ही ईरान के साथ हमारे पुराने संबंधों का लाभ उठाते हुए इस युद्ध को रोकने की कोशिश करनी चाहिए, क्योंकि इसने पूरी दुनिया को तबाही के कगार पर ला खड़ा किया है। यह युद्ध सारी दुनिया को विनाश के कगार पर ले आया



है। उन्होंने कहा कि जैसा कि पीएम मोदी ने कहा कि वर्तमान की स्थिति काफी गंभीर है और यह युद्ध जारी रह सकता है, इसीलिए हम कह रहे हैं कि कठिन चीजों के लिए भी प्रयास होने चाहिए।

कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि मिडिल ईस्ट युद्ध के बीच सरकार ने एलपीजी के दाम बढ़ा दिए। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद जब हम कमजोर थे, तो ईरान हमारे साथ था, मिडिल ईस्ट के देश साथ थे, और आज राष्ट्रहित में नहीं, पार्टी हित में कार्य किया जा रहा है। ईरान का सर्वोच्च नेता मारा गया।

## नीतीश कुमार ने चाणक्य की तरह बिहार को सही राह दिखाई: सम्राट चौधरी

**पटना, (वेब वार्ता)।**

बिहार में महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बारे में एक महत्वपूर्ण बयान दिया है, जिससे संकेत मिलता है कि राज्य के शासन में उनका प्रभाव जारी रहेगा।

जहानाबाद में 'समृद्धि यात्रा' कार्यक्रम के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार के नेतृत्व और योगदान की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि जब भी बिहार में विकास और सुशासन की बात होगी, नीतीश कुमार का नाम सम्मान के साथ याद किया जाएगा।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मुख्यमंत्री ने राज्य की प्रगति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐतिहासिक तुलना करते हुए, सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार



की भूमिका की तुलना चाणक्य से की और कहा कि जिस प्रकार चाणक्य ने बुद्धिमत्ता से शासन का मार्गदर्शन किया, उसी प्रकार नीतीश कुमार ने लगातार बिहार को सही दिशा में अग्रसर किया है।

उन्होंने जरासंध और अशोक जैसे ऐतिहासिक व्यक्तित्वों का भी उल्लेख किया और कहा कि उनकी ही तरह नीतीश कुमार राज्य के लिए मार्गदर्शक शक्ति बने रहेंगे।

ये टिप्पणियां नीतीश कुमार के राज्यसभा में निर्वाचित होने के बाद आई हैं, जिससे बिहार में संभावित नेतृत्व परिवर्तन और नई सरकार के गठन को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। राजनीतिक गलियारों में इस बात पर सक्रिय रूप से चर्चा चल रही है कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा और नए प्रशासन का ढांचा कैसा होगा।

## फ्रांस के पूर्व पीएम लियोनेल जोस्पिन का निधन

**पेरिस, (वेब वार्ता)।** फ्रांस के पूर्व प्रधानमंत्री लियोनेल जोस्पिन का 88 साल की उम्र में निधन हो गया। उनकी मौत की पुष्टि फ्रांस के मौजूदा प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने की। जोस्पिन को खास तौर पर फ्रांस में 35 घंटे का कार्य सप्ताह लागू करने के लिए जाना जाता है, जिससे कर्मचारियों को बेहतर काम-जीवन संतुलन मिला। जोस्पिन पहले एक प्रोफेसर थे, लेकिन बाद में राजनीति में आए और सोशलिस्ट पार्टी के बड़े नेता बने। 1997 से 2002 तक वे फ्रांस के प्रधानमंत्री रहे। इस दौरान उन्होंने सामाजिक सुधारों पर जोर दिया और अपनी साफ-सुथरी छवि के लिए पहचाने गए। हालांकि 2002 के राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें बड़ी हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उन्होंने राजनीति से दूरी बना ली। फ्रांस की राजनीति में उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

## एलपीजी की पैनिक बुकिंग में आई कमी

### कालाबाजारी पर भी कसी नकेल: पेट्रोलियम मंत्रालय

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**



पिछले तीन सप्ताह में तीन लाख पचास हजार पीएनजी कनेक्शन सक्रिय किए गए या फिर नए दिए गए हैं। सोमवार को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने डेली मीडिया ब्रीफिंग में संतोष जताया कि एलपीजी की पैनिक बुकिंग कम हुई है और सरकार कालाबाजारी करने वालों की सख्त निगरानी कर रही है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि कच्चे तेल की आपूर्ति पर्याप्त बनी हुई है और रिफाइनरियां सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं, जिससे खुदरा उपलब्धता स्थिर बनी हुई है। पीएनजी और सीएनजी की आपूर्ति प्राथमिकता वाले उपभोक्ताओं के लिए जारी है, जबकि औद्योगिक मांग का लगभग 80 प्रतिशत पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पीएनजी को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त एलपीजी आवंटन और नीतिगत सहयोग के माध्यम से तीन सप्ताह में लगभग 3 लाख 50 हजार नए घरेलू और वाणिज्यिक पीएनजी कनेक्शन सक्रिय किए गए हैं। एलपीजी आपूर्ति पर निगरानी रखी जा रही है, लेकिन वितरण जारी है।

शर्मा ने बताया कि कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर आवंटन को लेकर भी खास प्रबंध किया गया है। उन्होंने कहा, आवंटन सरकार ने वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन को और बढ़ाया है। हम लगातार राज्य सरकारों से अनुरोध कर रहे हैं कि कुल मात्रा का 50 फीसदी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों–जैसे रेस्टोरेंट, होटल, औद्योगिक कैंटीन, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों, सामुदायिक रसोई और प्रवासी श्रमिकों के लिए 5 किलोग्राम सिलेंडर–के लिए उपलब्ध कराया जाए।

## संसद में पीएम मोदी के बयान पर प्रियंका गांधी ने उठाई चर्चा की मांग

**गिरीश चंद्र शर्मा, भेदी नज़र**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में पीएम मोदी के बयान पर एआईसीसी महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने आज ताजा हालात को लेकर देश को अवगत कराया है। उन्होंने ज्यादा नई बातें नहीं कही हैं। हमने चर्चा के लिए जो नोटिस किया है, उस पर चर्चा होनी चाहिए। सबके पक्ष सामने आने चाहिए।

संसद में पीएम मोदी के बयान पर कांग्रेस सांसद प्रणिती शिंदे ने कहा कि हमने चर्चा की मांग की थी। रूलिंग पार्टी हमें चर्चा का अवसर नहीं दे रही है। प्रधानमंत्री ने पढ़कर बयान दिया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बयान जमीनी स्तर से काफी डिस्कनेक्ट था। एलपीजी की कमी है।




एलपीजी को लेकर कैसे डील करने वाले हैं, उसके बारे में नहीं बताया। किसानों के हजारों टन फल होर्मुज स्ट्रेट में अटके हुए हैं। किसान बड़े संकट में हैं।

संसद में पीएम मोदी के बयान को लेकर राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि प्रधानमंत्री को इतना वक्त लग गया। कितनी चीजों पर पदार्दारी होगी? ईरान के स्कूल पर हमला किया गया। इस पर हमने कुछ नहीं बोला। नाम तक लेना उचित नहीं समझा। पैनिक के लिए विपक्ष को दोष दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आज तो आप स्वीकार कर रहे हैं। ये पहले होना चाहिए था। पीएम मोदी के संसद में बयान पर भाजपा सांसद एसपी सिंह बघेल ने कहा कि पश्चिम एशिया के संकट को लेकर हरदीप पुरी और विदेश मंत्री जयशंकर ने समय-समय पर वक्तव्य रखे थे।

## असम के एयरफोर्स स्टेशन से पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

### 2023 से पाकिस्तान को दे रहा था जानकारी

**डिब्रूगढ़, (वेब वार्ता)।**

वायुसेना और राजस्थान इंटेलिजेंस की टीम ने असम के वायुसेना अड्डे पर तैनात एक कर्मचारी को पाकिस्तान की जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुमित कुमार (36) के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के लाहुरपार का निवासी है और एयरफोर्स स्टेशन में एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) के पद पर कार्यरत है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (खुफिया विभाग) प्रफुल्ल कुमार के अनुसार सुमित कुमार अपने पद का दुरुपयोग करते हुए भारतीय वायुसेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां एकत्रित करता था और उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स तक पहुंचाता था। जांच में सामने आया है कि वह वर्ष 2023 से पाकिस्तानी खुफिया



एजेंसियों के संपर्क में था और पैसों के बदले गोपनीय सूचनाएं साझा कर रहा था।

इस मामले की शुरूआत जनवरी 2026 में राजस्थान के जैसलमेर निवासी झबराराम की गिरफ्तारी से हुई थी। उससे पूछताछ के दौरान सुमित कुमार का नाम सामने आया। इसके बाद राजस्थान इंटेलिजेंस ने वायुसेना खुफिया विभाग, नई दिल्ली के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को छबुआ से हिरासत में लिया।

## पंजाब सरकार के पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर गिरफ्तार

### सीबीआई जांच से डरी सरकार: स्वाति मालीवाल

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

पंजाब वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन (पीडब्ल्यूसी) के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा की मौत के मामले में सोमवार को बड़ी कार्रवाई हुई है। इस मामले में पुलिस ने पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देश के बाद फतेहगढ़ साहिब पुलिस द्वारा की गई। इस गिरफ्तारी पर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की प्रतिक्रिया सामने आई।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में स्वाति मालीवाल ने लिखा, 'इतने समय से पंजाब सरकार अपने मंत्री लालजीत भुल्लर को बचाने का प्रयास कर रही थी। आज जैसे ही संसद में गृह



मंत्री ने इस केस को सीबीआई को देने की बात कही, आधे घंटे के अंदर पंजाब पुलिस ने मंत्री को अरेस्ट कर लिया।'

उन्होंने आगे कहा, 'पंजाब सरकार सीबीआई जांच से डर रही है। मंत्री की जांच हुई तो बहुत बड़े बड़े नाम सामने आयेंगे, भ्रष्टाचार खुलकर सामने आएगा, सब पता चल जाएगा पैसा कहां-कहां तक पहुंच रहा है। पंजाब में भ्रष्टाचार कंट्रोल से बाहर है। ये केस निष्पक्ष जाँच के लिए सीबीआई को ट्रांसफर होना चाहिए।'

गौरतलब है कि गगनदीप सिंह रंधावा ने 21 मार्च को आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद से ही इस मामले ने तूल पकड़ लिया था। रंधावा की मौत के पीछे पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर पर प्रताड़ना और मानसिक दबाव बनाने के गंभीर आरोप लगे थे।

## कृषि नवाचारों का महाकुंभ : राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो-2026 का आगाज

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को 'राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो-2026' का दौरा करेंगे। सोमवार को केंद्रीय कृषि यंत्रीकरण एवं परीक्षण प्रशिक्षण संस्थान बुदनी में शुरू हुए इस कार्यक्रम में वे किसानों एवं कृषि उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ सीधा संवाद स्थापित करेंगे तथा उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अनुभवों से अवगत होंगे। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य किसानों को उन्नत तकनीकों से जोड़ना, कृषि उत्पादकता में वृद्धि करना तथा



कृषि क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करना है।

कृषि मंत्रालय के अनुसार कृषि मंत्री शिवराज सिंह के इस प्रस्तावित दौरे के दौरान अनेक महत्वपूर्ण एवं किसान-केंद्रित पहलों का क्रियान्वयन किया जाएगा। इस अवसर पर नई अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं एवं उन्नत सुविधाओं का लोकार्पण किया जाएगा, जो कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण को नई दिशा प्रदान करेंगी। साथ ही, विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिससे तकनीकी सहयोग, कौशल विकास एवं नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा।

इसके अतिरिक्त, किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों से युक्त टूलकिट का वितरण किया जाएगा, जिससे उनकी कार्यक्षमता एवं उत्पादकता में वृद्धि होगी। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में लगभग 5 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थापित उन्नत 'पिवोट सिंचाई प्रणाली' का उद्घाटन किया जाएगा, जो जल प्रबंधन एवं आधुनिक सिंचाई तकनीकों का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगा।






# अमृतसर में नशा तस्करी मॉड्यूल के दो सदस्य पांच किलो हेरोइन सहित गिरफ्तार

## आगे की जांच जारी, और गिरफ्तारियों व बरामदगी की उम्मीद

भेदी नज़र, चंडीगढ़/अमृतसर

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए काउंटर इंटेलिजेंस (सी.आई.) अमृतसर ने नशा तस्करी करने वाले मॉड्यूल के दो सदस्यों को 5 किलो हेरोइन सहित गिरफ्तार कर इस गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अमृतसर के खट्टराये खुर्द निवासी मनिंदर सिंह और अमृतसर के फिरवाड़िया निवासी गुरजंट सिंह के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने नशीले पदार्थ के अलावा आरोपियों की हैचबैक हुंडई आई-20 कार (नंबर पीबी10 जीएच 0140) भी जब्त की है, जिसका इस्तेमाल वे खेप लाने-




ले जाने के लिए करते थे।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान स्थित तस्करों और सीमा पार से सप्लाई करने वाले एक विदेशी हैंडलर के संपर्क में थे। उन्होंने ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सी.आई. अमृतसर की पुलिस टीमों को पुख्ता सूचना मिली थी कि एक विदेशी व्यक्ति पाकिस्तान स्थित तस्करों के संपर्क में है और वह अपने पंजाब आधारित सहयोगियों–मनिंदर सिंह और गुरजंट सिंह–की मदद से राज्य में नशा तस्करी का नेटवर्क चला रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि जानकारी के अनुसार दोनों आरोपियों को अपने हैंडलर से नशीले पदार्थों की खेप मिली थी, जिसे वे किसी अन्य पार्टी तक पहुंचाने के लिए अपनी आई-20 कार में जिला अमृतसर के अजनाला क्षेत्र के गांव धारीवाल जा रहे थे। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने इलाके में नाके लगाए और दोनों संदिग्धों को रोककर उनके कब्जे से 5 किलो हेरोइन बरामद की। मामले में आगे की जांच जारी है। इस संबंध में एफआईआर नंबर 18 दिनांक 21-03-2026 को पुलिस स्टेशन स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल, अमृतसर में एनडीपीएस एक्ट की धाराएं 21, 25 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## तीन बच्चों को पूछताछ के लिए ले गई पुलिस

**भेदी नज़र, खन्ना।** खन्ना के सिंह एवेन्यू में गुटका साहिब की बेअदबी का मामला सामने आने से इलाके में तनाव का माहौल बन गया। यह घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई, जिसमें तीन बच्चों द्वारा बेअदबी करते हुए देखा गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और रोष व्यक्त किया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीनों बच्चों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। मौके पर पहुंचे डीएसपी तरलोचन सिंह ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। स्थानीय नेताओं ने घटना को माहौल खराब करने की साजिश बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने इलाके में बिना वेरिफिकेशन रह रहे लोगों की जांच के भी निर्देश दिए।

## बिगड़ा हींग का जायका, आपूर्ति बाधित होने से अमृतसर की पापड़-वड़ी इंडस्ट्री पर असर



**भेदी नज़र, चंडीगढ़।** पश्चिम एशिया और मध्य एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव का असर अब आम आदमी की रसोई तक पहुंचने लगा है। ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के साथ-साथ अफगानिस्तान-पाकिस्तान के हालात ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर असर डाला है। कारोबारी संजय केजरीवाल और ट्रेडर विपुल नेवटिया के अनुसार, हींग की कीमतों में हाल के दिनों में 5 से 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उनका कहना है कि हींग मुख्य रूप से ईरान के फेरूला पौधों की जड़ों से प्राप्त गोंद है, जो भारतीय व्यंजनों, विशेषकर पंजाबी और मारवाड़ी पकवानों में स्वाद और सुगंध के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। पापड़-वड़ी निमार्ता अवतार सिंह ने बताया कि उद्योग को पहले से ही इस तरह की स्थिति की आशंका थी। उन्होंने कहा कि अमृतसर के उत्पादों की देश-विदेश में भारी मांग है, लेकिन कच्चे माल की बढ़ती लागत से मुनाफे पर असर पड़ रहा है। शहर में दर्जनों छोटे और मध्यम स्तर के निमार्ता हींग की नियमित आपूर्ति पर निर्भर हैं। इस बीच व्यापारियों ने बाजार में मिलावटी हींग के बढ़ते खतरे को लेकर भी आगाह किया है। विपुल नेवटिया के अनुसार, असली ईरानी हींग की कीमत करीब 30,000 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है, जबकि नकली हींग, जिसे अक्सर मैदा और कृत्रिम सुगंध मिलाकर तैयार किया जाता है, कुछ सौ रुपये प्रति किलो में बेची जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अंतरराष्ट्रीय हालात जल्द नहीं सुधरे, तो हींग की कीमतों में और बढ़ोतरी संभव है, जिसका सीधा असर आम उपभोक्ता और खाद्य उद्योग दोनों पर पड़ेगा।

## बाघापुराना एसडीएम ने डीसी मोगा पर लगाए उत्पीड़न व मानसिक प्रताड़ना के आरोप

**भेदी नज़र, मोगा।** एसडीएम ने पंचायत समिति चुनाव के दौरान दबाव बनाने, लगातार उत्पीड़न, देर रात फोन कॉल और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। यह पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पत्र लिखने के बाद एसडीएम छुट्टी पर चले गए हैं और उनके फोन बंद हैं। एसडीएम बाबनदीप सिंह वालिया ने चीफ सेक्रेटरी को लिखे पत्र में बताया कि 17 मार्च को कानून-व्यवस्था बिगड़ने के कारण चुनाव प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी थी। उन्होंने समय रहते इसकी सूचना डीसी मोगा को दे दी थी। इसके बाद से उनके साथ लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। पत्र में एसडीएम ने आरोप लगाया है कि उन्हें बार-बार बैठकों के लिए बुलाया गया, देर रात तक फोन कॉल किए गए और छुट्टी के दौरान भी उनसे संपर्क किया गया। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें मानसिक तनाव का सामना करना पड़ा और कई बार उन्हें अपना फोन बंद करना पड़ा। एसडीएम का दावा है कि उन पर किसी खास उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव परिणाम घोषित करने का दबाव बनाया जा रहा था। उन्हें धमकी भरे संदेश भी मिले हैं, जिनमें उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरा बताया गया है। उन्होंने आशंका जताई कि कुछ अधिकारियों के साथ मिलकर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई या एफआईआर दर्ज करवाने की साजिश रची जा रही है। एसडीएम वालिया ने चीफ सेक्रेटरी से निष्पक्ष जांच कराने, अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने और उत्पीड़न रोकने की मांग की है। साथ ही उन्होंने एक महीने की छुट्टी और मोगा जिले से तबादले की भी मांग की है। जानकारी के अनुसार, एसडीएम बाबनदीप सिंह वालिया पत्र लिखने के बाद से छुट्टी पर हैं और उनके फोन भी बंद आ रहे हैं। पत्र के संबंध में उनसे संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन बंद मिला। न ही किसी अधिकारी ने इस मामले में कोई जानकारी दी है।

## कार पलटने से दो युवकों की मौत पराठे खाने आए थे सात दोस्त

**भेदी नज़र, जालंधर।** सोनीपत के नेशनल हाईवे-44 गांव राई के पास राजीव गांधी एजुकेशन सिटी के सामने सोमवार तड़के सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई, जबकि उनके पांच दोस्त घायल हो गए। सातों दोस्त दिल्ली से मुरथल के मशहूर ढाबे पर पराठे खाने आए थे। वापस लौटते समय उनकी तेज रफ्तार कार हादसे का शिकार हो गई। कार के कई पलटे खाने से वह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दिल्ली के चांद बाग निवासी बिलाल (25), नंद नगरी निवासी विशाल (24), मुस्तफाबाद निवासी उबेद, बृजपुरी निवासी राहुल व दानिश, लोनी निवासी फहाद व यूपी के फिरोजाबाद हाल दिल्ली निवासी शोएब आपस में दोस्त हैं। सातों दोस्तों का आधी रात को मुरथल के पराठे खाने का कार्यक्रम बन गया। सभी अपने साथी बिलाल की होंडा अमेज कार में सवार होकर दिल्ली से सोनीपत के मुरथल स्थित ढाबे पर पहुंच गए। खाना खाने के बाद वह तड़के चार बजे वापस दिल्ली के लिए निकले। जब वह गांव राई के सामने एजुकेशन सिटी के पास पहुंचे तो अचानक उनकी कार अनियंत्रित हो गई। कार तेज रफ्तार में होने के चलते डिवाइडर से टकराकर लोहे की ग्रिल को तोड़ते हुए पलटे खाकर संपर्क मार्ग के साथ एजुकेशन सिटी की दीवार से टकराकर रुकी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों ने मामले की सूचना राई थाना पुलिस को दी। राई थाना प्रभारी धीरज व पीएसआई नरेंद्र अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकाला। हादसे में कार चालक बिलाल व उनके साथी विशाल की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। वहीं उबेद, राहुल, दानिश, फहाद व शोएब बुरी तरह घायल थे। सभी को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। मौके पर पहुंचे परिजन सभी को दिल्ली के अस्पताल में ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## स्माइल ट्रेन से आ रही कटे होंठ वाले बच्चों के चेहरों पर खुशी

**भेदी नज़र, अमृतसर।** बचपन में होंठ या तालू कटे होने का इलाज महंगा होने के कारण कई माता-पिता अपने बच्चों का इलाज नहीं करवा पाते। बच्चा बड़ा होकर समाज में मजाक का पात्र न बने, इसलिए अपनी पहचान छिपाने लगता है। लेकिन अमनदीप अस्पताल ने वैश्विक क्लेफ्ट चैरिटी स्माइल ट्रेन के साथ मिलकर 2004 से अब तक 8,500 बच्चों के कटे होंठ की मुफ्त सर्जरी कर उनके चेहरे पर नई मुस्कान लाने में अपना योगदान दिया है। अमनदीप नर्सिंग कॉलेज जेठूवाल में रविवार को अमनदीप अस्पताल ने उजाला सिग्नस और स्माइल ट्रेन के सहयोग से 21 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस आयोजन में पंजाब के विभिन्न जिलों समेत जम्मू-कश्मीर से करीब 40 ऐसे मरीजों को बुलाया गया, जिनका सफल ऑपरेशन हुआ था। बच्चों ने पंजाबी सभ्याचार को दशार्ता गिद्दा पेश किया। इस अवसर पर एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (इंडिया) के महानिदेशक डॉ. गिरधर ज्ञानी मुख्य अतिथि रहे। स्माइल ट्रेन की दक्षिण एशिया की क्षेत्रीय निदेशक रेणु मेहता और कार्यक्रम प्रबंधक रितु शर्मा भी मौजूद रहीं। अस्पताल के निर्देशक डॉ. रवि महाजन ने इस मौके पर कहा, स्माइल ट्रेन के साथ साझेदारी ने हजारों रोगियों को व्यापक कटे होंठ की देखभाल उपलब्ध कराने में सक्षम बनाया है। अमनदीप अस्पताल की निर्देशक डॉ. अमनदीप कौर और ऑथोपेडिक्स विभाग के अध्यक्ष डॉ. अवतार सिंह ने बताया कि स्माइल ट्रेन परियोजना एक वैश्विक क्लेफ्ट चैरिटी है, जो भारत में रोगियों को क्लेफ्ट लिप और पैलेट रिपेयर सर्जरी के साथ ऑर्थोडॉन्टिक उपचार, स्पीच थेरेपी और पोषण सेवाएं उपलब्ध कराती है। डॉ. रवि महाजन के अनुसार, लिप क्लेफ्ट (कटा होंठ) और पैलेट (कटा तालू) गर्भावस्था के पांचवें-छठे सप्ताह में बच्चे के ऊपरी होंठ के दोनों हिस्सों के सही से जुड़ न पाने के कारण होता है। इसकी सर्जरी आमतौर पर 3-6 माह की उम्र में की जाती है। अमनदीप अस्पताल दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के आने-जाने का खर्च और मुफ्त भोजन का प्रबंध भी करता है।

## नकली नाका लगा कर रहा था उगाही, लोगों ने सिखाया सबक

भेदी नज़र, जालंधर

जालंधर के नकोदर रोड पर पंजाब आर्म्ड पुलिस (पीएपी) का एक कर्मचारी कथित तौर पर फर्जी नाका लगाकर राहगीरों से अवैध वसूली करता पकड़ा गया। स्थानीय लोगों और एक निहंग सिंह की मुस्तैदी से पूरे खेल का भंडाफोड़ हुआ। गुस्साई भीड़ ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी, जिसके बाद थाना लांबड़ा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे हिरासत में लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी सिविल वर्दी में अपने एक साथी के साथ सड़क पर नाका लगाकर वाहनों को रोक रहा था। दस्तावेज जांच के नाम पर लोगों से पैसे मांगे जा रहे थे। एक व्यक्ति से 700 रुपये की मांग से विवाद खड़ा हो गया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक निहंग सिंह को भी रुकने का इशारा किया गया। निहंग सिंह ने बताया कि उनके पास सभी वैध दस्तावेज मौजूद थे, इसके बावजूद आरोपी



उनसे उलझने लगा। शक होने पर उन्होंने सख्ती से पूछताछ की और पुलिस बुलाने की बात कही।

इतना सुनते ही आरोपी घबरा गया और उसके जवाबों में विरोधाभास सामने आने लगा। स्थिति बिगड़ती देख उसका साथी कार में बैठकर मौके से फरार हो गया। हंगामा बढ़ने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और आरोपी को पकड़ लिया। आक्रोशित भीड़ ने उसकी पिटाई कर दी। आरोपी काफी देर तक अपना चेहरा छिपाता रहा, लेकिन लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह आरोपी को भीड़ से छुड़ाकर थाने पहुंचाया।

## गैंगस्टरां ते वार का 62 वां दिन: पंजाब पुलिस द्वारा 447 स्थानों पर छापेमारी, 186 गिरफ्तार

### पुलिस टीमों ने 52 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की, 74 को पूछताछ के बाद किया रिहा

भेदी नज़र, चंडीगढ़

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत शुरू किए गए निर्णायक 'गैंगस्टरां ते वार' अभियान के 62वें दिन पंजाब पुलिस ने आज प्रदेश भर में गैंगस्टरों के साथियों के पहचाने गए और मैप किए गए 447 स्थानों पर छापेमारी की।

उल्लेखनीय है कि गैंगस्टरां ते वार पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए निर्णायक जंग है, जो 20 जनवरी, 2026 को पुलिस निदेशक महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने शुरू की थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्य भर में विशेष कार्रवाइयां कर रही हैं। 62वें दिन, पुलिस टीमों ने 186 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिससे अभियान की शुरूआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 16,497 हो गई है।

इसके अलावा 52 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई है, जबकि 74 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस टीमों ने कार्रवाई के दौरान 3 भगोड़े



अपराधियों(पीओ) को भी गिरफ्तार किया है।

लोग एंटी गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में जानकारी दे सकते हैं और अपराध तथा आपराधिक गतिविधियों के बारे में सूचना/जानकारी भी साझा कर सकते हैं।

इस दौरान पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपना अभियान ?युद्ध नशेयां विरुद्ध? को 387वें दिन भी जारी रखते हुए आज 102 नशा तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 6.2 किलोग्राम हेरोइन, 10 किलोग्राम भुक्की, 2160 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 17,113 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। इसके साथ ही मात्र 387 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 55,152 हो गई है। नशा मुक्ति अभियान के हिस्से के रूप में, पंजाब पुलिस ने आज 23 व्यक्तियों को नशा मुक्ति एवं पुनर्वास उपचार करवाने के लिए राजी किया है।

## एक साल पहले शादी, तंग होकर जसवीर कौर ने दे दी जान

भेदी नज़र, पंजाब

सुनाम के निकटवर्ती गांव खड़ियाल में घरेलू कलह के चलते एक नवविवाहिता ने जहरीला पदार्थ निगलकर आत्महत्या कर ली है। मृतका की पहचान 29 वर्षीय जसवीर कौर के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतका के पति और सास के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस चौकी महिलां चौक के इंचार्ज सब-इंस्पेक्टर बलकार सिंह ने स्थानीय सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान बताया कि ईलवाल गांव की रहने वाली जसवीर कौर का विवाह करीब एक साल पहले खड़ियाल निवासी यादप्रीत सिंह के साथ हुआ था। परिजनों का आरोप है



कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष उसे किसी न किसी बात को लेकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता रहता था। जानकारी के अनुसार, ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग आकर जसवीर कौर ने कोई जहरीली वस्तु निगल ली। तबीयत बिगड़ने पर उसे तुरंत सुनाम के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। हालत में सुधार न होता देख उसे सिविल अस्पताल स्थानांतरित किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

दुखद पहलू यह है कि महज एक साल के भीतर ही खुशियां मातम में बदल गईं। सब-इंस्पेक्टर बलकार सिंह ने बताया कि पुलिस ने मृतका के परिजनों के बयानों के आधार पर पति यादप्रीत सिंह और सास लखविंदर कौर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

## चार साल पहले विदेश गया था अनमोल

**भेदी नज़र, फिरोजपुर।** फिरोजपुर के विधानसभा हलका जीरा के गादड़ी वाला रोड के नजदीक रहने वाले धर्मवीर वर्मा के बेटे अनमोल वर्मा (22) की कनाडा के सरी में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। उसे साइलेंट हार्ट अटैक आया। पीड़ित पिता धर्मवीर ने बताया कि चार साल पहले उनका छोटा बेटा अनमोल स्टडी वीजा पर कनाडा गया था। बाद में वर्क परमिट पर कनाडा के सरी में काम करने लगा। जहां उसका बड़ा भाई और परिवार भी रहता था। दूसरे रिश्तेदार भी उसके साथ रहते थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार शाम को जब उनके अपने बेटे से बात हुई, तो उसके बाद उसने कहा कि मुझे सुबह काम पर जाना है और मैं सोने जा रहा हूं। धर्मवीर ने बताया कि कनाडा से उनके जीजा ने फोन कर बताया कि उनके बेटे की अटैक से मौत हो गई है।

## राजगुरु और सुखदेव को भारत रत्न दिए जाने की मांग की थी, पर भाजपा सरकार ने नहीं मानी: मुख्यमंत्री



**भेदी नज़र, हुसैनीवाला/फिरोजपुर।** फिरोजपुर के हुसैनीवाला में शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस के अवसर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शहीदों के सम्मान में उनके सपनों का रंगला पंजाब बनाने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए यहां ऐतिहासिक राष्ट्रीय शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहीदों के परिवारों को सम्मानित किया गया और 24.99 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले हुसैनीवाला विरासत परिसर का शिलान्यास किया गया। देश के महान क्रांतिकारियों की गौरवशाली विरासत को याद करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह अवसर केवल उन वीरों के बलिदान को याद करने का ही नहीं, बल्कि उनके आदर्शों और अन्याय के खिलाफ खड़े होने के दृढ़ संकल्प को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का भी है। उन्होंने शहीदों की महान सोच के अनुरूप पंजाब और देश की सेवा करने के अपने संकल्प को दोहराया और साथ ही इन महान स्वतंत्रता सेनानियों को अब तक भारत रत्न (सर्वोच्च सम्मान) न दिए जाने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि आजादी के शुरूआती वर्षों में यदि देश की बागडोर ऐसे साहसी युवाओं के हाथों में होती तो भारत की तस्वीर कुछ और ही होती।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, इस देश के लालची और स्वार्थी नेताओं ने जीवित रहते हुए अपने नाम पर स्टेडियम बनवा लिए, लेकिन शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु और शहीद सुखदेव जैसे सच्चे शहीदों को सम्मानित करने के लिए आज तक कोई आगे नहीं आया। मुख्यमंत्री ने कहा, इन महान क्रांतिकारियों ने कम उम्र में अपनी जान कुर्बान कर दी, लेकिन आजादी के बाद सत्ता के लालचियों ने कुर्सी पर कब्जा कर लिया और खून बहाकर हासिल की गई आजादी का श्रेय खुद ले लिया, जिसके लिए उन्होंने कभी संघर्ष भी नहीं किया। उन्होंने कहा, शहीद राजगुरु, शहीद सुखदेव और शहीद-ए-आजम भगत सिंह को याद करने के लिए केवल फूल ही रह गए, जबकि अन्य लोग आजादी की विरासत का झूठा दावा कर प्रमुख बन गए। मुख्यमंत्री ने कहा, उन महान योद्धाओं को चुप कराने के लिए ही उन्हें जल्द फांसी दी गई थी, क्योंकि लोग उनके निडर विचारों के पीछे इकट्ठा होने लगे थे। महंगी कीमत पर मिली आजादी का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, कोई कल्पना भी नहीं कर सकता कि हमारी आजादी कितनी महंगी थी–विभाजन के दौरान लगभग 10 लाख लोगों ने अपनी जान गंवाई और लाखों लोग विस्थापित हुए। उन्होंने आगे कहा, हमारे बुजुर्गों ने बहुत बलिदान दिए, लेकिन सत्ताधारी इस पीड़ा को समझने में असफल रहे हैं, क्योंकि उन्हें शहीदों की कुर्बानियों से बना तैयार देश विरासत में मिला। मुख्यमंत्री ने कहा, कुछ कृतघ्न नेता अब यह दावा कर रहे हैं कि भारत को वास्तविक आजादी केवल 2014 में मिली, जो हमारे शहीदों का घोर अपमान है। उन्होंने कहा, यह हैरान करने वाली बात है कि कुछ लोग शहीद भगत सिंह को केवल एक समाज सेवक के रूप में प्रस्तुत करते हैं, उन्हें शहीद नहीं मानते। ऐसे प्रमाण पत्र देने वाले ये लोग कौन हैं? लोगों से शहीदों से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, आज का दिन इन महान नायकों को याद करने, उनकी प्रेरणादायक कहानियों को पढ़ने और सुनने का है।

## पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर गिरफ्तार, मंडी गोबिंदगढ़ में किया आत्मसमर्पण

भेदी नज़र, अमृतसर

पंजाब वेयरहाउस कॉरपोरेशन के जिला मैनेजर गगनदीप सिंह रंधावा की आत्महत्या के मामले में पद छोड़ने वाले पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर को गिरफ्तार कर लिया गया है। सूत्रों के अनुसार, भुल्लर ने मंडी गोबिंदगढ़ में आत्मसमर्पण किया है। अब पुलिस भुल्लर को अमृतसर ले जा रही है।

भुल्लर ने फेसबुक पेज पर कहा कि अफवाहें फैल रही हैं कि मैं भाग गया हूं... यह सच नहीं है। मैं सच्चाई से कभी नहीं भागूंगा। मुझे देश के कानून पर पूरा भरोसा है, और न्याय व्यवस्था में भी मेरी अटूट आस्था है। मैं कहीं भागा नहीं हूं, मैं अपने पंजाब में ही हूं। सच्चाई और न्याय में विश्वास रखते हुए, मैं स्वयं मंडी गोबिंदगढ़ में आत्मसमर्पण कर रहा हूं। वहीं सीएम भगवंत मान ने कहा कि मेरे लिए, पूरा पंजाब एक परिवार



है। अगर पंजाब में कोई भी कानून तोड़ता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी–चाहे वह किसी भी पद पर हो, या मेरा रिश्तेदार हो, या कोई प्रभावशाली व्यक्ति हो। किसी को भी बचाना हमारी पार्टी का एजेंडा नहीं है। नकद लेन-देन और किसी को भी अनुचित लाभ पहुंचाने पर सख्त रोक है। पुलिस ने पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर, उनके पिता सुखदेव सिंह और पीए दिलबाग सिंह के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने, धमकी और साजिश की धाराओं में मामला दर्ज किया था। मृतक की पत्नी उपिंदर कौर आरोपियों की गिरफ्तारी तक पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार नहीं करने पर अड़ी हैं। परिवार ने 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है।

वहीं गगनदीप सिंह रंधावा आत्महत्या मामले में एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में रंधावा को जहरीला पदार्थ खाते हुए देखा जा सकता है। रंधावा की पत्नी उपिंदर कौर ने अपने और तीन बच्चों की सुरक्षा की भी मांग की है।

परिवार ने आरोप लगाया कि पूर्व मंत्री भुल्लर लगातार रंधावा पर टेंडर पास करने को लेकर दबाव बना रहे थे। 13 मार्च को उन्हें बुलाकर पीटा गया, धमकियां दी गईं और जबरन वीडियो बनवाया गया। इसी मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर रंधावा ने जहर निगलकर जान दे दी। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें खत्म करने और गैंगस्टरों से हमला कराने की धमकियां दी गई थीं। घटना से पहले रंधावा ने अपने कुछ परिचितों को एक वीडियो भेजा था, जिसमें उन्होंने दबाव और उत्पीड़न का जिक्र किया था। पुलिस ने इस वीडियो को अहम साक्ष्य मानते हुए जांच में शामिल कर लिया है।

# दिल्ली आर्थिक सर्वे 2026 पेश

## विकास दर 9.42% का अनुमान; प्रति व्यक्ति आय 5.31 लाख पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को विधानसभा में वर्ष 2025-26 का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। सर्वेक्षण में राजधानी की अर्थव्यवस्था को मजबूत बताते हुए 9.42 प्रतिशत विकास दर का अनुमान जताया गया है। साथ ही प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 5,31,610 रुपये होने की संभावना व्यक्त की गई है, जो राष्ट्रीय औसत से करीब ढाई गुना अधिक है।

**आर्थिक मजबूती और राजस्व अधिशेष**

आर्थिक समीक्षा के अनुसार, वर्ष 2025-26 में दिल्ली का सकल राज्य घरेलू उत्पाद लगभग 13,27,055 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। यह पिछले वर्ष के मुकाबले 9.42 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। इसके साथ ही 9,661.31 करोड़ रुपये के राजस्व अधिशेष का अनुमान लगाया गया है, जो जीएसडीपी का 0.73 प्रतिशत है। कर संग्रह में भी 15.54 प्रतिशत की वृद्धि संभावित है।

**सेवा क्षेत्र का वर्चस्व कायम**

दिल्ली की अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी सबसे अधिक 86.32 प्रतिशत बनी हुई है। सरकार का लक्ष्य राजधानी को विश्वस्तरीय, समावेशी और रहने योग्य शहर के रूप में विकसित करना है। यह सर्वेक्षण का 17वां संस्करण है, जो आर्थिक दिशा और प्राथमिकताओं को स्पष्ट करता है।

**बजट में बढ़ा आवंटन, योजनाओं पर जोर**

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है, जिसमें से 59,300 करोड़ रुपये विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं के लिए आवंटित किए गए हैं। यह पिछले वर्ष के मुकाबले 20,300 करोड़ रुपये अधिक है। बजट में परिवहन को 20 प्रतिशत,



सामाजिक सुरक्षा को 17 प्रतिशत, जल और स्वच्छता को 15 प्रतिशत, शिक्षा को 13 प्रतिशत और स्वास्थ्य को 12 प्रतिशत हिस्सा दिया गया है।

**परिवहन और ऊर्जा क्षेत्र में विस्तार**

राजधानी में सार्वजनिक परिवहन के साधनों को मजबूत किया जा रहा है। इलेक्ट्रिक बसों की संख्या 2150 से बढ़कर 4338 हो गई है। वहीं दिल्ली मेट्रो की औसत दैनिक सवारी लगभग 67 लाख तक पहुंच गई है। बिजली की अधिकतम मांग भी बढ़कर 8442 मेगावाट हो गई है, जबकि नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 509 मेगावाट दर्ज की गई है।

**पर्यावरण और जल प्रबंधन में सुधार**

दिल्ली में 'अच्छे वायु गुणवत्ता वाले दिनों' की संख्या 2018 के 159 दिनों से बढ़कर 2025 में 200 दिन हो गई है। जल आपूर्ति और स्वच्छता के क्षेत्र में 93.5 प्रतिशत घरों तक पाइपलाइन से पानी पहुंचाया जा रहा है। लगभग 1000 एमजीडी जल आपूर्ति, 15,700 किलोमीटर पाइपलाइन और 11,040 किलोमीटर सीवर नेटवर्क के जरिए बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया है।

**शिक्षा और स्वास्थ्य में प्रगति**

राजधानी में 1270 सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालय संचालित हैं, जहां 10वीं में 97.7 प्रतिशत और 12वीं में 98.3 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत 40 बहु-विशेषज्ञ अस्पताल, 370 आरोग्य केंद्र और 98 डिस्पेंसरी कार्यरत हैं। अस्पतालों में बेड की संख्या भी बढ़कर 15,659 हो गई है।

**सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से राहत**

सरकार की सामाजिक योजनाओं के तहत बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिल रहा है। वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांगजनों को मासिक आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। वर्ष 2025-26 में 4.40 लाख वरिष्ठ नागरिक, 4.09 लाख महिलाएं और 1.40 लाख दिव्यांगजन इन योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं।

## जहांगीरपुरी में सफाई व्यवस्था बदहाल, लोगों में नाराजगी

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

जहांगीरपुरी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से वार्ड संख्या 18 के आई और जे ब्लॉक में गंदगी का स्तर चिंताजनक बना हुआ है।

जहांगीरपुरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एम एल भास्कर ने बताया कि इलाके में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं और नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण जलभराव तथा कीचड़ की समस्या बनी रहती है। इसके चलते लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है और उन्हें नारकीय परिस्थितियों में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गलियों में जमा गंदा पानी बदबू फैलाने के साथ-साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ा रहा है। वहीं, आवागमन में भी लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

एम एल भास्कर ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद सफाई कर्मचारियों द्वारा नियमित सफाई नहीं की जा रही है।

## बजट सत्र बहिष्कार पर प्रवेश वर्मा का हमला, विपक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन विपक्ष द्वारा बहिष्कार किए जाने पर कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने विपक्ष के इस कदम को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए आरोप लगाया कि वह पीएसी और सीएजी की रिपोर्टों से बचने के लिए सदन से दूर भाग रहा है।

प्रेसवार्ता में प्रवेश वर्मा ने कहा कि बजट सत्र के दौरान सरकार पिछले एक वर्ष के कार्यों का लेखा-जोखा और आगामी योजनाओं की दिशा प्रस्तुत करती है, लेकिन विपक्ष इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से बच रहा है।



उनका कहना था कि रिपोर्टों में सामने आने वाली बातों से घबराकर विपक्ष ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष अपनी कथित गलतियों और अनियमितताओं का सामना करने से बच रहा है। प्रवेश वर्मा के अनुसार, विपक्ष ने सदन में अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय बाहर प्रदर्शन कर जनता के प्रति अपनी जवाबदेही से दूरी बनाई है।

मंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली में अभी कई विकास कार्य किए जाने बाकी हैं और सरकार हर विधानसभा क्षेत्र में योजनाओं के लिए धन आवंटित कर रही है। उन्होंने विपक्ष से अपील की कि वह सदन की कार्यवाही में भाग लेकर मुद्दों को लोकतांत्रिक तरीके से उठाए।

प्रवेश वर्मा ने पूर्व सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब विपक्ष सत्ता में था, तब भाजपा के सदस्यों को अक्सर सदन से बाहर कर दिया जाता था। उन्होंने कहा कि अब वही लोग नैतिकता की बात कर रहे हैं, जो उचित नहीं है। अंत में उन्होंने कहा कि जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों का कर्तव्य है कि वे सदन में उपस्थित रहकर जनहित के मुद्दों पर चर्चा करें और जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

## संवैधानिक संस्थाओं को हाइजैक करने जैसा

### विपक्ष द्वारा बजट सत्र के बहिष्कार पर बोले अध्यक्ष



**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विपक्षी दल आम आदमी पार्टी के विधायकों द्वारा बजट सत्र के बहिष्कार किए जाने की कड़ी आलोचना की है। अक्ष्यक्ष ने कहा- ह्लमैं विपक्ष के माननीय सदस्यों और विपक्ष के नेता द्वारा सदन के बाहर किए जा रहे प्रदर्शन की कड़ी निंदा करता हूँ।

अध्यक्ष ने संसदीय गरिमा का हवाला देते हुए कहा- ह्लसदन का बहिष्कार करना और कार्यवाही में भाग न लेना सदन की गरिमा और संसदीय मयार्दा के पूर्णतः खिलाफ है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सदन ही वह स्थान है जहाँ चर्चा और संवाद होना चाहिए, लेकिन विपक्ष द्वारा बजट सत्र से दूरी बनाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।ह्व उन्होंने आगे कहा- विशेषकर इस समय, जब दिल्ली का बजट पेश किया जा रहा है, विपक्ष की भागीदारी और उपस्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। चर्चा छोड़कर बाहर प्रदर्शन करना स्थापित संसदीय परंपराओं के विरुद्ध है। यह अत्यंत खेदजनक है कि पिछले सत्र में जब गुरुओं की बेअदबी का गंभीर मुद्दा उठा था, तब से नेता प्रतिपक्ष सदन में नहीं आई हैं और अब भी लगातार अनुपस्थित हैं।

इस प्रकार सदन की कार्यवाही में भाग न लेना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाधा डालना, संवैधानिक संस्थाओं को हाइजैक करने जैसा है। आज सदन के पटल पर कई महत्वपूर्ण रिपोर्टें पेश की गई हैं, जिन पर विपक्ष को अपना पक्ष रखना चाहिए और चर्चा में भाग लेना चाहिए। विशेषकर जब दिल्ली का बजट पेश हो रहा हो, तब विपक्ष की उपस्थिति अनिवार्य और अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। संसदीय परंपराओं के विरुद्ध जाकर सदन की गरिमा के साथ उद्दंडता करना और बार-बार चेयर (आसन) की अवमानना करना अत्यंत निंदनीय है।

## गैंगस्टर की पत्नी के मामले में फैसला लें जेल महानिदेशक

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** हाईकोर्ट ने सोमवार को तिहाड़ जेल महानिदेशक को हाशिम बाबा की पत्नी जोया खान के मामले में दो सप्ताह में फैसला करने का निर्देश दिया है। जोया ने जेल अधिकारियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। जोया अभी सेंट्रल जेल नंबर छह में बंद है। न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने जेल महानिदेशक को शिकायत पर फैसला करने व याचिकाकर्ता को बताने का निर्देश देते हुए याचिका का निपटारा कर दिया है। पीठ ने कहा कि अगर वह अपनी शिकायत के नतीजे से संतुष्ट नहीं हैं तो दोबारा कोर्ट जा सकती हैं। जोया की तरफ से वकील जोगिंदर तुली और जोशीनी तुली पेश हुए। उन्होंने बताया कि 10 मार्च को जोया के वकील ने ईमेल से जेल महानिदेशक व सेंट्रल जेल नंबर 6 के अधीक्षक को जेल अधिकारियों के गैर-कानूनी व्यवहार के बारे में एक शिकायत भेजी थी, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## 'खीर सेरेमनी' के साथ बजट सत्र की शुरूआत, मुख्यमंत्री ने 'विकसित और हरित दिल्ली' के संकल्प को दोहराया

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र सोमवार को 'खीर सेरेमनी' के साथ शुरू हुआ। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ह्यविकसित दिल्ली, हरित दिल्लीह्न के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यह बजट राजधानी के लगभग 3 करोड़ दिल्लीवासियों के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि 'खीर सेरेमनी' न केवल बजट प्रक्रिया की पारंपरिक शुरूआत है, बल्कि यह समृद्धि, शुभता और जनकल्याण के संकल्प का प्रतीक भी है, जो आगामी बजट में दिखाई देगा।

'खीर सेरेमनी' में मुख्यमंत्री के साथ किसान, स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षक, डॉक्टरों, किन्नर समाज के लोग, महिला ड्राइवर, मीडियाकर्मियों ने भाग लिया। किसानों ने मुख्यमंत्री को पारंपरिक रूप से पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा,



रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा सहित विधायक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का यह दूसरा बजट दिल्ली के विकास की गति को और तेज करने वाला होगा। यह बजट न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेगा, बल्कि दिल्लीवासियों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का माध्यम भी बनेगा। यह बजट एक ऐसे दिल्ली के निर्माण की दिशा में अग्रसर है, जहां नागरिक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, उत्कृष्ट शिक्षा, सुदृढ़ आधारभूत संरचना और स्वच्छ एवं हरित वातावरण में जीवन यापन कर सकें। इस बजट में छात्रों के लिए बेहतर सुविधाएं, स्वास्थ्य क्षेत्र में सुदृढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वच्छता, प्रदूषण नियंत्रण और हरित परिवेश को प्राथमिकता दी जा रही है।

रेखा गुप्ता ने कहा कि ह्यविकसित दिल्ली, हरित दिल्लीह्न केवल एक नारा नहीं, बल्कि सरकार का स्पष्ट विजन है, जिसके माध्यम से एक सकारात्मक, सुरक्षित और समृद्ध वातावरण तैयार किया जाएगा, जहां आमजन सुख और संतोष के साथ जीवन व्यतीत कर सकें।

## 'ढाई आखर' में सजेगा साहित्य, कला और विचारों का संगम

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** राजधानी के हिंदी भवन में 27 से 29 मार्च तक तीन दिवसीय साहित्य उत्सव 'ढाई आखर' का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन हिंदी भाषा, साहित्य, कला, संगीत और रंगमंच से जुड़े रचनाकारों को एक मंच पर लाएगा, जहां समकालीन मुद्दों पर संवाद और विचार-विमर्श होगा। इस कार्यक्रम के संयोजक कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज के हिंदी के प्राध्यापक रूपेश शुक्ला ने बताया कि इसका आयोजन हिंदी भवन व अन्य संस्थान मिलकर कर रहे हैं।

## सरकार 16 नए फुट ओवरब्रिज का निर्माण कराएगी

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** राजधानी में तेजी से बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या के बीच पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली सरकार वित्त वर्ष 2026-27 में 16 फुट ओवरब्रिज (एफओबी) का निर्माण करेगी। आर्थिक सर्वेक्षण में इस बात पर जोर दिया गया कि पैदल यात्रियों के वाहनों की चपेट में आने से रोकने के लिए एफओबी का निर्माण अत्यंत जरूरी है। यहां पर होगा निर्माणफुट ओवरब्रिज का निर्माण हौज खास, श्री अरबिंदो मार्ग, गुरुद्वारा मजनू का टीला, रोड नंबर 45, मोनेस्ट्री मार्केट बुद्ध विहार, रिंग रोड, मंदिर गेट-आरआरआरसी से ट्रेनिंग एरिया, रिंग रोड, मोनेस्ट्री मजनू का टीला (पेट्रोल पंप के पास), रोड नंबर 45, आईटी पार्क, ईस्टर्न अप्रोच रोड, समयपुर बादली, रोहतक रोड पर उद्योग नगर मियावाली के पास, नंद नगरी बस डिपो के पास, आनंद विहार आईएसबीटी के पास चौधरी चरण सिंह मार्ग पर, रिंग रोड पर हनुमान मंदिर (मरघटवाले बाबा मंदिर) के पास, वेलकम में मेट्रो व द्वारकाधीश मंदिर के पास, उत्तम नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन, पंखा रोड (मेट्रो पिलर 638), कीर्ति नगर में मोमेंट मॉल के सामने, कैप्टन गौर मार्ग पर ओखला सब्जी मंडी के पास, बिरला विद्या निकेतन क्रॉसिंग, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग (बीआरटी कॉरिडोर) पर किया जाएगा।

## सीखने में कमियों वाले साढ़े सात लाख छात्रों की पहचान की गई



**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

राजधानी में कक्षा एक से आठवीं तक के 7.5 लाख ऐसे छात्रों की पहचान की है, जिनके सीखने में कमियां हैं। सरकार की ओर से पेश आर्थिक सर्वेक्षण में इसव बारे में बताया गया है। सर्वे में बताया गया है कि सितंबर 2025 में किए गए बेसलाइन सर्वे में बुनियादी साक्षरता और अंक ज्ञान में कमियों की पहचान की गई, जो शैक्षणिक हस्तक्षेप का आधार बनीं।

सर्वेक्षण के अनुसार छात्रों को शुरूआती, उभरते, प्रगतिशील और कुशल चार वर्गों में वर्गीकृत किया गया है। इसमें मध्य-सत्र परीक्षाओं के बाद कक्षा दूसरी से आठवीं के लिए एससीईआरटी द्वारा विकसित रेडीनेस मॉड्यूल का उपयोग करते हुए हस्तक्षेपों को लागू किया जा रहा है।

सर्वेक्षण में बताया है कि 2333 विशेष दाखिला केंद्र स्थापित किए गए हैं। मौजूदा शैक्षणिक सत्र में 100 स्कूलों में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम लैंग्वेज लैब स्थापित की जा रही हैं। इसमें अंग्रेजी, हिंदी और संस्कृत के अलावा जर्मन, फ्रेंच और स्पेनिश भी सिखाई जाएगी। स्कूली शिक्षा से बाहर रहे 286 बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ा गया है।

## दिल्ली विधानसभा के बाहर आआपा विधायकों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायकों ने सोमवार को विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पार्टी के विधायकों के निलंबन के विरोध में किया गया।

आआपा विधायकों ने विधानसभा परिसर के बाहर एक प्रतीकात्मक मार्च निकाला और अपनी बात रखने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने बैरिकेडिंग की थी। इस पर आतिशी ने कहा कि जनता द्वारा चुने हुए विधायकों को विधानसभा तक जाने से रोका जा रहा है, सड़क पर बैरिकेड लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने आआपा के विधायकों के निलंबन को लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर हमला बताया।

आतिशी ने कहा कि विधानसभा







लोकतंत्र का मंदिर है, लेकिन विपक्ष की आवाज को कुचलने के लिए चुने हुए विधायकों को सस्पेंड कर दिया गया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार बिजली, पानी अस्पतालों की बदहाली और हालिया अग्निकांड पर बात करने से भाग रही है। उल्लेखनीय है कि जनवरी में शीतकालीन सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में आआपा के चार विधायकों को निलंबित कर दिया गया था। उनका निलंबन अभी भी जारी है क्योंकि सदन के पिछले सत्र का अभी सत्रावकाश नहीं किया गया है।

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं0: JHS-N-W-24-26 दिनांक: 20.03.2026

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| ई-निविदा सूचना संख्या | कार्य लागत लगभग | धरोहर राशि |
|---|---|---|
| JHS-N-W-24-26 | Rs. 7784355.18/- | Rs. 155700/- |

**कार्य का नाम:** प्रोविजन ऑफ S&T वर्क इन कनेक्श विथ VGLJ-DHO-TSR(P)-70.576 Tkm

**निविदा प्रपत्र का मूल्य:** Nil **निविदा खुलने की तिथि:** 13.04.2026, Time 15:00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि:** 12 माह

• निविदा दिनाँक **13.04.2026** को **15:00 बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY / JHANSI DIVISION-S AND T)** पर देखें। 643/26 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**उत्तर रेलवे**

**पहला शुद्धिपत्र**

टेंडर नं.: **48-R1-SRDEE-G-DLI-2025-26. कार्य का नाम:** ''दिल्ली डिवीजन में स्थापित ओमेगा ब्रांड की लिफ्टों के लिए तीन साल की व्यापक वार्षिक प्रबंधन योजना (एएमसी)।''

| टेंडर नं. 48-R1-SRDEE-G-DLI-2025-26 | पहले प्रकाशित | संशोधन |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | **48-R1-SRDEE-G-DLI-2025-26** दिल्ली डिवीजन में स्थापित ओमेगा ब्रांड की लिफ्टों के लिए तीन साल की व्यापक वार्षिक प्रबंधन योजना (एएमसी)। | **48-R1-SRDEE-G-DLI-2025-26** दिल्ली डिवीजन में स्थापित ओमेगा ब्रांड की लिफ्टों के लिए तीन साल की व्यापक वार्षिक प्रबंधन योजना (एएमसी)। |
| निविदा की अनुमानित लागत | ₹8679060/- | ₹8679060/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/ जी., स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/ जी., स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | ₹173600/- | ₹173600/- |
| निविदा निवेदन की अंतिम दिनांक व समय | 23.03.2026, 16.00 बजे | 30.03.2026, 16.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 23.03.2026, 16.00 बजे | 30.03.2026, 16.00 बजे |

उपर्युक्त निविदा के निविदा दस्तावेज को संशोधित किया गया है, कृपया **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध संशोधित दस्तावेजों को देखें और तदनुसार अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करें। 981/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर मध्य रेलवे**

Letter No:- DRM/C/AGRA/NFR/E-AUCTION Dated : 20.03.2026

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार हैः-

**श्रेणी : ADVT** | **केटलौग संख्या : ADVT-AGRA-RKM-OSN-38-26-1**

**एसेट्स डिटेल्स :** राजा की मंडी रेलवे स्टेशन जोन प्रथम के प्लेटफार्म और कॉनकोर्स क्षेत्र में ग्लो साइन/बोर्ड के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार के ठेके के सम्बन्ध में।

**ई नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय : दिनांक** 06.04.2026 **समय :** 11:00

**ई नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय : दिनांक** 06.04.2026 **समय :** 11:30

**श्रेणी : Misc-Static-Services** | **केटलौग संख्या : MSS-AGRA-MTJ-EVC-25-25-1**

**एसेट्स डिटेल्स :** मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन के ठेके के सम्बन्ध में।

**ई नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय : दिनांक** 06.04.2026 **समय :** 11:00

**ई नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय : दिनांक** 06.04.2026 **समय :** 11:30

**श्रेणी : Misc-Static-Services** | **केटलौग संख्या : MSS-AGRA-AGC-EVC-24-24-2**

**एसेट्स डिटेल्स :** आगरा कैंट रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन के ठेके के सम्बन्ध में।

**ई नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय : दिनांक** 06.04.2026 **समय :** 11:10

**ई नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय : दिनांक** 06.04.2026 **समय :** 11:40

**नोट : -** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल आनलाईन वेवसाइट **www.ireps.gov.in** के **E-Auction Module** के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उर्पयुक्त केटलोग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है।

640/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-टेन्डर नं. पी.आर.वाई.जे.-सिग-430-2025-26 दिनांक 18.03.2026

**ई-निविदा सूचना**

**वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता/समन्वय/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज** द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **10.04.2026** को **15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है।

**क्र.सं.1. निविदा संख्याः पी.आर.वाइ.जे.-सिग-430-2025-26**

**कार्य का विवरणः** प्रयागराज डिवीजन के Sr.DSTE/ALJN के सेक्शन में सीमेंस कंपनी के मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर के लिए 24 महीने का व्यापक वार्षिक रखरखाव का अनुबंध।

**अनुमानित मूल्यः** ₹ 5984222.40 (उनसठ लाख चौरासी हजार दो सौ बाईस और चालीस पैसे केवल), **निविदा प्रतिभूति/धरोहर राशिः** ₹ 119700.00, **कार्य समापन की अवधिः** 24 माह, **निविदा बंद होने/ खुलने की तिथिः** 10.04.2026

**2. निविदा प्रपत्रों की उपलब्धताः** निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध ही जायेंगे। **3. बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूपः** निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त राशि निविदा प्रपत्र के साथ जमा की जाएगी बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जायेगी। **4. निविदा खुलने का समय, तिथि एवं स्थानः** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को **15.30** बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहें तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। **5. निविदा की वैधताः** निविदा खुलने के 60 दिन तक। **6. निविदा सम्बंधित रेलवे के अधिकारः** रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **650/26 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर रेलवे**

**(ई–नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक /यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (**https://ireps.gov.in/**) पर **ई–बोली** निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है–

| क्र. सं. | ई–कैटलॉग संख्या | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|---|
| | Parking-09-2026 | 08.04.2026 को 11:00 बजे | हज़रत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर पार्किंग कम एक्सेस कंट्रोल राइट्स = कुल 01 साइट। |

**वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है** — **https://ireps.gov.in/**

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**
**1.** इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर ई पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर ई पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। **2.** एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान **3.** भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता **4.** आई आर ई पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण **5.** फण्ड का लियन मार्किंग **6.** टर्नओवर का अद्यतनीकरण (Updation) **7.** जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

**सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी** — वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055; **Email: pkg.delhidivision@gmail.com, Tel: 011-23743084**

**संख्या–23AC/393/E Auction/PKG/2026 दिनांक:- 23.03.2026** **980/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संपादकीय

## पत्रकारों के साथ अपराधियों जैसा सलूक

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार शाम समाचार एजेंसी यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया (यूएनआई) के 9 रफी मार्ग स्थित कार्यालय को कथित तौर पर भूमि आवंटन की शर्तों के उल्लंघन के आरोप में सील कर दिया। देश की सबसे पुरानी समाचार एजेंसी के साथ दिल्ली पुलिस ने जो सलूक किया, उस पर लोकतंत्र के पक्षधर नागरिक चिंता व्यक्त कर रहे हैं। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, एडिटर्स गिल्ड, वीमेंस प्रेस क्लब समेत कुछ पत्रकार संगठनों ने भी इसकी निंदा की है और अलग-अलग दलों के कुछ नेताओं ने पुलिस के रवैये पर सवाल उठाए हैं। लेकिन इस खबर पर जो व्यापक हलचल मचनी चाहिए थी, वो कहीं नजर नहीं आ रही। इससे समझ आता है कि अब हम शायद जागरुक समाज नहीं रहे, और काफी हद तक संवेदनहीन, आत्मकेन्द्रित हो चुके हैं। तभी तो बड़ी से बड़ी घटनाएं भी हमें विचलित नहीं करतीं। अल्पसंख्यकों, आदिवासियों, महिलाओं, बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की कई खबरें आती हैं और समाज उन्हें सरसरी निगाह से देखकर टाल देता है कि ये सब तो होता ही रहता है। अत्याचार तो पहले भी होते रहे हैं, तब पत्रकार इन्हें उजागर करना अपना दायित्व समझते थे।

क्योंकि जब तक समाज की बुराइयों को सामने नहीं लाया जाएगा, तब तक उनका खात्मा करने के तरीके भी नहीं तलाशे जा सकते। लेकिन अब मीडिया भी उन्हीं खबरों को तरजीह देता है, जो वायरल हों, जिनके कारण टीआरपी बढ़े या लाइक्स और कमेंट्स ज्यादा मिले। यही वजह है कि पहले कुंभ मेले में एक सुंदर युवती मोनालिसा चर्चा में आई, फिर उसके अभिनेत्री बनने की खबरें खूब चलीं और अब उसने विवाह कर लिया तो उस पर भी प्रेस कांफ्रेंस हो गई कि उसने जिस व्यक्ति से विवाह किया, उसका धर्म क्या है और यह सही है या नहीं। सोचिए मीडिया ने अपनी प्राथमिकताओं को किस गर्त में पहुंचा दिया है कि दो बालिग आपसी रजामंदी से विवाह करें तो वह उनकी हेडलाइन्स बन जाती है।

इस माहौल में यूएनआई का दफ्तर सील करना और वहां मौजूद पत्रकारों से बदसलूकी आम खबर की तरह आई और चली भी गई। गौरतलब है कि दिल्ली में संसद भवन के पास 9 रफी मार्ग पर लगभग 5,289.52 वर्ग मीटर जमीन दशकों पहले यूएनआई को सरकार ने लीज पर दी थी। इस जमीन की अनुमानित कीमत मौजूदा दर 7.74 लाख रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से करीब 409 करोड़ रुपये आंकी गई है। सरकार ने यह जमीन संयुक्त कार्यालय परिसर विकसित करने के यूएनआई को दी थी, लेकिन कम से कम 40 साल बीतने के बाद भी वहां कोई निर्माण नहीं हुआ। सरकार का कहना है कि यूएनआई कार्यालय का निर्माण नहीं कर सका, जो आवंटन पत्र में तय शर्तों का उल्लंघन है। जिसके बाद आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के तहत आने वाले लैंड एंड डेवलपमेंट ऑफिस ने 12 जनवरी 2023 को कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद 29 मार्च 2023 को आवंटन रद्द कर दिया था।

न्यूज एजेंसी ने इस रद्दीकरण को अदालत में चुनौती दी थी, लेकिन हाई कोर्ट ने वित्तीय कमी और लंबित मंजूरियों को देरी का कारण बताने वाले उसके तर्कों को खारिज कर दिया। अदालत ने माना कि चार दशकों से अधिक समय तक भवन का निर्माण न करना आवंटन की शर्तों का गंभीर उल्लंघन है। शुक्रवार को ही यह फैसला आया और इसी शाम को ही कुछ वकील और दिल्ली पुलिस भारी दलबल के साथ परिसर पहुंच गए।

अदालत का फैसला और उसके मुताबिक कानूनी कार्रवाई तो सही है, लेकिन यहां असली सवाल पुलिस के रवैये का है। जिस तरह एक मीडिया संस्थान से कर्मचारियों को निकाला गया, वैसा सलूक अपराधियों के साथ किया जाता है। सोशल मीडिया पर कई वीडियो आए हैं, जिनमें यूएनआई परिसर में बड़ी तादाद में पुलिसकर्मी दिखाई दे रहे हैं और पत्रकारों-कर्मचारियों से दफ्तर खाली करने को कह रहे हैं। नई दिल्ली के पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा कि दफ्तर खाली कराने में कानूनी प्रक्रिया का पालन किया गया और कुछ भी गलत नहीं हुआ, क्योंकि पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की गई थी। लेकिन यूएनआई ने अपनी पोस्ट में एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें उसके दफ्तर में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी नजर आ रहे हैं और कर्मचारी आरोप लगा रहे हैं कि उनके साथ धक्का-मुक्की हो रही है।

यूएनआई के कुछ कर्मियों ने बताया कि शाम को कुछ वकील और अधिकारी बड़ी संख्या में दिल्ली पुलिस और अन्य बलों के साथ यूएनआई के दफ्तर पहुंचे। शाम 6 से 6.30 बजे के बीच प्रशासनिक कार्यालय बंद हो चुका था, ये सभी लोग सीधे न्यूज रूम में घुस गए जहां उर्दू और हिंदी सर्विस है। रोजा इफ्तार का समय था तो उर्दू सर्विस के कुछ लोग बाहर गए थे। अधिकारियों ने आते ही कहा कि आप अपने कम्प्यूटर तुरंत बंद कीजिए क्योंकि आपका लीज कैंसिल हो गया है और आपको तुरंत बाहर निकलना चाहिए, पांच मिनट, दस मिनट, सात मिनट...इस तरह वो काउंट डाउन करने लगे। उन्होंने मोबाइल पर पढ़कर आदेश सुनाया कहा कि आपको यह कार्यालय तुरंत खाली करना पड़ेगा क्योंकि इसे सील करवाना है। कर्मियों का कहना है कि हमें जबरदस्ती धकेला गया, महिला कर्मचारियों को खींचा गया।

इस तरह से किसी समाचार संगठन को बंद करने की शायद यह पहली घटना है, लेकिन क्या आखिरी भी होगी, यह मीडिया संस्थानों और समूचे प्रेस जगत को सोचना होगा। कर्मचारियों को बाहर निकालने के बाद यूएनआई दफ्तर का गेट सील कर उसके बाहर एक नोटिस चिपकाया गया है। जिसमें लिखा है, 'लैंड एंड डेवलपमेंट ऑफिस की बिना इजाजत के इस परिसर में किसी भी व्यक्ति का किसी तरह का प्रवेश, कब्जा या इसका इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसके उल्लंघन पर कानून के तहत कार्रवाई होगी।'

इस प्रकरण पर यूएनआई के मौजूदा मालिक स्टेट्समैन ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'भारत में मीडिया की आजादी पर एक अभूतपूर्व अत्याचार और हमले के तौर पर देश की सबसे पुरानी समाचार एजेंसी यूएनआई के रफी मार्ग स्थित दफ्तर पर पुलिस बल ने सचमुच हमला बोल दिया।' स्टेट्समैन ने कहा कि 'कर्मचारियों को अपना सामान लेने या प्रबंधन से बात करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। स्टेट्समैन ने इस घटना को 'अभूतपूर्व अत्याचार और भारत में मीडिया स्वतंत्रता पर हमला' बताया और कहा कि रफी मार्ग कार्यालय पर पुलिस की कार्रवाई किसी जबरन आतंकवाद-रोधी ऑपरेशन जैसी लग रही थी।'

स्पष्ट है कि दिल्ली पुलिस का व्यवहार बुलडोजर न्याय सरीखा ही था, बस पुलिस बुलडोजर लेकर नहीं पहुंची, इतनी ही गनीमत है।

## तेज होती हथियारों की होड़ और अस्थिर होती विश्व व्यवस्था



ललित गर्ग

तेज होती हथियारों की होड़ और अस्थिर होती विश्व व्यवस्था आज मानव सभ्यता के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बनकर खड़ी है। दुनिया एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है जहां युद्ध केवल सीमाओं पर लड़े जाने वाले संघर्ष नहीं रह गए हैं, बल्कि उनका प्रभाव पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा व्यवस्था, पर्यावरण, सृष्टि-संतुलन, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता तक पहुंच रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव, ईरान और इजरायल के बीच हमलों का नया दौर, अमेरिका की रणनीतिक भूमिका, रूस-यूक्रेन युद्ध और चीन-ताइवान तनाव जैसे अनेक घटनाक्रम मिलकर यह संकेत दे रहे हैं कि दुनिया एक बार फिर हथियारों की दौड़ और शक्ति संतुलन की राजनीति की ओर लौट रही है। यह स्थिति केवल राजनीतिक या सामरिक नहीं, बल्कि मानवीय संकट का संकेत भी है, क्योंकि जब दुनिया हथियारों पर ज्यादा खर्च करती है तो विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे क्षेत्र पीछे छूट जाते हैं।

आज हर देश अपनी सुरक्षा के नाम पर हथियार खरीद रहा है, सेना को मजबूत कर रहा है और सैन्य बजट बढ़ा रहा है। यह एक ऐसी दौड़ बन गई है जिसमें कोई भी देश पीछे नहीं रहना चाहता। लेकिन विडंबना यह है कि जितने अधिक हथियार बढ़ रहे हैं, दुनिया उतनी ही असुरक्षित होती जा रही है। सुरक्षा की यह मानसिकता वास्तव में असुरक्षा का ही परिणाम है। एक देश हथियार बढ़ाता है तो दूसरा देश भी हथियार बढ़ाता है और इस तरह एक अविश्वास का वातावरण बन जाता है। यह अविश्वास ही युद्ध की जमीन तैयार करता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में दुनिया का सैन्य खर्च कई गुना बढ़ जाएगा और यह पैसा मानव विकास के बजाय विनाश की तैयारी में खर्च होगा। यह स्थिति मानव सभ्यता के लिए शुभ संकेत नहीं है। पश्चिम एशिया का संकट इस समय दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बनता दिखाई दे रहा है। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते हमले, समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर तनाव और बड़े देशों की प्रत्यक्ष या परोक्ष भागीदारी ने इस क्षेत्र को युद्ध के कगार पर खड़ा कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा समुद्री मार्ग खोलने की चेतावनी को खारिज करते हुए ईरान ने इजरायल पर हमलों का नया दौर शुरू किया है, जिससे यह संकट और अधिक गंभीर हो गया है। यदि यह संघर्ष लंबा चलता है तो इसका प्रभाव केवल इस क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ेगा, क्योंकि यह क्षेत्र दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र है।

दुनिया की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा तेल और गैस पर निर्भर है और पश्चिम एशिया तेल उत्पादन का सबसे बड़ा क्षेत्र है। यदि वहां युद्ध बढ़ता है या समुद्री मार्ग बाधित होते हैं तो तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। तेल महंगा होगा तो पेट्रोल-डीजल महंगा होगा, परिवहन महंगा होगा, उत्पादन लागत बढ़ेगी और अंततः हर वस्तु महंगी हो जाएगी। यानी एक वैश्विक महंगाई का दौर शुरू हो सकता है। महंगाई बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। इसके साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी की ओर भी जा सकती है। पहले से ही कई देश आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और यदि ऊर्जा संकट बढ़ता है तो स्थिति और गंभीर हो जाएगी। भारत जैसे देश भी इस स्थिति से अछूते नहीं रह सकते, क्योंकि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। इसी खतरे को देखते हुए भारत सरकार ने ऊर्जा आपूर्ति, पेट्रोल-डीजल, गैस और उर्वरकों की उपलब्धता बनाए रखने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्रियों के साथ आपात बैठक कर ऊर्जा आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने और संभावित संकट से निपटने की रणनीति पर चर्चा की। केवल केंद्र सरकार की तैयारी पर्याप्त नहीं होगी, राज्य सरकारों को भी इस स्थिति को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण, आपूर्ति प्रबंधन और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाने होंगे।

इस पूरे परिदृश्य में सबसे बड़ी चिंता यह है कि दुनिया युद्ध को रोकने के बजाय उसकी तैयारी ज्यादा कर रही है। युद्ध शुरू करना आसान होता है, लेकिन उसे रोकना बहुत कठिन होता है। इतिहास गवाह है कि कई युद्ध ऐसे हुए जो कुछ दिनों के लिए शुरू हुए लेकिन वर्षों तक चलते रहे और उन्होंने पूरी दुनिया को प्रभावित किया। आज भी यदि पश्चिम एशिया का युद्ध फैलता है तो यह केवल दो या तीन देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बड़े देशों की भागीदारी से यह वैश्विक संघर्ष का रूप ले सकता है। इसलिए यह जरूरी हो गया है कि विश्व के बड़े देश आगे बढ़कर युद्ध विराम की पहल करें और वार्ता का रास्ता निकालें। अमेरिका की भूमिका इस पूरे संकट में बहुत महत्वपूर्ण है।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

## महिला सुरक्षा संस्थाओं का पतन



डॉ. सत्यवान सौरभ

महाराष्ट्र महिला आयोग की तत्कालीन अध्यक्ष रूपाली चाकणकर द्वारा एक बलात्कार आरोपी ज्योतिषी अशोक खरात उर्फ कैप्टन के पैर धोने का दृश्य सोशल मीडिया पर फैलते ही पूरे देश में हंगामा मच गया। यह घटना केवल एक व्यक्तिगत चूक नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण के नाम पर बने संस्थानों की आंतरिक कमजोरी का प्रतीक है। एक ऐसे व्यक्ति के चरणों में नतमस्तक होना, जिस पर 58 महिलाओं के यौन शोषण, गुप्त कैमरे लगाने और नशीले पदार्थों के माध्यम से अंधविश्वास का लाभ उठाने के आरोप हैं, नारीवाद के सिद्धांतों पर गहरा आघात है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देश पर चाकणकर ने 20 मार्च 2026 को इस्तीफा दे दिया, लेकिन प्रश्न बना हुआ है–क्या यह राजनीतिक नियुक्ति प्रणाली का परिणाम है?

भारतीय संदर्भ में महिला आयोग राज्य स्तरीय संस्थाएँ हैं, जो संविधान के अनुच्छेद 15 और 39 के अंतर्गत महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए स्थापित की गई हैं। लेकिन जब इन संस्थाओं का प्रमुख स्वयं एक आरोपी के प्रति श्रद्धा दिखाए, तो पीड़ित महिलाओं का विश्वास कैसे बनेगा? नासिक पुलिस ने खरात के फार्महाउस से 58 आपत्तिजनक वीडियो बरामद किए, जो यह सिद्ध करते हैं कि अंधविश्वास कितना खतरनाक हो सकता है। यह घटना हमें सामाजिक, राजनीतिक और कानूनी स्तर पर गंभीर चिंतन के लिए बाध्य करती है।

अशोक खरात कोई साधारण ज्योतिषी नहीं था। वह 'कैप्टन' के नाम से जाना जाता था, जो नेताओं से लेकर आम महिलाओं तक को अपनी कथित पूजा-पाठ और हस्तरेखा देखने के बहाने फंसाता था। पुलिस जांच में सामने आया कि उसने फार्महाउस पर गुप्त कैमरे लगाए थे, महिलाओं को नशीला पदार्थ पिलाया और उनका शोषण किया। पेन ड्राइव में 58 वीडियो मिले, जो उसके अपराधों के ठोस प्रमाण हैं। नासिक के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि खरात की संपत्ति लगभग 200 करोड़ रुपये की है, जो शोषण के माध्यम से अर्जित की गई है।

भारत में अंधविश्वास का यह बाजार नया नहीं है। तंत्र-मंत्र, ज्योतिष और तथाकथित बाबाओं का प्रभाव ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों तक फैला हुआ है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में अंधविश्वास से जुड़े अपराधों में 15 प्रतिशत वृद्धि हुई है। खरात ने कई



नेताओं के हाथ देखे, जिनमें रूपाली चाकणकर भी शामिल थीं। एक वीडियो में वे यह कहते हुए दिखाई देती हैं कि 'आप जैसे महापुरुष दुर्लभ हैं।' यह श्रद्धा किस प्रकार अपराधी को संरक्षण देती है, यह गंभीर विचार का विषय है। राजनीतिक प्रभाव के कारण आरोपी को छूट मिली, जो व्यवस्था की खामियों को उजागर करता है।

रूपाली चाकणकर भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता हैं, जिन्हें महिला आयोग का अध्यक्ष बनाया गया था। वीडियो सामने आने के बाद विपक्ष ने उनके इस्तीफे की मांग की। उन्होंने 'व्यक्तिगत कारणों' से इस्तीफा दे दिया, परंतु विशेष जांच दल की जांच जारी है। क्या वे आरोपी की सहयोगी थीं? विपक्ष ने उन्हें सह-आरोपी बनाने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने तत्काल इस्तीफे का निर्देश दिया, जो सराहनीय कदम है। यह घटना राजनीतिक नियुक्ति प्रणाली की समस्या को उजागर करती है, जहाँ योग्यता की बजाय वफादारी को प्राथमिकता दी जाती है। महिला आयोग का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना है, लेकिन वास्तविकता अलग है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 30 प्रतिशत महिलाएँ घरेलू हिंसा का सामना करती हैं, लेकिन आयोगों तक पहुँचने वाली शिकायतें 5 प्रतिशत से भी कम हैं। इसका कारण जागरूकता की कमी, भय और राजनीतिक दबाव है। हरियाणा जैसे राज्यों में भी यही स्थिति है, जहाँ अंधविश्वास और बाबाओं का प्रभाव अधिक है और राजनीतिक नेता इन्हें वोट बैंक के लिए बढ़ावा देते हैं।

अंधविश्वास महिला शोषण का एक प्रमुख माध्यम बन चुका है। कई तथाकथित बाबा 'काला जादू हटाने' के नाम पर महिलाओं का शोषण करते हैं। शिक्षा के बावजूद अंधविश्वास का बढ़ना चिंताजनक है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लगभग 40 प्रतिशत लोग अंधविश्वास पर विश्वास करते हैं। महिला सशक्तिकरण के दावों के बीच यह एक विडंबना है।

कानून के अनुसार, भारतीय दंड संहिता की धारा 376, पोक्सो कानून और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम ऐसे अपराधों को नियंत्रित करते हैं। फिर भी सजा की दर 30 प्रतिशत से कम है। त्वरित सुनवाई की कमी के कारण अपराधी खुले घूमते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने हुसैनाारा खातून मामले में त्वरित सुनवाई को संविधान के अनुच्छेद 21 का हिस्सा माना था।

महाराष्ट्र में विशेष जांच दल का गठन एक सकारात्मक कदम है, लेकिन पारदर्शिता आवश्यक है। सुझाव के रूप में महिला आयोगों को स्वायत्त बनाया जाना चाहिए, राजनीतिक नियुक्तियों को रोका जाना चाहिए, अंधविश्वास विरोधी कानून को मजबूत किया जाना चाहिए (जैसे झारखंड मॉडल), और डिजिटल माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। साथ ही, पुलिस प्रशिक्षण में लैंगिक संवेदनशीलता को शामिल किया जाना चाहिए।

वैश्विक स्तर पर विश्व आर्थिक मंच की जेंडर गैप रिपोर्ट में भारत का स्थान 127वाँ है। ऐसी घटनाएँ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नकारात्मक छवि प्रस्तुत करती हैं। अन्य देशों में 'मी टू' आंदोलन इसलिए सफल हुआ क्योंकि वहाँ की संस्थाएँ अधिक मजबूत थीं। भारत को भी इससे सीख लेनी चाहिए।

रूपाली चाकणकर प्रकरण एक आईना है, जो दिखाता है कि जब तक संस्थाएँ राजनीति की भेंट चढ़ती रहेंगी, तब तक महिला सुरक्षा केवल एक दावा बनी रहेगी। अंधविश्वास का अंत शिक्षा से और राजनीतिक दुरुपयोग का अंत सुधार से ही संभव है। समाज, सरकार और नागरिकों को मिलकर काम करना होगा, अन्यथा पीड़ितों की संख्या बढ़ती ही जाएगी।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

## हुमायु कबीर - ओवेसी के गठबंधन से क्या टीएमसी कमजोर साबित होगी



सौरभ वार्ष्णेय

पश्चिम बंगाल की राजनीति में नए समीकरण बनने की आहट अक्सर सियासी बहस को तेज कर देती है। हाल के दिनों में हुमायु कबीर और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के संभावित गठबंधन की चर्चा इसी संदर्भ में देखी जा रही है। सवाल यह है कि क्या इससे तृणमूल कांग्रेस कमजोर होगी? जबकि ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) की पकड़ बहुत मजबूत है। गांव-गांव ममता की की छवि प्रभावशील नेता के रूप में विख्यात है। ममता दीदी के नाम से सब जगह उन्हें प्यार दुलार के रूप में देखा जाता है। ममता को कम आंकना बेइमानी होगी। वहीं भाजपा को अन्य राज्यों में हुए चुनाव में समीकरण देखने से पता चता है कि आवेसी की पार्टी ने कुछ हद तक प्रभाव डाला है। अब ऐसे में ममता की तीसरी पारी कैसी होगी यह समय के गर्त में है।

पश्चिम बंगाल का चुनाव ऐसे समय हो रहा है जहां विश्व में कई देश में युद्व की आग में झुके हुए हैं। जिससे पूरे विश्व में चीजें अवरुद्व हो रही है। ऐसे ही युद्व चलता रहा तो निश्चित ही महंगाई भी चरम सीमा पर होगी। अगर देखा जाये तो वोट बैंक की राजनीति और प्रभावित होगी। पश्चिम बंगाल में मुस्लिम वोट बैंक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो अब तक बड़े पैमाने पर टीएमसी के साथ रहा है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की रणनीति आमतौर पर इसी वोट बैंक में सेंध लगाने की रही है, जैसा कि उसने बिहार और अन्य राज्यों में करने की कोशिश की। यदि हुमायु कबीर जैसे स्थानीय प्रभाव वाले नेता ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के साथ आते हैं, तो कुछ इलाकों में वोटों का बंटवारा संभव है।

हालांकि, यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि इससे टीएमसी को बड़ा नुकसान होगा। इसके पीछे कुछ कारण हैं संगठनात्मक मजबूती ममता बनर्जी के नेतृत्व में जमीनी नेटवर्क काफी मजबूत है। स्थानीय बनाम बाहरी छवि बंगाल की राजनीति में बाहरी बनाम स्थानीय का मुद्दा अहम रहता है, और ओवेसी की पार्टी को अक्सर बाहरी पार्टी के रूप में देखा जाता है।

वोट ट्रांसफर की चुनौतीः गठबंधन बनने के बावजूद वोटों का पूरी तरह ट्रांसफर होना आसान नहीं होता। किन क्षेत्रों में असर संभव? सीमावर्ती जिलों और मुस्लिम बहुल सीटों–जैसे मुर्शिदाबाद, मालदा, उत्तर दिनाजपुर–में इसका कुछ असर दिख सकता है। लेकिन यह असर अधिकतर ज्ञरूष्ट को हराने की बजाय विपक्षी वोटों के और बिखराव के रूप में सामने आ सकता है। दिलचस्प बात यह है कि इस तरह के गठबंधन का अप्रत्यक्ष फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिल सकता है। यदि विपक्षी वोट बंटते हैं, तो त्रिकोणीय मुकाबले में भाजपा को बढ़त मिल सकती है।

हुमायु कबीर गठबंधन के लिए स्थानीय स्तर पर चुनौती जरूर खड़ी कर सकता है, लेकिन इसे टीएमसी की व्यापक कमजोरी के रूप में देखना अभी उचित नहीं होगा। यह ज्यादा संभावना है कि इससे विपक्षी खेमे में वोटों का विभाजन बढ़े, जिसका लाभ किसी तीसरे पक्ष को मिल सकता है। कुल मिलाकर, यह गठबंधन बंगाल की राजनीति में हलचल तो पैदा करेगा, लेकिन टीएमसी की जड़ों को हिलाने के लिए अभी और मजबूत, व्यापक और संगठित चुनौती की जरूरत है।

### ममता का संघर्ष, सादगी और सियासत की मिसाल

भारतीय राजनीति में ममता का नाम एक ऐसे नेता के रूप में लिया जाता है, जिन्होंने जमीनी संघर्ष से सत्ता के शिखर तक का सफर तय किया। उनका राजनीतिक जीवन केवल पद और सत्ता की कहानी नहीं, बल्कि जिद, जनसंपर्क और निरंतर संघर्ष की दास्तान है। ममता बनर्जी का जन्म 5 जनवरी 1955 को हुआ। साधारण परिवार से आने वाली ममता ने कम उम्र में ही राजनीति में दिलचस्पी दिखानी शुरू कर दी थी। उन्होंने छात्र जीवन से ही सक्रिय राजनीति में भाग लिया और जल्द ही इंडियन नेशनल कांग्रेस से जुड़ गईं। 1970-80 के दशक में उन्होंने कांग्रेस के युवा चेहरों में अपनी पहचान बनाई। 1984 में उन्होंने पहली बार लोकसभा चुनाव जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। तृणमूल कांग्रेस की स्थापना ऐसे समय में हुई जब समय के साथ कांग्रेस में मतभेद बढ़ने लगे। 1998 में ममता बनर्जी ने अलग होकर टीएमसी की स्थापना की। यह कदम उनके राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ। टीएमसी ने धीरे-धीरे पश्चिम बंगाल में अपनी पकड़ मजबूत की और वाम मोर्चे के लंबे शासन को चुनौती दी। 34 वर्षों से सत्ता में रही सरकार को 2011 में ममता बनर्जी ने सत्ता से बेदखल कर दिया। यह पश्चिम बंगाल की राजनीति में ऐतिहासिक परिवर्तन था। ममता बनर्जी राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं और उन्होंने खुद को दीदी के रूप में जनता के बीच स्थापित किया। ममता बनर्जी की राजनीति की सबसे बड़ी विशेषता उनकी सादगी और जनसंवाद है। वे अक्सर सीधे जनता के बीच जाती हैं और खुद को एक आम नागरिक के रूप में प्रस्तुत करती हैं।

उनकी सरकार ने कई सामाजिक योजनाएं शुरू कीं, जैसे–कन्याश्री योजना (महिला सशक्तिकरण), सबुज साथी (छात्रों के लिए साइकिल), स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में सुधार, विवाद और चुनौतियां आदि।

हर बड़े नेता की तरह ममता बनर्जी का सफर भी विवादों से अछूता नहीं रहा। विपक्ष अक्सर उन पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाता है। केंद्र और राज्य के बीच टकराव भी उनकी राजनीति का हिस्सा रहा है। चुनावी हिंसा और प्रशासनिक फैसलों पर भी सवाल उठते रहे हैं।

ममता बनर्जी का राजनीतिक जीवन यह साबित करता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और जनसमर्थन से असंभव भी संभव हो सकता है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की राजनीति को नई दिशा दी और खुद को राष्ट्रीय राजनीति में एक प्रभावशाली नेता के रूप में स्थापित किया। आज वे केवल एक मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि विपक्षी राजनीति की एक मजबूत आवाज भी हैं–जो सत्ता के खिलाफ खड़े होने का साहस रखती हैं।

पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिस तरह का माहौल बन रहा है, उसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनी जीत की संभावनाओं को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है। सवाल यह है कि क्या वास्तव में भाजपा पश्चिम बंगाल में सत्ता की दहलीज पार कर पाएगी, या फिर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) एक बार फिर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखेगी।

### भाजपा अपने पक्ष में बनाती माहौल

भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल में संगठन को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया है। बूथ स्तर तक कार्यकताओं की सक्रियता, केंद्रीय नेतृत्व की लगातार रैलियां और हिंदुत्व के मुद्दों को उभारने की रणनीति पार्टी को एक मजबूत चुनौतीकर्ता बना रही है। इसके अलावा, केंद्र की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने का प्रयास भी भाजपा के लिए सकारात्मक कारक बन सकता है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी को सत्ता विरोधी लहर, भ्रष्टाचार के आरोप और आंतरिक असंतोष जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बड़े नेताओं का पार्टी छोड़ना भी टीएमसी के लिए चिंता का विषय है। हालांकि, ममता बनर्जी की व्यक्तिगत लोकप्रियता और जमीनी पकड़ अभी भी पार्टी की सबसे बड़ी ताकत बनी हुई है। पश्चिम बंगाल में चुनाव केवल विकास के मुद्दों पर नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान के आधार पर भी लड़े जाते हैं।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

## धार्मिक स्थलों को क्यों नही मिलती बंदरों से मुक्ति

(अशोक मधुप)

धार्मिक स्थलों को बंदरों से क्यों नही मिलती मुक्ति। सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न यह है कि इन स्थानों पर आने वाले श्रृद्धालु कब तक इनके आंतक झेलते रहेंगे? कब तक इनका शिकार होते रहेंगे?

हाल में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु अपने कार्यकाल में 19 मार्च को वृंदावन आईं। वे दूसरी बार यहां आईं है। इससे पहले इसी पद पर रहते हुए प्रणब मुखर्जी व रामनाथ कोविंद भी अपने कार्यकाल में दो बार वृंदावन आए थे। लेकिन, राष्ट्रपति मुर्मु वृंदावन के तीन दिवसीय प्रवास पर आने वाली पहली राष्ट्रपति हैं। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्रप्रसाद, ज्ञानी जैल सिंह एक बार वृंदावन आए। उपराष्ट्रपति पद पर रहते हुए डॉक्टर शंकरदयाल शर्मा, आर वेंकटरामन, डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन भी वृंदावन अपनी धार्मिक यात्रा पर आ चुके हैं।

निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी दो बार वृंदावन आए। आश्रय सदन में वृद्ध विधवा माताओं से मुलाकात करने आए थे। राष्ट्रपति पद पर रहते प्रणब मुखर्जी पहली बार 16 नवंबर 2014 को अक्षयपात्र में चंद्रोदय मंदिर के भूमि पूजन में आए तो दूसरी बार 18 नवंबर 2015 को चैतन्य महाप्रभु के वृंदावन आगमनोत्सव के पांच सौ वे वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में आए थे। राष्ट्रपति पद पर रहते ज्ञानी जैल सिंह 1987 में वृंदावन आए और रंगजी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे 1957 में देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्रप्रसाद वृंदावन आए। उप राष्ट्रपति पद पर रहते 1985 में आर वेंकटरामन, 1993 में डॉ. शंकरदयाल शर्मा, 1959 में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन वृंदावन आ चुके हैं। राष्ट्रपति या कोई वीवीआईपी जब भी वृंदावन आता है। प्रत्येक बार उनकी सुरक्षा तो होती ही है। सबसे बड़ा काम होता है वीवीआईपी को यहां के झपटमार बदंर से बचाना। ये बंदर झपटामार कर श्रद्धालु का चश्मा उतारते और किसी ऊंची जगह पेड़ या दीवार पर जाकर बैठ जाते हैं। ये चश्मा तभी लौटाते हैं जब उन्हें खाने के लिए फ्रुटी, केला या दूसरे खाने के सामान दिए जाएं। वीवीआईपी दौरे को देखते हुए प्रशासन लंगूरों के जगह- जगह कट आउट लगवाता है। माना जाता है कि लंगूर से बंदर डरतें हैं। उन्हें डराने के लिए ऐसा किया जाता है। कुछ जगह लंगूर भी लाकर बांध दिए जाते हैं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु की सुरक्षा से लेकर रूट पर व्यवस्थाओं को दुरस्त करने के लिए जिला प्रशासन ने रात दिन एक कर दिया। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के दौरे को देखते एक प्रशासन ने लंगूरों के जगह- जगह कट आउट लगवाए।

लेखक को चित्रकूट में हनुमान गढ़ी जाने का अवसर मिला। वहां रास्ते में बंदर और लंगूर मिलते और आपके कपड़े और बैग पकड़कर रोक लेते हैं। वे आपके बैग और जेब से खाने का सामान प्रसाद आदि निकालकर ही आपको आगे जाने देते हैं। शुक्रताल में तो हनुमान धाम में बंदरों को भगाने के लिए लंगूर बांधा हुआ था। बंदर उसके अभयस्त हो गए थे। उन्हें पता था कि रस्सी में बंधे लंगूर की पंहुच कहां तक हैं। बदंर आते और लंगूर की पंहुच की दूरी से अगल रहकर लौट जाते।

प्रश्न है कि वीवीआइपी के आने पर ही क्यों बंदरों को रोकने की व्यवस्था होती है। देश के आम आदमी को भी वीवीआईपी क्यों नही समझा जाता। उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी तो सरकार की है। उसके लिए क्यों नही ऐसी व्यवस्थाएं होती। बंदर हम हिंदुओं की श्रद्धा है। हम उसे पवित्र मानते हैं। पूजनीय मानते है। इतना होने पर भी उसके भोजन की व्यवस्था क्यों नही करते। अयोध्या में बड़ी तादाद में बंदर है। हनुमान गढ़ी पर मैंने बंदरों को फूलों की माला तोड़कर उसमें भोजन के अंश तलाशते देखा है। इसी शहर में डस्टविन से भोजन खोजते बंदर मुझे मिलें हैं। हमारी समाज सेवी संस्थाए क्यों नही इनके भोजन की जरूरत पूरी करती। बंदरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बढती बंदरों की जनसंख्या को भोजन चाहिए। भोजन ने मिलने वह निरीह प्राणी अपना पेट भरने के लिए कुछ तो करेगा।

बंदरों के आतंक के कारण कई शहरों में तो महिलाओं और बच्चों का छतों पर जाना कठिन हो गया है। शहरों की नही अब तो जंगल में भी इनकी बढ़ती आबादी किसानों के लिए संकट बन चुकी है। भोजन के अभाव में बंदर खेतों की फसल तोड़कर खा रहे हैं। गेंहू की बाली खा जाते है। बोए गए गन्ने के बीज जमीन से निकाल कर वे अपनी उदरपूर्ति कर रहे हैं। किसान फसल की रक्षा को लेकर परेशान हैं। अब तो किसानों ने खेतों की रक्षा के लिए नौकर रखने शुरू कर दिए हैं।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

## राज्य में गैस वितरण प्रणाली ध्वस्त:आर्य

हल्द्वानी, (वेब वार्ता)।



देश भर में गैस संकट का असर अब उत्तराखंड में भी दिखने लगा है, हल्द्वानी शहर के कई कैटरिंग व्यवसायियों ने गैस की अपर्याप्त आपूर्ति को लेकर चिंता जताई है। शीन कैटर्स, रॉयल कैटर्स और डीपी नानक सहित स्टैण्डर्ड स्वीट तक का कारोबार प्रभावित है।

स्टैण्डर्ड स्वीट्स के मालिक आदित्य गुप्ता ने बताया कि उन्हें निर्धारित कोटे का केवल 20 प्रतिशत गैस ही मिल पा रही है, जिससे उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। आदित्य गुप्ता ने कहा, कॉमर्शियल एलॉटमेंट बेहद जरूरीहै ताकि हम अपना परिवार चला सकें और कार्यक्रम सही तरीके से आयोजित कर सकें। प्रीत सिंह और नरेंद्र सारस्वत सहित कई व्यवसायियों ने बताया कि उन्हें शादी, पार्टी और धार्मिक आयोजनों के कई ऑर्डर लेने में दिक्कत आ रही है। कई कार्यक्रमों के मेन्यू तक कम कर दिए गए हैं ताकि उपलब्ध गैस में कार्यक्रम किए जा सकें।

उन्होंने भारत गैस एजेंसी और संबंधित अधिकारियों से कई बार बात की, लेकिन गैस आपूर्ति नहीं हो रही है। प्रशासन ने लकड़ी से भट्ठी लगाने का सुझाव दिया है, लेकिन इतना बड़ा कार्यक्रम संचालित करना मुश्किल है।

# सोशल मीडिया पर धामी सरकार के चार साल बेमिसाल कर रहा ट्रेंड

देहरादून, (वेब वार्ता)।

उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सोमवार को अपने चार वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर लिया है। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और सोशल मीडिया पर भी सरकार की उपलब्धियां ट्रेंड हो रहा हैं।

चार साल पूरे होने के मौके पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर धामी सरकार के चार साल बेमिसाल ट्रेंड कर रहा और यह हैशटैग लंबे




समय तक नंबर 1 पर बना रहा। देशभर से लोगों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों ने मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व की सराहना करते हुए राज्य में हुए विकास कार्यों को सोशल मीडिया के माध्यम से रेखांकित किया। सोशल मीडिया एक्स पर प्रशांत कुमार ने लिखा कि मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना से युवाओं को ऊर्जा उद्यमी बनाया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर प्रदेश में सृजित हो रहे। वहीं मुकुल ने लिखा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए धामी सरकार ने योजनाओं को जमीन पर उतारा है।

कृषि, बागवानी और जैविक खेती को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त किया गया। वर्षा सिंह ने लिखा कि धामी सरकार के 4 वर्षों में सुशासन और जनसेवा सर्वोच्च प्राथमिकता रही। पारदर्शिता, जवाबदेही और त्वरित निर्णयों से जनता का विश्वास और मजबूत हुआ है। इसी प्रकार कई लोगों ने 4 साल पूरे होने पर खुशी जताई और मुख्यमंत्री श्री धामी की प्रशंसा की।

## भुवनेश्वरी सिद्ध पीठ में भक्ति और संस्कृति का दिखा अद्भुत संगम

पौड़ी गढ़वाल, (वेब वार्ता)।

चैत्रीय नवरात्रि के पावन अवसर पर भुवनेश्वरी सिद्ध पीठ में पंचम दिवस पर मां भगवती का पूजन स्कंदमाता के रूप में अत्यंत श्रद्धा और विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी और सभी श्रद्धालुओं ने मां के दिव्य दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला भी निरंतर जारी है। पूर्व दिवसों की भांति इस दिन भी विभिन्न क्षेत्रों से आई कीर्तन मंडलियों पोखरी, जय नागराज प्रेमनगर एवं बैंज्वाड़ी–की टीमों ने अपने मधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भजनों की मधुर



धुनों पर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। मंदिर परिसर में आयोजित प्रवचन प्रतियोगिता भी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, जिसमें छात्र-छात्राएं प्रतिदिन विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त कर श्रद्धालुओं को ज्ञानवर्धक संदेश दे रहे हैं। पारंपरिक मध्यान्ह पूजा के अंतर्गत श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा, आस्था और विश्वास के साथ मां की पांच परिक्रमा की।

## परिवहन मंत्री ने मायादेवी मंदिर में पूजा कर संतों से लिया आशीर्वाद

हरिद्वार, (वेब वार्ता)।

परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने हरिद्वार पहुंचकर हरिद्वार की अधिष्ठात्री माया देवी मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने जूना अखाड़े के प्रमुख संतों के साथ आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी महाराज से आशीर्वाद लिया। संतों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए जनताहित में कार्य करने को प्रोत्साहित किया। उन्होंने प्रदीप बत्रा के व्यवहार और कार्यकुशलता की सराहना की।

सोमवार को कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा हरिद्वार पहुंचे। जहां उन्होंने अधिष्ठात्री माया देवी मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की



उन्नति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मंदिर में पूजा अर्चना के दौरान जूना अखाड़ा के संतों ने उन्हें आशीर्वाद दिया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी महाराज से आशीर्वाद लिया।

आचार्य महामंडलेश्वर ने प्रदीप बत्रा के द्वारा जनता हित में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शिता का लाभ प्रदेश की जनता को मिलेगा। नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने उन्हें आश्वस्त किया कि केंद्र और प्रदेश नेतृत्व व मुख्यमंत्री ने जो उन पर विश्वास जताया है।

## जल्द साकार होगा खेल विश्व-विद्यालय का सपना : रेखाआर्या

हल्द्वानी, (वेब वार्ता)।

उत्तराखंड में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। खेल मंत्री रेखा आर्या ने हल्द्वानी के गौलापार स्थित उस भूमि का निरीक्षण किया, जहां इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इसे प्रदेश के खेल भविष्य के लिए ऐतिहासिक कदम बताया।

मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि यह स्थान केवल जमीन का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि वर्षों के संकल्प, संघर्ष और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा, यहां बनने वाला खेल विश्वविद्यालय प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को नई दिशा देगा और उन्हें राष्ट्रीय व



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का मंच प्रदान करेगा। यह आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि खेल मंत्री के रूप में युवाओं और खिलाड़ियों के लिए जो सपना देखा गया था, वह अब साकार होता नजर आ रहा है।


इस परियोजना को साकार करने में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने उनका आभार जताया।

## जगजीतपुर में हाथी ने मचाया उत्पात तोड़ी तारबाड़, लोगों में दहशत

हरिद्वार, (वेब वार्ता)।

जगजीतपुर में आबादी क्षेत्र में घुसे एक जंगली हाथी ने बीती रात खूब उत्पात मचाया। यहां फुटबॉल ग्राउंड के आसपास के रिहायशी क्षेत्र में जंगली हाथी घूमता हुआ लोगों को नजर आया। जिसके बाद इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई। थोड़ी देर बाद पहुंची वन विभाग की क्यूआरटी टीम ने जंगली हाथी को खदेड़ना शुरू किया।

इस पर हाथी खेतों की ओर दौड़ा और एक खेत में लगी तारबाड़ को तोड़कर ही अंदर घुस गया। हाथी का तारबाड़ तोड़ते हुए वीडियो, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हरिद्वार के जगजीतपुर क्षेत्र में पहले



जंगल हुआ करता था। आबादी बढ़ने के साथ खेत खलिहान और जंगल खत्म हो गए, लेकिन हाथियों का कॉरिडोर माना जाने वाला यह इलाका, हाथी नहीं भूले। पिछले कई दिनों से यहां एक दांत वाले हाथी की दहशत बनी हुई है।

राज विहार, निकट फुटबॉल ग्राउंड में हाथी रोज आ रहा है। लोगों को डर है कि इस एक दांत वाले हाथी का रोजाना आना किसी दिन मुसीबत बन सकता है। लोगों ने वन विभाग से हाथी की आवाजाही को रोकने की मांग की है। रेंज अधिकारी शीशपाल सिंह ने बताया कि बीती रात हाथी आने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी और हाथी को जंगल में खदेड़ दिया गया था।

## ट्रक ने खड़े ट्रैक्टर ट्राली को मारी टक्कर एक महिला की मौके पर मौत

हरिद्वार, (वेब वार्ता)।

धनौरी-जस्सावाला मार्ग पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलियर थाना क्षेत्र के धनौरी बाजार में जस्सावाला मार्ग पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे खड़ी थी, जिसमें दहेज का सामान लोड किया जा रहा था।

इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में पास से गुजर रही एक बाइक आ गई। हादसे में बाइक पर बैठी महिला




सड़क पर गिर गई और ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे आ जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# शहीद दिवस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरदार भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि

हरिद्वार,(वेब वार्ता)।

शहीद दिवस के अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी हरिद्वार (ओबीसी विभाग) एवं वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने आज भगत सिंह चौक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए।

इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज सैनी ने कहा कि 23 मार्च का दिन भारत के इतिहास में शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। इसी दिन देश के तीन वीर



सपूत भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु ने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमकर देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। उन्होंने कहा कि 1931 की वह शाम आज भी देशवासियों को गर्व और साहस की याद दिलाती है।

उन्होंने कहा कि आज देश में कुछ फिरकापरस्त ताकतें नफरत का जहर घोलने का काम कर रही हैं और शहीदों के सपनों को तोड़ने का प्रयास कर रही हैं, जिससे आपसी सौहार्द बिगड़ रहा है।वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज सैनी, सोम त्यागी, संजय सैनी, ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव और ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा ने कहा कि शहीदों ने देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

हमें उनकी दी हुई आजादी की कीमत समझते हुए देश की सेवा में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर अशोक शर्मा, पार्षद सुनील कुमार, सुरेन्द्र ठाकुर, तेलूराम प्रधान, अनंत पांडेय,तीर्थ पाल रवि, सी.पी. सिंह, श्रीमती सरिता शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## नैनीताल पुलिस ने 27 लाख की स्मैक सहित दो तस्कर गिरफ्तार

नैनीताल, (वेब वार्ता)।

नैनीताल पुलिस ने जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी के नेतृत्व में चल रहे नशामुक्त उत्तराखंड अभियान के अंतर्गत काठगोदाम क्षेत्र से दो तस्करों को 91.10 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार करने की बड़ी सफलता प्राप्त की है।

स्मैक की अनुमानित कीमत लगभग 27 लाख रुपये बताई गई है। नैनीताल पुलिस के अनुसार हल्द्वानी के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार कत्याल तथा क्षेत्राधिकारी अमित कुमार के पर्यवेक्षण में काठगोदाम के थाना प्रभारी विमल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वन विभाग के जू डम्पिंग



जोन बागजाला के पास चेकिंग के दौरान दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में शामिल आनंद सिंह रावत के कब्जे से 68.35 ग्राम तथा रोहित थापा के कब्जे से 22.75 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इस संबंध में थाना काठगोदाम में एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## नंदादेवी राजजात यात्रा की झलक ने मोहा मन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

देहरादून, (वेब वार्ता)।

उत्तराखंड सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित चार साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत नगर के परेड ग्राउंड पर देश की विविध सांस्कृतिक विरासत के दर्शन हुए। मुख्य कार्यक्रम के दौरान उत्तराखंड की लोक परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहरों पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया। सोमवार सुबह से ही परेड मैदान पर लोगों का जुटना शुरू हो गया था। मुख्य द्वार सहित



पूरे परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा। इस अवसर पर मंत्री खजान दास, डोईवाला विधायक बृजभूषण गौरोला और सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर ने सरकार के चार साल के विकास कार्यों का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बुनियादी ढांचे, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयासों से समग्र विकास को गति मिली है और आगे भी विकास कार्यों को इसी प्रकार जारी रखा जाएगा।

कार्यक्रम स्थल के मुख्य द्वार पर प्रसिद्ध नंदा देवी राजजात यात्रा पर आधारित मनमोहक प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। पारंपरिक वेशभूषा, लोक संगीत और नृत्य के माध्यम से यात्रा की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक महत्ता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने भी अपनी-अपनी सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत की।

## काठगोदाम पुलिस ने स्मैक के साथ दो तस्कर दबोचे

हल्द्वानी, (वेब वार्ता)।

नशामुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत काठगोदाम पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर 91.10 ग्राम स्मैक बरामद की है।एसपीसीटी मनोज कात्याल ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर जनपद में अवैध नशा कारोबार के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान वन विभाग के जू डंपिंग जोन बागजाला के पास आनन्द सिंह रावत और रोहित थापा को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से क्रमशः 68.35 ग्राम और 22.75 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

## उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में बारिश–बर्फबारी के आसार

देहरादून, (वेब वार्ता)।

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है, जबकि शेष जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश और गरज-चमक हो सकती है। राज्य के 3300 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के आसार हैं।

मौसम विभाग के सोमवार को जारी बुलेटिन के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जनपदों में कुछ स्थानों पर मौसम का प्रभाव अधिक देखने को मिल सकता है। पर्वतीय क्षेत्रों में आकाशीय बिजली



और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की आशंका को देखते हुए वॉच जारी किया गया है। विभाग ने 23 और 27 मार्च को इन क्षेत्रों में गरज-चमक और तेज हवाओं को लेकर विशेष चेतावनी भी जारी की है। राजधानी देहरादून में आसमान मुख्यतः साफ से आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है। दोपहर या शाम के समय कुछ क्षेत्रों में गरज के साथ बादल विकसित होने और हल्की बारिश हो सकती है। अधिकतम तापमान लगभग 29 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

## वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

हरिद्वार, (वेब वार्ता)।

कोतवाली गंगनहर पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी के कुल 08 दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। एसएसपी के निर्देश पर वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई थी।

कोतवाली गंगनहर में दर्ज वाहन चोरी के मुकदमों की विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने डिजिटल साक्ष्यों, सुरागरसी-पतारसी और मुखबिर की सूचना के आधार पर पनियाला-लाठरदेवा तिराहा, रुड़की से तीन संदिग्धों को हिरासत



में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपितों के कब्जे से कुल 08 चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए गए। इनमें से 04 वाहन कोतवाली गंगनहर में दर्ज मुकदमों से संबंधित हैं, जबकि अन्य 03 मोटरसाइकिल और 01 स्कूटी बरामद की गई है।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे चोरी किए गए वाहनों को शक्ति विहार के पास एक खंडहर में छिपाकर रखते थे और बाद में उन्हें मॉडिफाई कर बेच देते थे। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपित नशे के आदी हैं और अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

# देवभूमि का गौरव पुनर्स्थापित करने का संकल्प साकार की ओर: मुख्यमंत्री धामी

देहरादून, (वेब वार्ता)।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप देवभूमि के गौरव को पुनर्स्थापित करने का संकल्प अब तेजी से सिद्धि की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार रोजगार सृजन, पारदर्शिता और सख्त कानून व्यवस्था को प्राथमिकता दे रही है। राज्य की आर्थिकी में वृद्धि के साथ स्टार्टअप की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है।

सोमवार को उत्तराखंड सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर परेड ग्राउंड पर आयोजित 'चार साल बेमिसाल' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया और विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चार वर्ष पूर्व जनता ने सभी राजनीतिक मिथकों को तोड़ते हुए उन्हें पुनः सेवा का अवसर दिया था।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री मोदी की ओर केदारनाथ धाम से दिए गए '21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा' के संदेश को राज्य सरकार



संकल्प के रूप में लेकर कार्य कर रही है। बीते चार वर्षों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल और हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत कर नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पहली बार जी-20 बैठकों, राष्ट्रीय खेलों और ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट जैसे बड़े आयोजनों का सफल आयोजन हुआ। निवेश सम्मेलन में 3.76 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर उतारा जा चुका है। मुख्यमंत्री के अनुसार राज्य की आर्थिकी में डेढ़ गुना से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि पिछले एक वर्ष में जीएसडीपी में 7.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रतिव्यक्ति आय में 41 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

राज्य में 20 हजार से अधिक नए उद्योग स्थापित हुए हैं और स्टार्टअप की संख्या 700 से बढ़कर लगभग 1750 हो गई है।

# 2027 की बिसात पर भाजपा का समरसता कार्ड जिला कार्यकारिणी से हर वर्ग को साधने की कोशिश

लखनऊ, (वेब वार्ता)।



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 भले ही अभी दूर हो, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उसकी सामाजिक और संगठनात्मक बिसात बिछानी शुरू कर दी है।

जिला कार्यकारिणी समितियों की नई सूची के जरिए पार्टी ने साफ कर दिया है कि इस बार चुनावी तैयारी केवल नारों, चेहरों और सरकारी कामकाज के भरोसे नहीं होगी, बल्कि समाज के हर प्रभावी तबके को संगठन में हिस्सेदारी देकर की जाएगी। महिलाओं, युवाओं, अगड़े, पिछड़े, अनुसूचित जाति, स्थानीय प्रभाव वाले कार्यकताओं और पारंपरिक संगठन चेहरों को साथ लेकर भाजपा ने एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश की है। प्रदेश भर की नई जिला कार्यकारिणी को राजनीतिक हलकों में 2027 से पहले भाजपा के ह्यसमरसता कार्डह्व के रूप में देखा जा रहा है। इसके जरिए पार्टी न केवल अपना सामाजिक आधार मजबूत करना चाहती है, बल्कि विपक्ष खासकर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के सामाजिक न्याय वाले नैरेटिव को संगठन स्तर पर जवाब देने की तैयारी में है। सबका प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना चाहती है भाजपा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने जिला स्तर पर नई टीम तैयार करते समय जातीय, सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन को प्राथमिकता दी। कार्यकारिणी में युवाओं, महिलाओं, पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति और पारंपरिक कार्यकर्ताओं को शामिल कर यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि पार्टी 2027 के चुनाव में सबका साथ-सबका विकास के साथ कोसबका प्रतिनिधित्व भी सुनिश्चित करना चाहती है। सामाजिक संवेदनशीलता और प्रबंधन क्षमता पर भी फोकस भाजपा के लिए यह समय बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि 2027 विधानसभा चुनाव से पहले संगठन, सरकार और सामाजिक समीकरण तीनों को एक लय में लाना उसकी प्राथमिकता बन चुका है।

## डॉ. राम मनोहर लोहिया का जीवन संघर्ष और सामाजिक न्याय का प्रतीक : अमिताभ बाजपेयी



कानपुर, (वेब वार्ता)। डॉ. राम मनोहर लोहिया का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण का जीवंत उदाहरण है, जिनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का काम कर रहे हैं। यह बातें सोमवार को आर्यनगर विधानसभा के विधायक अमिताभ बाजपेयी ने डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती के अवसर पर फूलबाग स्थित लोहिया स्मारक पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कही। डॉ. राम मनोहर लोहिया स्मारक समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक अमिताभ बाजपेयी ने लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों को वर्तमान समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि लोहिया ने हमेशा समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की आवाज उठाई और समानता पर आधारित समाज की स्थापना के लिए संघर्ष किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्मारक समिति के अध्यक्ष अंबर त्रिवेदी ने तो संचालन अनुराग वर्मा ने किया। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने लोहिया के जीवन और उनके सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आधुनिक भारत के महान चिंतक के रूप में याद किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने लोहिया के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

## कमरे के अंदर फंदे से लटका पाया गया युवती का शव

प्रयागराज, (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित नगर कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक युवती का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फिर भी मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र के गोसाईं टोला शहराराबाद निवासी प्रियंका गौड़ (18) पुत्री अजय कुमार गौड़ अपने परिवार के साथ किराए के कमरे में रहती थी। वह दो बहन थी और उसके एक भाई भी है। रविवार देर रात प्रियंका गौड़ का शव फंदे से लटका पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फिर भी मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव का बलिदान इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकितः मौर्य

लखनऊ, (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को महान क्रांतिकारी अमर बलिदानी भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को उनके बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उपमुख्यमंत्री ने अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर इन अमर बलिदानियों के स्मृति-चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। मौर्य ने कहा कि राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए उनका अदम्य साहस, त्याग और बलिदान भारतीय इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। उन्होंने कहा कि इन अमर शहीदों की वीरता गाथा केवल प्रेरणा का स्रोत ही नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के लिए समर्पित जीवन जीने तथा हर चुनौती का साहसपूर्वक सामना करने की शक्ति व साहस भी प्रदान करता है। मौर्य ने कहा कि शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव का अप्रतिम साहस, अद्वितीय देशभक्ति और सर्वोच्च बलिदान राष्ट्र की चेतना में सदैव जीवंत रहेगा। उनके आदर्श हम सभी को राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उपमुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे इन महान क्रांतिकारियों के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभायें।

## फफूंद रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

औरैया, (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में फफूंद रेलवे स्टेशन के पास रविवार देर शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें लगभग 30 वर्षीय युवक की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान फफूंद क्षेत्र के जैतपुर डेरा निवासी दशरथ पुत्र प्रकाश के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही जीआरपी चौकी इंचार्ज अजीत कुमार और कस्बा इंचार्ज अरविंद अग्रवाल मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जांच-पड़ताल की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए 100 शैय्या अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। पुलिस द्वारा मृतक के साथ मौजूद साथियों से पूछताछ में सामने आया कि वे देहरादून में कांवड़ियों के सामान की ठेलिया लगाने का काम करते हैं और कहीं जा रहे थे। इसी दौरान दशरथ शौच के लिए रुका था, तभी वह अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी है।

## फायरिंग में तीन गो तस्कर गिरफ्तार, सिपाही भी घायल

बरेली, (वेब वार्ता)।



उत्तर प्रदेश के जनपद बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र में गौकशी के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने सोमवार देर रात मुठभेड़ के दौरान तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान बदमाशों की फायरिंग में एक सिपाही घायल हो गया, जबकि जवाबी कार्रवाई में तीनों आरोपित भी पैर में गोली लगने से घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार 21 और 22 मार्च को ग्राम फरीदापुर चौधरी के पास नाले में प्लास्टिक के बोरे में गौवंशीय पशुओं के अवशेष मिले थे। मामले में इज्जतनगर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई थीं। सोमवार रात पुलिस टीम क्षेत्र में दबिश दे रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर सिद्धार्थनगर केंद्रीय विद्यालय के पास मैदान के नजदीक बाइक सवार तीन संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी, जिसमें सिपाही राहुल कुमार घायल हो गए। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें तीनों आरोपित घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने असलम, जीशान और नासिर को गिरफ्तार कर लिया। तीनों इज्जतनगर क्षेत्र के रहने वाले हैं और पहले दर्ज गौवध के मुकदमे में वांछित चल रहे थे। पकड़े गए आरोपितों के कब्जे से तीन अवैध तमंचे, जिंदा और खोखा कारतूस, गौकशी के उपकरण, एक स्प्लेंडर बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। सीओ सिटी तृतीय पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीमों ने त्वरित कार्रवाई की।

आरोपितों ने पुलिस पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया, जिसके बाद आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की गई। तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपित असलम के खिलाफ पहले से गौवध और आर्म्स एक्ट के पांच मुकदमे दर्ज हैं।

## पथरी के ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत

बलिया, (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश के बलिया में निजी अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के दौरान एक महिला की मौत के बाद रविवार देर रात बवाल हो गया। गुस्साई भीड़ तोड़फोड़ करने लगी। मौके पर पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति को काबू में किया। सुखपुरा थाना क्षेत्र के देवकली की रहने वाली 24 वर्षीय महिला अनीशा राय पत्नी शिवांशु राय को पथरी के ऑपरेशन के लिए शहर स्थित अपूर्वा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। ऑपरेशन के दौरान अनिशा राय की मौत हो गई। इसकी जानकारी होने पर परिजन हंगामा करने लगे। थोड़ी ही देर में मौके पर सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने हॉस्पिटल में जमकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया। लोगों के गुस्से को देख अस्पताल के कर्मचारी गेट बंद कर छिप गए और पुलिस को सूचित किया। इसकी जानकारी मिलते ही भारी संख्या में पुलिस के जवान पहुंच गए। लोगों के गुस्से को शांत करने के लिए मौके पर एडीएम अनिल कुमार व एएसपी कृपाशंकर भी पहुंच गए।हालांकि परिजन डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़ गए।

## बेफिक्र होकर देश सेवा करें सैनिक, आपके परिवार की सुरक्षा व सम्मान सरकार के जिम्मेः मुख्यमंत्री



लखनऊ, (वेब वार्ता)।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आप बेफिक्र होकर देश सेवा कीजिए। आपके परिवार समेत प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा, सहूलियत, सुरक्षा और सम्मान सरकार के जिम्मे हैं। सरकार इसे लेकर पहले दिन से गंभीर है। मुख्यमंत्री योगी सोमवार को अपने आवास पर ह्यजनता दर्शन में कई जनपदों से आए सैनिकों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने सैनिकों की समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि निश्चिंत होकर घर जाइए। सरकार हर समस्या का उचित निराकरण कराएगी। जनता दर्शन में विभिन्न जनपदों से पुलिस, जमीनी विवाद, आर्थिक सहायता व स्थानांतरण आदि से जुड़े मामले भी आए। मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सबकी समस्याओं को सुना, प्रार्थना पत्र लेकर अधिकारियों को समय सीमा के अंदर उनके उचित निस्तारण का निर्देश दिया। इनमें से कुछ मामले जमीनी विवादों के भी थे। योगी ने इनके प्रार्थना पत्र लिए और स्थानीय जिला-प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि देश की सीमा व आंतरिक सुरक्षा में तैनात जवानों से संपर्क करें।

उनकी समस्याओं का हर हाल में समयसीमा के अंदर उचित निराकरण कराएं और पीड़ित परिवार को संतुष्ट करें। मुख्यमंत्री योगी ने पीड़ितों के प्रार्थना पत्र लेते हुए कहा कि जमीनी विवाद में सभी पक्षों को सुनकर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इलाज के लिए आर्थिक सहायता के मामले पर मुख्यमंत्री ने मरीज के परिजनों से कहा कि आर्थिक सहायता के लिए आवेदन करते हुए अस्पताल से एस्टिमेट बनवा लीजिए।

## पंचमी पर शीतला धाम में आस्था का ज्वार, तड़के खुले कपाटः टूटे सारे रिकॉर्ड

मीरजापुर, (वेब वार्ता)। चैत्र नवरात्र की पंचमी तिथि पर चुनार के अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता धाम में सोमवार को आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि अब तक के सारे रिकॉर्ड टूट गए। मां स्कंदमाता के स्वरूप के दर्शन के लिए श्रद्धालु रात से ही कतारों में डटे रहे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर के कपाट भोर तीन बजे मंगला आरती के बाद ही खोल दिए गए। इसके बावजूद दर्शन के लिए लंबी कतारें ऑटो स्टैंड, वाहन पार्किंग, रामलीला मैदान से लेकर शीतला धाम की गलियों, चौक और गंगा घाट तक फैली रहीं। हालात ऐसे रहे कि कई रास्तों पर जाम की स्थिति बन गई। हाथों में नारियल, चुनरी, हलुआ-पूड़ी, पुआ और फूल-मालाएं लिए भक्त मां के जयकारे लगाते हुए एक झलक पाने को आतुर दिखे। गर्भगृह में इतनी भीड़ रही कि कई श्रद्धालु प्रसाद भी अर्पित नहीं कर सके, फिर भी मां के दर्शन मात्र से खुद को धन्य मानते रहे। भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। कोतवाल विजय शंकर सिंह, मेला प्रभारी उप निरीक्षक कुमार संतोष समेत पुलिस व पीएसी बल गर्भगृह से लेकर पूरे मेला क्षेत्र में मुस्तैद रहे। चारों ओर गूंजते जयकारों और उमड़ी भीड़ ने शीतला धाम को आस्था के महाकुंभ में बदल दिया।

## डॉ. राम मनोहर लोहिया मौलिक समाजवादी चिंतक थे : डॉ. मानसिंह यादव

प्रयागराज, (वेब वार्ता)। डॉ. राम मनोहर लोहिया एक मौलिक समाजवादी चिंतक थे, जिनकी विचारधारा का मूल केंद्र सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा था। यह बातें सोमवार को विधान परिषद सदस्य डॉ. मानसिंह यादव ने लोहिया जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में कही। समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित गोष्ठी में उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया की विचारधारा का मूल उद्देश्य था कि सम्मान, संपत्ति और सामाजिक न्याय में सभी को बराबरी का अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने और संविधान की रक्षा के लिए सपा मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में पूरी पार्टी संकल्पित है। उन्होंने युवाओं से डॉ. लोहिया के विचारों को जानने के लिए उनके साहित्य का अध्ययन करने की अपील की। सपा महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन ने कहा कि डॉ. लोहिया ने हमेशा सांप्रदायिक राजनीति को देश की एकता, अखंडता और भाईचारे के खिलाफ बताया था। जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव और यमुनापार अध्यक्ष पप्पूलाल निषाद ने कहा कि डॉ. लोहिया ने सबसे पहले पिछड़े पावें सौ में साठ का नारा देकर शोषित, वंचित और आधी आबादी के सामाजिक न्याय की आवाज बुलंद की थी। गोष्ठी को सपा प्रवक्ता दान बहादुर मधुर विधायक संदीप पटेल, पूर्व विधायक मुजतबा सिद्दीकी, संदीप यादव, रविन्द्र यादव एडवोकेट, दूधनाथ पटेल, मेजर दिनेश यादव, शिक्षक नेता शिव ओम पटेल, महेंद्र निषाद, महबूब उस्मानी, डॉ. राजेश, राम सुमेर पाल, संगम लाल मौर्य, आर.एन. यादव, रविन्द्र यादव, अनुराधा अंबेडकर, महेंद्र सरोज, शशांक त्रिपाठी, मो. शारिक, रमाकांत पटेल, गीता भारती, मृत्युंजय पांडेय, राम अवध पाल, संगीता पटेल, संतोष यादव, रेहान अहमद, कुलदीप यादव, नीरज पासी, नाटे चौधरी, देवीलाल यादव, संजू यादव, अजय सिंह पटेल, आशुतोष तिवारी, पंकज पटेल, त्रिभुवन यादव, रूपनाथ एडवोकेट सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्तओं ने डॉ लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## श्रृंगवेरपुर धाम में अवैध कब्जे के विरोध में डॉ. संजय निषाद धरने पर बैठे

प्रयागराज, (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जनपद में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के बाल सखा निषाद राज गुहा से जुड़े प्राचीन किला एवं श्रृंगवेरपुर धाम क्षेत्र में हो रहे अवैध कब्जे हटाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद सोमवार को अपने कार्यकताओं के साथ धरने पर बैठ गए। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद श्रृंगवेरपुर धाम के पास स्थित जीटी रोड पर धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि श्रृंगवेरपुर धाम ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व का स्थल है। यहां निषाद राज गुहा का प्राचीन किला और धाम स्थित हैं। लेकिन इस क्षेत्र में लगातार अवैध कब्जे किए जा रहे हैं, जिन्हें हटाया जाना आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रृंगवेरपुर धाम क्षेत्र में अवैध कब्जे और निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, जिससे धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल की गरिमा प्रभावित हो रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार एवं प्रशासन से मांग की कि अवैध कब्जों को तत्काल हटाकर क्षेत्र को संरक्षित किया जाए। डॉ. संजय निषाद ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि श्रृंगवेरपुर धाम को भगवान राम और निषाद राज गुहा की ऐतिहासिक मित्रता से जुड़ा महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल माना जाता है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।

## शातिर गौ तस्कर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

बाराबंकी, (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में थाना मसौली पुलिस ने इनामियां बदमाश को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। यह शातिर बदमाश गौ तस्करी समेत कई मामलों में वांछित था। जिसके खिलाफ जिले के सफदरगंज व मसौली थानों में लगभग एक दर्जन मुकदमे दर्ज थे। पुलिस सरगर्मी से इसकी तलाश कर रही थी। रविवार की देर स्वाट टीम के साथ मसौली थाना प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी ने मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार किया। एडिशनल एसपी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि थाना मसौली पुलिस धरौली मोड़ के पास चेकिंग कर रही थी । तभी जकरिया की ओर से संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब रोकने का प्रयास किया तब वह भागने लगा पुलिस ने पीछा किया तो उसने पुलिस टीम पर फायर कर दिया।

## वृंदावन के जीवनदीप आश्रम का 24 मार्च को संघ प्रमुख करेंगे लोकार्पण

मथुरा, (वेब वार्ता)।



वृंदावन नगर के रुक्मिणी बिहार में नवनिर्मित जीवनदीप आश्रम का लोकार्पण 24 मार्च यानी मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत करेंगे। इस समारोह में योगी आदित्यनाथ सहित कई राज्य के मुख्यमंत्री भी शामिल हो सकते हैं।

संघ प्रमुख भागवत के वृंदावन आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सोमवार सुबह आश्रम के संस्थापक महामंडलेश्वर यतींद्रानंद ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि नगर के रुक्मिणी विहार में जीवनदीप आश्रम की स्थापना की गई है। इसका लोकार्पण करने के लिए 24 मार्च को संघ प्रमुख मोहन भागवत वृंदावन आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि आश्रम के लोकार्पण समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सैनी, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल व मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आने की भी संभावना है। आश्रम के संस्थापक महामंडलेश्वर यतींद्रानंद ने बताया कि आश्रम का शिलान्यास संघ के सरकार्यवाह भैयाजी जोशी ने किया था। अब इसका लोकार्पण संघ प्रमुख मोहन भागवत करने आ रहे हैं। चूंकि मेरा जीवन संघ से जुड़ा रहा है, तो संघ मेरा परिवार है और संघ प्रमुख परिवार के मुखिया हैं। इसलिए आश्रम का लोकार्पण भी वहीं करने आ रहे हैं। यतींद्रानंद ने बताया कि समारोह में आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि, भानुपुरापीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य ज्ञानानंद महाराज, स्वामी चिद्ंबरानंद, अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री संत जीतेंद्रानंद, चंद्रपाणी महाराज, धर्मदेव महाराज, संत भैयादास, साध्वी ऋतंभरा समेत अनेक संत मौजूद रहेंगे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की भी पूरी उम्मीद है। नगर में संघ प्रमुख के आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन ने भी सुरक्षा के लिहाज से कड़े इंतजाम किये जा रहे हैं। इस संबंध में सीओ सदर पीतमपाल सिंह ने बताया कि संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के प्रस्तावित कार्यक्रम की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं।

## बस की टक्कर से महिला की मौत

प्रयागराज, (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित नवाबगंज थाना क्षेत्र में रविवार देर रात बस की टक्कर लगने से एक महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने बस को रोक लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस टीम ने परिवार से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त (गंगानगर) कुलदीप सिंह गुनावत ने सोमवार को बताया कि हादसे में नवाबगंज थाना क्षेत्र के लीला का पूरा सम्हई मंसूराबाद गांव निवासी नीलू सरोज (65) की मौत हो गई है। घटना के संबंध में नीलू के पति अवधेश कुमार सरोज ने बताया कि रविवार रात नवरात्र के अवसर पर गांव की लगभग 50 महिलाएं जल चढ़ाने गई थीं। जल चढ़ाकर लौटते समय नीलू सरोज को एक बेकाबू बस ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल महिला को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां कुछ देर बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतका के पति की तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

कानपुर, (वेब वार्ता)। गोविंद नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को तेज रफ्तार ऑटो चालक ने साइकिल सवार को पीछे से टक्कर मारकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद राहगीरों और इलाकाई लोगों ने परिजनों को सूचना देते हुए घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की पड़ताल में जुट गई है। गोविंद नगर के कच्ची बस्ती इलाके का रहने वाले बलदेव उर्फ मोनू (40) प्राइवेट नौकरी करते थे। परिवार में पत्नी दया दो बेटी रिंकी और नेहा हैं। दया ने बताया कि आज सुबह बलदेव दूध लाने की बात बोलकर घर से निकले थे। वह साइकिल से डीबीएस कॉलेज के पास पहुंचे थे कि तभी पीछे से आ रहे तेज रफ़्तार ऑटो ने उन्हें टक्कर मार दी। इलाकाई लोगों की सूचना परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी रिकेश कुमार ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। साथ ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 35 प्रस्तावों पर मुहर

लखनऊ, (वेब वार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को लोकभवन में आयोजित कैबिनेट बैठक में गेहूं खरीद समेत 35 अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। बैठक के बाद कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि इस वर्ष गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है। गत वर्ष की तुलना में 160 प्रति कुंतल की वृद्धि की गई है। कैबिनेट से इस प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। 30 मार्च 2026 से 15 जून 2026 तक गेहूं खरीद की जाएगी। राज्य के अंदर आठ क्रय एजेंसियों द्वारा खरीद की जाएगी। पूरे प्रदेश में छह हजार 500 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। एफसीआई, यूपी मंडी परिषद, पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस, नैफेड, एनसीसीएफ के माध्यम से खरीद की जाएगी। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत अन्य मंत्री मौजूद रहे।

## मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गौ तस्कर आरिफ घायल

जौनपुर, (वेब वार्ता)।



यूपी के जौनपुर में अपराध नियंत्रण के तहत चलाए जा रहे अभियान में मीरगंज और मछलीशहर पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। रविवार देर रात हुई मुठभेड़ में 25 हजार रुपये के इनामी गौ तस्कर आरिफ को गिरफ्तार कर लिया गया।

मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उसके पास से तमंचा कारतूस और एक बाइक बरामद की है।घटना रविवार देर रात की है, जब मीरगंज थानाध्यक्ष और जंघई चौकी इंचार्ज अपनी टीम के साथ गोधना बाजार में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि बंधवा बाजार से जंघई की ओर दो संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार भाग रहे हैं, जिनका पीछा मछलीशहर पुलिस कर रही है।सूचना मिलते ही मीरगंज पुलिस ने तत्काल घेराबंदी की। ग्राम सभा चौकी खुर्द के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय के पास चिताव-भटेवरा मार्ग पर पुलिस ने दोनों बदमाशों को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।

जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें आरिफ (32) पुत्र मैनुद्दीन निवासी लमहन, थाना महाराजगंज के पैर में गोली लग गई। जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया।पुलिस ने घायल आरिफ के पास से एक तमंचा, कारतूस और एक बाइक बरामद की है।

आरिफ मीरगंज थाने में पिकअप चोरी, गौ तस्करी सहित करीब 20 आपराधिक मामलों में वांछित था और उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।क्षेत्राधिकारी मछलीशहर प्रतिमा वर्मा ने बताया कि आरिफ 2 जनवरी को उप निरीक्षक पारसनाथ यादव के साथ हुई मारपीट की घटना में भी वांछित था।

## सरदार भगत सिंह को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया

बहराइच, (वेब वार्ता)। बहराइच विकास मंच के कार्यकताओं ने सेनानी भवन में सरदार भगत सिंह की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वक्ताओं ने अपने-अपने विचार भी व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच अध्यक्ष हर्षित त्रिपाठी ने किया,जबकि संचालन मंच उपाध्यक्ष राहुल मिश्रा ने किया। मंच अध्यक्ष हर्षित त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में कहा कि भगत सिंह भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी थे। उन्होंने हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के माध्यम से सशस्त्र क्रांति का नेतृत्व किया। भगत सिंह ने 1929 में असेंबली में बम फेंककर ब्रिटिश शासन को चुनौती दी और लाला लाजपत राय की मौत का बदला लेने के लिए सांडर्स को मौत के घाट उतार दिया। 23 वर्ष की अल्प आयु में उन्हें फांसी दे दी गई। राहुल मिश्रा ने कहा कि दिसंबर 1928 को इसी दिन भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु ने लाहौर पुलिस के ब्रिटिश सहायक अधीक्षक जॉन सॉन्डर्स की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## सक्षमता से समृद्धता की ओर बढ़ता युवा उत्तर प्रदेश

लखनऊ, (वेब वार्ता)। स्वस्थ, शिक्षित व सक्षम युवा ही विकसित उत्तर प्रदेश की आधारशिला बनेंगे, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस विजन को मूर्त रूप देने के लिए यूपी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में लगातार ठोस कदम उठाए हैं। यही वजह है कि गत वर्षों में प्रदेश में युवा सशक्तीकरण और रोजगार सृजन के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। योगी सरकार की पारदर्शी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश का युवा आज आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनता दिखाई दे रहा है। सरकार का लक्ष्य युवाओं को केवल नौकरी तक सीमित न रखकर, उन्हें कौशल, तकनीक और उद्यमिता से जोड़ना है, जिससे युवा शक्ति प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति दे सके। कौशल विकास से तैयार हो रही स्किल्ड वर्कफोर्स राज्य सरकार के प्रवक्ता के कहा कि प्रदेश में कौशल विकास को रोजगार से जोड़ने के लिए बड़े स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। आईटीआई और कौशल विकास मिशन के माध्यम से 25 लाख 80 हजार से अधिक युवाओं को विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण दिया गया है। इनमें से अधिसंख्य युवाओं को रोजगार मिल चुका है। मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत एक लाख से अधिक युवाओं का उद्योगों व संस्थानों में पंजीकरण कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह पहल युवाओं को उद्योगों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रदान करने में मदद कर रही है।

# स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री का सरकार पर हमला

## बोले- प्रदेश में हेल्थ इमरजेंसी जैसे हालात



**जयपुर, (वेब वार्ता)।**

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में अव्यवस्था को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के दौरान स्थापित मजबूत और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य मॉडल को वर्तमान सरकार द्वारा कमजोर किया जा रहा है, जिससे आमजन को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अपनी पोस्ट में गहलोत ने कहा कि राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) के तहत निजी अस्पतालों के बकाया भुगतान नहीं होने से एक बार फिर संकट की स्थिति बन गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि निजी अस्पताल ओपीडी और फामेर्सी सेवाएं बंद करने की तैयारी में हैं, जिससे सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के सामने इलाज का संकट खड़ा हो सकता है।

### कोर्ट में पेशी के बाद रिमांड पर भेजा गया आरोपी

**जयपुर, (वेब वार्ता)।** असम के एयरफोर्स स्टेशन चबुआ से जुड़ी जासूसी के एक गंभीर मामले में राजस्थान इंटेलिजेंस और एयरफोर्स ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी सुमित कुमार को कोर्ट में पेश किया। सीजेएम कोर्ट जयपुर महानगर-1 में पेशी के दौरान राजस्थान इंटेलिजेंस ने आरोपी के लिए 12 दिन के रिमांड की मांग की, जिस पर अदालत ने उसे 2 अप्रैल तक रिमांड पर भेजने के आदेश दिए। जांच में सामने आया है कि आरोपी सुमित कुमार भारतीय वायुसेना से जुड़ी संवेदनशील और सामरिक जानकारी पाकिस्तानी हैंडलर्स को भेज रहा था। इस मामले का खुलासा पहले गिरफ्तार आरोपी झब्बरराम ने किया था।

# पत्नी और प्रेमी ने मिलकर की युवक की हत्या, दोनों गिरफ्तार

**बाड़मेर, (वेब वार्ता)।**

बालोतरा जिले के गिडा थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा हुआ है, जहां एक युवक की हत्या उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर कर दी। पुलिस ने मामले का पदार्फाश करते हुए आरोपित पत्नी और उसके सरकारी शिक्षक प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, मलवा गोयलान निवासी 23 वर्षीय महेंद्र मेघवाल की शादी करीब चार साल पहले बागूंडी निवासी अनु देवी से हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों के बीच आए दिन झगड़े होते रहते थे। सामाजिक स्तर पर कई बार समझौते की कोशिश भी की गई, लेकिन पति-पत्नी के संबंध सामान्य नहीं हो पाए। जांच में सामने आया कि अनु देवी अपने पति से प्रेम नहीं करती थी और किसी अन्य व्यक्ति से संबंध होने की बात भी कहती थी, जिससे दोनों के बीच विवाद लगातार बढ़ता गया।




घटना 20 मार्च की रात की है, जब एक बार फिर पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ। इसके बाद अनु देवी ने अपने प्रेमी अमराराम को फोन कर घर बुला लिया।

# 10 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों को रिजल्ट का इंतजार

**अजमेर, (वेब वार्ता)।**

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं के वर्ष 2026 के परिणाम का इंतजार इस बार 10,68,109 विद्यार्थियों को है, जिन्होंने 12 फरवरी से 28 फरवरी के बीच आयोजित परीक्षा में भाग लिया था। परीक्षार्थियों का यह इंतजार कल 24 मार्च को खत्म हो जाएगा। राज्य सरकार के निदेर्शानुसार 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होना है, इसी को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने मूल्यांकन प्रक्रिया तेज कर समय से पहले परिणाम जारी करने की तैयारी की है, ताकि विद्यार्थियों की आगे की पढ़ाई प्रभावित न हो।

दरअसल, राज्य सरकार ने 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने मूल्यांकन प्रक्रिया को तेज करते हुए समय से पहले रिजल्ट जारी करने का फैसला लिया, ताकि विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। वर्ष 2026 में 10वीं की परीक्षाएं 12 फरवरी से 28 फरवरी के बीच आयोजित हुई थीं, जिनमें कुल 10 लाख 68 हजार 109 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

वहीं, 12वीं की परीक्षाएं 11 मार्च तक चलीं, जिनमें 9 लाख 10 हजार 9 विद्यार्थी बैठे। पूरे प्रदेश में 6 हजार 170 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं कराई गईं।

# सड़क हादसे में दादा-पोते की मौत परिवार के पांच सदस्य घायल

**टोंक, (वेब वार्ता)।**

जिले के अलीगढ़ थाना क्षेत्र के पचाला गांव के एक ही परिवार पर उस वक्त दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जब दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में दादा और पोते की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार के पांच अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार, पचाला निवासी धारा सिंह मीणा अपने परिवार के साथ बूंदी जिले के लाखेरी कस्बे के पास डडवाड़ा गांव में एक रिश्तेदार की शादी में भात लेकर गए थे। शादी



समारोह संपन्न होने के बाद देर रात वे अपने परिवार के कुल आठ सदस्यों के साथ एर्टिगा कार से वापस गांव लौट रहे थे। देर रात करीब दो बजे जब उनकी कार सवाई माधोपुर जिले के रवाजना डूंगर थाना क्षेत्र से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर पहुंची, तभी अचानक कार अनियंत्रित हो गई। तेज रफ्तार में चल रही कार सड़क किनारे पड़े मिट्टी के ढेर से टकरा गई और पलट गई।

हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही 60 वर्षीय रामफूल मीणा और उनके 16 वर्षीय पौत्र आकाश की मौत हो गई। हादसे में कार सवार अन्य पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में चालक धारा सिंह मीणा (40) की पत्नी कमलेश (35) और उनके रिश्तेदार रामफूल (70) की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### खेत में खाल, बंद मकान के पीछे कटे मिले गोवंश के पांव

**बांसवाड़ा, (वेब वार्ता)।** बांसवाड़ा जिले के सज्जनगढ़ थाना क्षेत्र के बिजलपुर और सागवा गांव में खेत और बंद मकान के पीछे गोवंश की खाल और कटे हुए पांव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ राजस्थान गोवंश पशु वध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। आ और सज्जनगढ़ क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बिजलपुर हलिया गांव में मनीष पुत्र शंकरलाल पारगी के खेत में गोवंश की खाल पड़ी हुई है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और खेत में गोवंश की खाल पाई गई। मनीष से पूछताछ में उसने बताया कि कोई कुत्ता खाल को उसके खेत में लाया था।

# पेड़ की फुनगी पर चढ़ गई बाघिन माही

**सवाई माधोपुर, (वेब वार्ता)।**

रणथंभौर टाईगर रिजर्व में टाइगर सफारी के दौरान सैलानियों को अक्सर वन्यजीवों के रोमांचक दृश्य देखने को मिलते हैं। ऐसा ही एक दुर्लभ और यादगार दृश्य उस समय देखने को मिला, जब सैलानी जोन नंबर तीन में सफारी के लिए पहुंचे।

इस दौरान सैलानियों को बाघिन रिद्धि टी 124 की बेटी आरबीटी 2504 माही के दीदार हुए। बाघिन की अठखेलियों को देखकर सैलानी उत्साहित हो उठे और इस पल को अपने कैमरों में कैद करने लगे। पद्मला तालाब के पास सैलानियों ने एक बेहद दुर्लभ दृश्य देखा, जब बाघिन माही ग्रे हेरॉन नामक पक्षी का शिकार करने के लिए पेड़ पर चढ़ गई। बाघिन का इस तरह पेड़ पर चढ़ना सैलानियों के लिए आश्चर्यजनक था।

करीब तीन से चार मिनट तक बाघिन माही ने पेड़ की शाखाओं पर चढ़कर पक्षी को पकड़ने की कोशिश की। हालांकि ग्रे हेरॉन पेड़ की पतली और ऊपरी डाल पर बैठा था, जहां तक बाघिन अपने भारी शरीर के साथ नहीं पहुंच सकी।

बाघिन ने पेड़ की डालियों को हिलाकर पक्षी को गिराने की कोशिश भी की, लेकिन पक्षी की पकड़ मजबूत होने के कारण वह नहीं गिरा। अंततः सभी प्रयास असफल होने पर बाघिन पेड़ से नीचे कूद गई।

# राजस्थान में बदला मौसम: कई जिलों में बारिश, ओलावृष्टि और ठंडक का असर



**जयपुर, (वेब वार्ता)।**

राजस्थान में सोमवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली और राजधानी जयपुर सहित कई जिलों में बादल छाने के साथ तेज गर्जना और बारिश का दौर शुरू हो गया। इस बदलाव से प्रदेशभर के तापमान में गिरावट आ गई और लोगों को एक बार फिर हल्की सर्दी यानी 'गुलाबी ठंड' का अहसास हुआ।

जयपुर में सुबह अचानक मौसम बदला और तेज गर्जना के साथ रिमझिम बारिश शुरू हो गई। बारिश के दौरान विजिबिलिटी कम होने से दिन में ही सड़कों पर चल रहे वाहनों को हेडलाइट जलानी पड़ी। महज आधे घंटे की बारिश में कई सड़कों पर पानी बहने लगा, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ। इसी तरह अलवर में भी सुबह से घने बादल छाए रहे और हल्की बारिश का सिलसिला शुरू हो गया, जिससे मौसम सुहावना हो गया।

डीडवाना में भी सुबह तेज गर्जना के साथ हल्की बारिश हुई, हालांकि यह बारिश केवल 10 मिनट तक ही चली, लेकिन इसके बाद भी आसमान में बादल छाए रहे और तापमान में गिरावट आ गई।

### आरबीएसई का रिजल्ट कल होगा जारी जानें रिजल्ट पर क्या बोलें शिक्षा मंत्री?

**अजमेर, (वेब वार्ता)।**

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 10वीं कक्षा का रिजल्ट मंगलवार, 24 मार्च को घोषित करेगा। मंत्री मदन दिलावर दोपहर एक बजे माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अजमेर स्थित कार्यालय से परीक्षा परिणाम जारी करेंगे। बोर्ड प्रशासन ने परिणाम जारी करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बार का रिजल्ट कई मायनों में ऐतिहासिक है, क्योंकि पहली बार 10वीं का परिणाम 12वीं से पहले जारी किया जा रहा है और यह भी पहली बार है जब बोर्ड मार्च महीने में ही रिजल्ट घोषित कर रहा है। खास बात यह है कि राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने रिजल्ट को लेकर बड़ा बयान दिया है। राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि 24 मार्च को कक्षा दसवीं, आठवीं और पांचवीं बोर्ड का रिजल्ट जारी होगा। 12वीं बोर्ड को लेकर शिक्षा मंत्री ने बताया कि 31 मार्च को संभवतः इसका भी रिजल्ट आएगा। अभी हम लोग तय कर रहे हैं।

दरअसल, राज्य सरकार ने 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने मूल्यांकन प्रक्रिया को तेज करते हुए समय से पहले रिजल्ट जारी करने का फैसला लिया, ताकि विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

**जयपुर, (वेब वार्ता)।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और इसके लिए जवाबदेह एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली आवश्यक है।



जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री ने बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगों और युवाओं की परिवेदनाओं को गंभीरता से सुना। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जिससे परिवादी संतुष्ट नजर आए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शीघ्र निस्तारित किया जाए और लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसुनवाई केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनता और सरकार के बीच सीधा संवाद है।

### टॉपर का ताज अपने नाम! आदित्य प्रकाश ने 481 अंक के साथ बिहार इंटर साइंस में किया टॉप

**समस्तीपुर, (वेब वार्ता)।**

आदित्य की इस सफलता से उनके परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र के लोगों में गर्व की भावना देखी जा रही है। आदित्य प्रकाश समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय अनुमंडल के पांढ गांव के निवासी हैं। वे हरेंद्र कुमार के पुत्र हैं। उनके पिता सरकारी विद्यालय में शिक्षक हैं, जबकि उनकी मां गृहिणी हैं। साधारण परिवार से आने वाले आदित्य ने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की है। आदित्य ने बताया कि नियमित पढ़ाई, शिक्षकों का मार्गदर्शन और परिवार का सहयोग उनकी सफलता की मुख्य वजह रही है।




आदित्य प्रकाश का सपना आगे चलकर डॉक्टर बनने का है। उन्होंने कहा कि वह मेडिकल क्षेत्र में जाकर लोगों की सेवा करना चाहते हैं। उनकी इस उपलब्धि से गांव और आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने आदित्य और उनके परिवार को बधाई दी है। आदित्य की मां ने बताया कि बेटे की मेहनत पर उन्हें गर्व है। उन्होंने कहा कि आदित्य शुरू से ही पढ़ाई में मेहनती रहा है और उसने हमेशा लक्ष्य बनाकर पढ़ाई की।

# बिहार में आपसी वर्चस्व को लेकर दो पक्ष भिड़े, जमकर हुई रोड़ेबाजी; कई घायल

**मुजफ्फरपुर, (वेब वार्ता)।**

मुजफ्फरपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र के कन्हौली टीओपी इलाके में रविवार देर शाम दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच रोड़ेबाजी शुरू हो गई। हालात बिगड़ता देख मौके पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाला। इस घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि कई अन्य को भी चोटें आई हैं। पुलिस मौके पर कैंप कर रही है और आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई में जुटी हुई है।

बताया जा रहा है कि देर शाम आपसी वर्चस्व को लेकर विवाद शुरू हुआ, जिसके बाद एक पक्ष के



लोगों ने दूसरे पक्ष पर रोड़ेबाजी कर दी। अचानक हुई इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद नगर थाना की टीम मौके पर पहुंची और हालात को शांत कराया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, एक पक्ष के 'मैंगो' नामक युवक ने पहले दूसरे पक्ष पर हमला किया, जिसमें एक महिला समेत कई लोग घायल हो गए। इसके बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने मैंगो के मोहल्ले में घुसकर रोड़ेबाजी की, जिससे कई लोगों के सिर फट गए। घटना के दौरान सैकड़ों लोग मौके पर जुट गए, जिससे अफरातफरी का माहौल बन गया।

### गया में जमीन विवाद बना खूनी खेल, चचेरे भाई ने ही मारी थी गोली

**गया, (वेब वार्ता)।** गया जिले के चेरकी थाना क्षेत्र में हुए पेंटर अक्षय यादव हत्याकांड का पुलिस ने तेजी से खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सिंपल कुमार, दीपक कुमार और रोहित कुमार शामिल हैं। इनमें सिंपल कुमार मृतक का चचेरा भाई बताया जा रहा है, जिससे जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। पुलिस के अनुसार, 18 मार्च की शाम कुछ लोग अक्षय यादव के घर पहुंचे और काम के बहाने उसे अपने साथ बाहर ले गए। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

### वैशाली के रहने वाले युवक की मुजफ्फरपुर में मौत, लव मैरिज का एंगल आ रहा सामने

**मुजफ्फरपुर, (वेब वार्ता)।**

मुजफ्फरपुर में अंतरजातीय विवाह के बाद एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान अमित कुमार पाण्डेय के रूप में हुई है। मृतक के भाई गौतम कुमार पाण्डेय ने पत्नी और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस की शुरूआती जांच में मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है।

वैशाली जिले के मांगनपुर गांव निवासी गौतम कुमार पाण्डेय ने बताया कि 19 मार्च 2026 की रात करीब 10 बजे उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आया, जिसमें उनके भाई अमित कुमार पाण्डेय की मौत की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मुजफ्फरपुर के भीखनपुरा उत्तर टोला स्थित महाराणा नगर रोड नंबर 05 पहुंचे, जहां अमित रहते थे। वहां उन्हें बताया गया कि पुलिस अमित को अस्पताल ले गई है।

बताया गया कि अमित कुमार पाण्डेय ने वर्ष 2020 में तुर्की थाना क्षेत्र के जावा दिह निवासी रागिनी प्रजापति से कोर्ट मैरिज के जरिए अंतरजातीय प्रेम विवाह किया था। शादी के लगभग एक वर्ष तक दाम्पत्य जीवन सामान्य रहा, लेकिन इसके बाद अमित को पत्नी और ससुराल वालों द्वारा मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी। उन पर गांव की पैतृक जमीन बेचकर शहर में बसने का दबाव बनाया जा रहा था।

# जेल से बाहर निकले जदयू विधायक अनंत सिंह, समर्थक नारेबाजी कर रहे

**पटना, (वेब वार्ता)।**

मोकामा के बाहुबली और जदयू विधायक अनंत सिंह चार महीने बाद सोमवार शाम को बेऊर जेल से बाहर निकल गए। बेऊर जेल के बाहर उनके समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की। कहा कि ₹जेल का ताले टूट गए, छोटे सरकार छूट गए₹। समर्थकों ने पटाखे भी फोड़े। अनंत सिंह अपनी लैंड क्रूजर गाड़ी में सवार होकर अपने आवास के लिए निकल गए। यहां पर उनके स्वागत में सैकड़ों समर्थक जमा हुए हैं। बता दें कि विधानसभा चुनाव के वक्त दुलारचंद यादव की हत्या के मामले में पटना के बेऊर जेल में बंद थे। हालांकि उन्हें पटना हाईकोर्ट ने इस



मामले में जमानत दे दी।

निर्धारित कार्यकक्रम के अनुसार बेऊर जेल से निकलने के बाद बाहुबली अनंत सिंह कल यानी 24 मार्च को पटना स्थित अपने आवास से मोकामा के लिए रवाना होंगे। फिर बाढ़ विधान सभा क्षेत्र के सबनीमाँ से लेकर मोकामा विधान सभा के बाहापर तक भव्य और विशाल रोडशो करेंगे। यह रोड़ शो लगभग 50 किलोमीटर की होगी। इस बीच चर्चा यह भी है कि वह लखीसराय जिले के बड़हिया स्थित महारानी स्थान मंदिर में भी पूजा-अर्चना करेंगे। रोडशो के दौरान कई जगहों पर उनके समर्थक उनका स्वागत करेंगे।

### गया में रफ्तार का कहर, आमने-सामने भिड़ीं बाइकें

**गया, (वेब वार्ता)।** गया जिले के चंदौती थाना क्षेत्र के केवाली गांव के पास सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जिससे पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया। मिली जानकारी के अनुसार, चंदौती थाना इलाके में सोमवार सुबह करीब साढ़े सात बजे केवाली गांव स्थित बीपी आजाद बीएड कॉलेज के समीप दो बाइकों के बीच सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर चोटों के कारण घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

# आर्ट और कॉमर्स में लड़की, साइंस में लड़के ने किया टॉप, इंटर का रिजल्ट जारी

**पटना, (वेब वार्ता)।**

बिहार में इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के परिणामों में इस बार लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। आर्ट और कॉमर्स संकाय में जहां छात्राओं ने टॉप किया, वहीं साइंस में एक छात्र ने बाजी मारी। कुल मिलाकर रिजल्ट में लड़कियों का पलड़ा भारी रहा।

राज्य में छात्राओं का पास प्रतिशत 86.23% रहा, जो छात्रों के 84.09% से अधिक है। यह आंकड़ा साफ तौर पर दिखाता है कि शिक्षा के क्षेत्र में बेटियां लगातार




आगे बढ़ रही हैं। विशेषज्ञ इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक संकेत मान रहे हैं।

टॉपर्स की बात करें तो कुल 26 टॉपर्स में से 19 छात्राएं हैं, जो यह साबित करता है कि मेधा सूची में भी बेटियों का दबदबा कायम है। इन सभी टॉपर्स को सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

साइंस संकाय के टॉप फाइव की बात करें तो पहले स्थान पर आदित्य प्रकाश अमन का जलवा रहा। इन्होंने 481 अंक हासिल किए हैं। आदित्य ने 96.20 प्रतिशत रिजल्ट लाकर अपने शिक्षकों और परिजनों का मान बढ़ाया है। वहीं, सीतामढ़ी जिले की साक्षी कुमारी साइंस संकाय में दूसरे नंबर हैं। इन्होंने 479 अंक अर्जित किया है। कुल प्रतिशत 95.80 प्रतिशत है। खास बात ये है कि नवादा से सपना कुमारी ने भी साक्षी के बराबर ही अंक अर्जित की हैं। 479 अंकों के साथ साक्षी का भी प्रतिशत 95.80 है। इन दोनों की रैंक बराबर है। तीसरे नंबर बेगूसराय अनामिका कुमारी हैं। इन्होंने 478 अंक अर्जित किया है। इनका कुल प्रतिशत 95.60 है। दरभंगा से सत्यम कुमार चौथे स्थान पर हैं। इन्होंने 476 अंक अर्जित किए हैं। इनका कुल प्रतिशत 95.20 है। वहीं, मुजफ्फरपुर की पलक कुमारी पांचवें नंबर हैं। 475 अंक प्राप्त किए हैं। इनका प्रतिशत 96 है।

# तबादला नीति के लिए कानून बनाने पर करेंगे विचारः सीएम सुक्खू

**शिमला, (वेब वार्ता)।**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल में तबादला नीति बनाने को भविष्य में कानून बनाने पर विचार किया जाएगा। विधायक लोकेंद्र कुमार के सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के स्थानांतरण राज्य सरकार की ओर से निर्धारित स्थानांतरण नीति और प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुसार किए जाते हैं। आपसी सहमति के आधार पर स्थानांतरण का कोई प्रावधान नहीं है। स्थानांतरण के लिए मानक, मापदंड एवं नियम राज्य सरकार की ओर से अधिसूचित वृहद मार्गदर्शी सिद्धांत-2013 में वर्णित हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले छह महीनों में 1171 स्थानांतरण हुए हैं, जिनमें संबंधित कर्मचारियों ने आपसी स्थानांतरण की सहमति दी थी, लेकिन ये स्थानांतरण भी प्रचलित नीति के अनुसार ही हुए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार को कर्मचारियों के



स्थानांतरण एवं पदस्थापन के संबंध में सामान्य प्रशासनिक अधिकार प्राप्त हैं। कर्मचारियों से प्राप्त आपसी स्थानांतरण के आवेदन पत्रों पर प्रकरण-दर-प्रकरण गुण-दोष के आधार पर, प्रशासनिक आवश्यकता, पदों की उपलब्धता और लोकहित को ध्यान में रखते हुए और अधिसूचित नीति के अनुसार विचार किया जाता है। विधायक रणधीर शर्मा के सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिनियुक्ति का फैसला नीतिगत होता है। ऐसे कम मामलों को ही मंजूर किया जाता है। बहुत अधिक आवश्यकता पर ही ऐसे फैसले होते हैं।

# सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को हिम बस कार्ड में रियायत देने पर हो रहा विचारः मुकेश

**शिमला, (वेब वार्ता)।**

हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को हिम बस कार्ड बनाने से रियायत देने पर सरकार विचार कर रही है। सोमवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान धर्मशाला से भाजपा विधायक सुधीर शर्मा के सवाल पर उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निगम की बसों में सभी रियायती एवं निशुल्क श्रेणियों के यात्रियों को सुविधा प्राप्त करने के लिए हिम बस कार्ड बनाना अनिवार्य किया गया है। प्रदेश में अभी तक दो लाख हिम बस कार्ड बन चुके हैं। अमर उजाला ने



15 मार्च के अंक में हिम बस कार्ड के नाम पर विद्यार्थियों पर डाले गए अतिरिक्त आर्थिक बोझ का मामला प्राथमिकता से उठाया था।

खबर के माध्यम से बताया गया कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों विद्यार्थियों को मिलने वाली निशुल्क बस सेवा 1 अप्रैल से पूरी तरह मुफ्त नहीं मिलेगी। नई व्यवस्था के तहत विद्यार्थियों को पहले 236 रुपये खर्च कर हिम बस पास बनवाना अनिवार्य होगा, तभी उन्हें मुफ्त बस यात्रा की सुविधा मिल सकेगी। सरकारी स्कूलों में पहली से बारहवीं कक्षा तक करीब 8.50 लाख बच्चे पढ़ते हैं। इनमें से लाखों विद्यार्थी स्कूल दूर होने के चलते एचआरटीसी बसों में आते-जाते हैं। अब इन्हें हिम बस पास बनवाना अनिवार्य किया गया है। पास के लिए लोकमित्र केंद्र के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया के लिए विद्यार्थियों को अतिरिक्त 40 रुपये की फीस भी देनी पड़ रही है।

# ये लोग नहीं लड़ पाएंगे पंचायत चुनाव 2068 शिक्षकों को रखने का भी हुआ निर्णय

**शिमला, (वेब वार्ता)।**

राज्य मंत्रिमंडल ने पंचायती राज एक्ट में संशोधन का निर्णय लेते हुए फैसला लिया है कि जो लोग चिट्टे के साथ पकड़े जाएंगे, वे पंचायत चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। इसके लिए पंचायती राज संशोधन विधेयक 2026 के ड्राफ्ट को राज्य मंत्रिमंडल ने अपनी मंजूरी दे दी।

पंचायत चुनाव से ठीक पहले राज्य सरकार इसके लिए राज्य विधानसभा में कानून पारित करने जा रही है। पारित विधेयक को राज्यपाल की स्वीकृति मिलते ही नया कानून अस्तित्व में आ जाएगा। हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक सोमवार को साढ़े.10 बजे मुख्यमंत्री



सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई। इसमें कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इसमें यह भी निर्णय लिया गया कि 151 सीबीएसई स्कूलों में 2068 शिक्षकों को रखा जाएगा।

कैबिनेट ने यह भी फैसला लिया कि मेडिकल कॉलेज हमीरपुर, नेरचौक और आईजीएमसी शिमला में बायो फिजिक्स विभाग को शुरू किया जाएगा। नाहन मेडिकल कॉलेज को शहर से बाहर बदलने को लेकर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडलीय उप समिति की रिपोर्ट भी कैबिनेट बैठक में रखी गई। इस रिपोर्ट को मंजूरी दी गई। इसके बाद नाहन मेडिकल कॉलेज शहर से बार स्थानांतरित होगा।

## अपने करों से प्राप्त होने वाला राजस्व कम होने का अनुमान

**शिमला, (वेब वार्ता)।** हिमाचल प्रदेश के बजट आंकड़ों के अनुसार राज्य के अपने कर राजस्व में साल 2026-27 में गिरावट का अनुमान लगाया गया है। वर्ष 2024-25 में कुल कर राजस्व 6,980.94 करोड़ रुपये रहा, जो 2025-26 में बढ़कर 9,368.48 करोड़ आंका जा रहा है, लेकिन 2026-27 के लिए यह घटकर 8,662.79 करोड़ रहने का अनुमान है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से दिए गए बजट अनुमानों के आंकड़ों के अनुसार राज्य आबकारी सबसे बड़ा राजस्व स्रोत बना हुआ है, जो 2026-27 में 3,174.07 करोड़ यानी 36.64 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

# हिमाचल पुलिस के 15 कर्मचारियों को मिला स्टार परफॉर्मर अवार्ड

**शिमला, (वेब वार्ता)।**

हिमाचल प्रदेश पुलिस ने 15 पुलिस कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए स्टार परफॉर्मर्स अवार्ड से सम्मानित किया है। सम्मान पाने वाले कर्मचारियों की सूची में सब-इंस्पेक्टर से लेकर कांस्टेबल स्तर तक के जवान शामिल हैं, जिन्होंने ड्यूटी के दौरान असाधारण समर्पण और जिम्मेदारी का परिचय दिया। सम्मानित होने वालों में सब-इंस्पेक्टर सरदार सिंह, रणधीर सिंह, बशीर मोहम्मद, एएसआई विनय कुमार और गुरजीत सिंह प्रमुख हैं।

इसके अलावा हेड कांस्टेबल सावन, विजय सिंह, कृष्णा (नंबर-06) और कांस्टेबल अतुल ठाकुर,




नीतू भारद्वाज, महिला कांस्टेबल शालिनी, आरती, आशा, गायत्री देवी और सुशील कुमार को भी सराहनीय सेवाओं के लिए सराहा गया है। खास बात यह है कि इस सूची में पांच महिला कर्मियों को भी शामिल किया गया है, जिन्होंने अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया।

पुलिस विभाग के अनुसार, इन कर्मियों ने अपराध नियंत्रण, चिट्टा बरामदगी और सामाजिक सेवा जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है। विभाग का मानना है कि इस तरह के सम्मान से कर्मचारियों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा बढ़ती है और जनता के बीच पुलिस की विश्वसनीयता मजबूत होती है।

## सीएम के मीडिया सलाहकार के बेटे पर हमला केस

**शिमला, (वेब वार्ता)।** मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान के बेटे पर विगत दिनों हमला करने की कोशिश करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। शुक्रवार दोपहर करीब 1:30-2:00 बजे आर्यन अपने होटल से शिमला की ओर जा रहे थे। एक सफेद रंग की ऑल्टो कार में सवार 3-4 नकाबपोश हमलावरों ने उनकी गाड़ी रोकी। हमलावरों ने पिस्तौल तानकर धमकी दी, लोहे की रॉड से हमला करने की कोशिश की, और नकदी मांगी या अपहरण का प्रयास किया। स्थिति गंभीर होने पर आर्यन ने अपनी कार से कूदकर पास की खाई/ढलान में छलांग लगा दी, जिससे उन्होंने जान बचाई।

## वार्डों के पुनसीर्मांकन का काम पूरा, 25 मार्च तक पंचायतीराज संस्थाओं का रोस्टर होगा जारी

**शिमला, (वेब वार्ता)।**

हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज और शहरी निकाय चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। वार्डों के पुनसीर्मांकन (डिलिमिटेशन) की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब आरक्षण रोस्टर पर माथापच्ची शुरू हो गई है। पंचायतीराज विभाग ने सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश जारी करते हुए 25 मार्च तक आरक्षण रोस्टर जारी करने को कहा है।

हालांकि, सरकार ने दो कार्यकाल से आरक्षित सीटों को इस बार ओपन करने का फैसला लिया है। इसमें सरकारी कोटे का ध्यान रखा जाएगा। सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया है कि रोस्टर तय करने के लिए एक तय फामूर्ला उपायुक्तों को भेजा गया है, जिसके आधार पर ही पंचायतों और शहरी निकायों में सीटों का आरक्षण निर्धारित किया जाएगा।

इसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों का निर्धारण जनसंख्या और निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाएगा। वार्डों के पुनर्गठन के चलते कई पंचायतों और नगर निकायों में वार्डों की सीमाएं बदली हैं, जिससे रोस्टर तय करना इस बार अधिक जटिल हो गया है। कई स्थानों पर नए वार्ड बने हैं। ऐसे में प्रशासन को पुराने और नए आंकड़ों का संतुलन बैठाते हुए आरक्षण तय करना पड़ रहा है।

# दो समुदायों के बीच बड़ा विवाद हाथापाई तक पहुंची बात

**शिमला, (वेब वार्ता)।**

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में दो समुदायों के लोगों पर महिला की दुकान पर कब्जा करने के आरोप के चलते बड़ा विवाद हो गया है। यहां पर दो पक्षों में बात हाथापाई तक पहुंच गई। देवभूमि संघर्ष समिति के लोगों ने मौके पर पहुंचकर दुकान का ताला तोड़ा, सामान बाहर फेंक दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल भारी संख्या में तैनात हो चुका है।

इस दौरान दुकान चलाने वाली एक महिला भावुक हो गईं। उन्होंने बताया कि वह अपने परिवार के साथ भाभी के निधन के कारण बाहर गई हुई थीं। लौटने पर उन्होंने देखा कि दुकान पर



किसी और का ताला लगा हुआ था। जब इसको खोलने लगे तो कुछ लोगों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

वहीं देवभूमि संघर्ष समिति के संयोजक विजय शर्मा ने कहा कि संबंधित परिवार वर्ष 1947 से इस दुकान का संचालन कर रहा है। जिन लोगों ने ये दुकान खरीदी है उन्हें दुकान को खाली करवाने से पहले नोटिस या कानूनी प्रक्रिया का पालन करना चाहिए था। उन्होंने बिना किसी कानूनी प्रक्रिया या नोटिस के दुकान पर कब्जा कर दिया और इनके साथ दुर्व्यवहार किया।

## दादा ने पोते पर चला दी गोली, हालत गंभीर

**मंडी, (वेब वार्ता)।** पारिवारिक कलह की वजह से एक दादा ने अपने 22 वर्षीय पोते उमेश कुमार पर बंदूक से फायर कर दिया। घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार रिंज गांव निवासी भादरू राम घर पर अकेले मौजूद थे जबकि अन्य सदस्य काम में व्यस्त थे। रात करीब 8 बजे अचानक फायरिंग की आवाज से आसपास के लोग सहम गए। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर भादरू राम के हाथ से बंदूक छीनकर दूर फेंक दी और घायल को नेरचौक मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उमेश को बिलासपुर स्थित एम्स रेफर कर दिया। भादरू राम के पास बंदूक आत्मरक्षा के लिए थी।

# कुल्लू में पुलिस थाने की छत पर चढ़ी महिला असंतुलित होकर गिरी

**कुल्लू, (वेब वार्ता)।**

पुलिस की ओर से व्यक्ति को गिरफ्तार करने के बाद उसकी पत्नी थाने में पति को छुड़ाने के लिए पहुंच गई। पुलिस की ओर से कार्रवाई करने के लिए कहा तो महिला पुलिस थाना कुल्लू की छत पर चढ़ गई। उसने पति को छोड़ने की मांग उठाई। इसी बीच वह असंतुलित होकर गिर पड़ी। इससे वह घायल हो गई। उसे रेस्क्यू कर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में भर्ती करवाया गया है। यह मामला रविवार दोपहर 12:15 बजे पेश आया। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब 10 बजे चौकी डोभी, कुल्लू के विकास बोध को बीएनएस की धारा 126/170 के तहत गिरफ्तार किया था। दोपहर लगभग 12:15 बजे आरोपी की पत्नी मूल निवासी पश्चिम बंगाल कुल्लू थाना में अपने पति से मिलने के लिए पहुंची। उसने पति को छोड़ने की बात कही। इस पर पुलिस ने कुछ कार्रवाई करने के लिए कहा। इसके बाद महिला चली गई। कुछ समय पश्चात थाना भवन की छत से एक मोबाइल फोन परिसर में गिरा।

जब बाहर जाकर पुलिस के जवानों ने देखा कि महिला छत पर थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल फायर ब्रिगेड कुल्लू को सूचित किया। थाना स्टाफ एवं फायर ब्रिगेड टीम ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान शुरू किया। रेस्क्यू के दौरान महिला ने अपने पति को छोड़ने की मांग की। पुलिस कर्मियों ने शांत रहने एवं सुरक्षित स्थान पर आने के लिए समझाया।

## हिमाचल में फिर बदलेगा मौसम, आज से बारिश-बर्फबारी के आसार

**शिमला, (वेब वार्ता)।** दो दिन की राहत के बाद हिमाचल प्रदेश में मौसम फिर से बदलने वाला है। सोमवार को प्रदेशभर के कुछ स्थानों पर बारिश और पहाड़ों में बर्फबारी के आसार हैं। मौसम केंद्र शिमला के मुताबिक चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिलों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से अंधड़ का येलो अलर्ट जारी किया है। उच्च पर्वतीय इलाकों में 28 तक मौसम खराब रहने का पूवार्नुमान है। खिली धूप के बीच पर्यटक फोर बाई फोर वाहनों में अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल तक पहुंचे। धूप खिलने के बाद कुल्लू और लाहौल स्पीति में 2700 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में हिस्खलन की संभावना जताई गई है।

# हिमाचल में बिक रही है हलाल मार्क वाली हरी इलायची

**ऊना, (वेब वार्ता)।**

हिमाचल प्रदेश के बाजारों में हरी इलायची के पैक पर हलाल का मार्क लगाकर बेचे जा रहे उत्पादों ने व्यापारियों और ग्राहकों के बीच असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) इस संबंध में जांच करने की बात कर रहा है। साथ ही प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि इस तरह के उत्पाद पर प्रतिबंध है।

जानकारी के अनुसार एफएसएसएआई से पंजीकृत यह ब्रांड अब प्रदेश के बाजारों में पहुंच चुका है, जो खासकर उर्दू और इंग्लिश में हलाल का मार्क किए हुए हैं। उत्तर प्रदेश में भी इस प्रकार के उत्पाद के आने के बाद राज्य सरकार ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इसका वितरण बंद करवा दिया था।

अब हिमाचल में भी इस प्रकार के हलाल मार्क के ब्रांड की मौजूदगी ने कारोबारी वर्ग में हलचल मचा दी है। एफएसएसएआई के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इस तरह के उत्पाद अरब देशों के लिए एक्सपोर्ट किए जाते हैं और भारत में इस प्रकार के ब्रांड को प्रचलित नहीं किया जाता। अधिकारी इन उत्पादों के सैंपल लेकर लैब में भेजेंगे। एफएसएसएआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस प्रकार के ब्रांड को भारतीय बाजार में प्रचलित करने की अनुमति नहीं है। केवल अरब देशों में ही इस प्रकार के उत्पादों का उपयोग होता है और यह भारत में नियमों के खिलाफ है।

# पेंशनरों ने बजट में अनदेखी पर खोला मोर्चा

## शिमला में 30 को विशाल प्रदर्शन; 18 संगठन होंगे शामिल

**शिमला, (वेब वार्ता)।**

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पेंशनरों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से पेश बजट को दिशाहीन, विकासहीन और पेंशनर्स विरोधी करार दिया है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने आरोप लगाया कि बजट में 4000 करोड़ रुपये की कटौती सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन का प्रमाण है।

पेंशनरों का कहना है कि इसमें पेंशनरों की लंबित देनदारियों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। बजट में लंबित देनदारियों का कोई प्रावधान न होने के चलते पेंशनरों



ने फैसला किया है कि इसके खिलाफ 30 मार्च को शिमला में विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। पेंशनर नेताओं ने कहा कि इस प्रदर्शन में पेंशनरों के 18 संगठन शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने 1 जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संशोधित ग्रेच्युटी, कम्यूटेशन और छुट्टी नगदीकरण जैसे वित्तीय लाभ नहीं दिए जा रहे हैं, जबकि जनवरी 2022 के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारियों को छठे वेतनमान के लाभ नहीं मिल रहे हैं।

## सीबीएसई सब कैडर के लिए नौ हजार से अधिक अध्यापकों ने दी परीक्षा

**धर्मशाला, (वेब वार्ता)।**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से रविवार को सीबीएसई सब कैडर के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 9 हजार से अधिक शिक्षक परीक्षा हॉल में बैठे, जबकि 1400 के करीब शिक्षक अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां परीक्षा देने के लिए 11290 के करीब शिक्षकों ने आवेदन किया था। प्रदेश सरकार के सीबीएसई के करीब 145 स्कूलों में 5623 पदों को भरने के लिए सीबीएसई सब कैडर के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन किया गया।

यह परीक्षा सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक आयोजित की गई। इस परीक्षा के लिए शिक्षा बोर्ड की ओर से 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इनमें बिलासपुर जिला में 3, सोलन में 2, शिमला में 3, हमीरपुर में 5, कांगड़ा में 4, चंबा में एक, मंडी में 7 और सिरमौर में एक परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इस दौरान 27 विभिन्न श्रेणियों के पदों को भरने के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन रविवार को किया गया।

# आलू ने देश के कोने-कोने तक पहुंचाया कुफरी का नाम, 79 किस्में तैयार

**कुफरी, (वेब वार्ता)।**

राजधानी शिमला से 15 किलोमीटर दूर ऊंचे पहाड़ पर स्थित है कुफरी। समुद्र स्तर से इसकी ऊंचाई 2,720 मीटर या लगभग 9,000 फीट है। सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र होने से तो यह स्थान मशहूर है ही। आलू के बीज की नई-नई किस्मों पर कुफरी में प्रयोग से इसका नाम देश के हर किसान की जुबान पर है।

केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान शिमला यहां पर दशकों से आलू पर नित नए प्रयोग कर रहा है। भारत की आजादी के दो साल बाद 1949 में स्थापित किया संस्थान 79 से अधिक कुफरी आलू किस्में विकसित कर



चुका है। सर्दियों में यहां पर तीन से चार फीट तक बर्फ गिरती है। तापमान कई बार -5 से -18 डिग्री तक भी चला जाता है।

पहाड़ी जलवायु और वैज्ञानिक अनुसंधान के तालमेल से यहां से तैयार होने वाले आलू के बीज देशभर के किसानों की पैदावार तो बढ़ा रहे हैं। सबसे बड़ी खासियत है रोगमुक्त बीज उत्पादन। यहां उन्नत लैब तकनीकों और नियंत्रित वातावरण में आलू के ऐसे बीज तैयार किए जाते हैं, जिनमें वायरस और बीमारियों का खतरा बेहद कम होता है। यही बीज आगे किसानों तक पहुंचकर बेहतर उत्पादन सुनिश्चित कर सकते हैं।

नई किस्में कुफरी रतन, कुफरी तेजस, कुफरी चिपभारत-1, कुफरी चिपभारत-2 हैं। अन्य किस्में कुफरी आनंद, कुफरी अशोक, कुफरी बादशाह, कुफरी ज्योति, कुफरी चंद्रमुखी, कुफरी पुखराज, कुफरी सिंधुरी, कुफरी साह्याद्री और कुफरी करण हैं।


# पेट्रोल-डीजल पर अनाथ और विधवा सेस लगेगा

## विरोध के बीच संशोधन विधेयक सदन में पारित

**शिमला, (वेब वार्ता)।**

हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल और डीजल पर अब अनाथ और विधवा सेस लगेगा। विधानसभा में सोमवार को विपक्ष के विरोध के बीच हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर(संशोधन) विधेयक 2026 पारित हो गया। इसमें पेट्रोल और हाई स्पीड डीजल पर नया अनाथ और विधवा सेस लगाने का प्रावधान किया है। प्रस्तावित संशोधन के अनुसार यह सेस इस तरीके से लगाया जाएगा कि इसका उपभोक्ताओं पर अनावश्यक बोझ न पड़े। संशोधन विधेयक के अनुसार यह सेस पेट्रोल और डीजल की राज्य में पहली बिक्री के समय वसूला जाएगा। राज्य सरकार को यह अधिकार होगा कि वह अधिसूचना के माध्यम से सेस की दर तय करे।

हालांकि, इसकी अधिकतम सीमा 5 रुपये प्रति लीटर निर्धारित की गई है। संशोधन विधेयक की धारा 2 में संशोधन करते हुए ऑरफन एवं विडो सेस की परिभाषा जोड़ी गई है। साथ ही नई धारा 6-ए जोड़कर सेस को कानूनी आधार दिया गया है। बताया गया है कि सेस राज्य में




अनाथ और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की विधवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की मजबूती के लिए लगाया जा रहा है। इस कदम से जुटाई गई राशि का उपयोग सीधे तौर पर जरूरतमंद अनाथों और विधवाओं के कल्याण पर किया जाएगा। विपक्ष ने बिल का विरोध करते हुए कहा कि इससे पेट्रोल-डीजल महंगा होने से इसका लोगों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा। वहीं विपक्षी सदस्यों ने बिल के विरोध में सदन से वाकआउट किया। भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने इसे जनता विरोधी फैसला बताया।

वहीं, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने कहा कि भाजपा विधवा व अनाथ विरोधी है। अगर इनके कल्याण के लिए सेस लगाने से पंजाब-हरियाणा से डीजल और पेट्रोल महंगा नहीं होगा। सेस से एकत्र होने वाली आय विधवा और अनाथ बच्चों के कल्याण में लगाई जाएगी।

# ऑपरेशन आघात के तहत बड़ी मात्रा में अवैध शराब के साथ 12 आरोपित गिरफ्तार

**रायगढ़, (वेब वार्ता)।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के तहत जिलेभर में अवैध शराब के विरुद्ध व्यापक स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार पिछले 48 घंटों के भीतर छाल, चक्रधरनगर, भूपदेवपुर और जूटमिल थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर दबिश देकर 93 लीटर महुआ शराब और 59 पाव देशी तथा अंग्रेजी शराब जब्त की है। साथ ही परिवहन में



प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल भी जब्त की गई हैं। इस कार्रवाई में 12 आरोपितों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

चक्रधरनगर थाना पुलिस ने अभियान के दौरान पांच अलग अलग कार्रवाई करते हुए ग्राम बंगुरसिया, गोवर्धनपुर और आसपास के क्षेत्रों से छह आरोपितों को गिरफ्तार किया। आरोपितों के कब्जे से कुल 59 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। इसके अलावा मोटरसाइकिल से अवैध देशी शराब परिवहन करते दो आरोपितों को भी गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मदिरा जब्त की गई। सभी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

भूपदेवपुर पुलिस ने ग्राम रसियामुड़ा और दरामुंडा में सटीक रेड कार्रवाई करते हुए अवैध शराब निर्माण पर रोक लगाई। पुलिस ने मौके पर भट्ठी को ध्वस्त कर भारी मात्रा में महुआ पास को नष्ट किया। इस दौरान एक आरोपित को महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया, वहीं दूसरे मामले में अंग्रेजी शराब के साथ एक अन्य आरोपित को पकड़ा गया। दोनों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है।

जूटमिल थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर मोटरसाइकिल से अवैध शराब परिवहन कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपित के कब्जे से लगभग 20 लीटर कच्ची महुआ शराब और परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई।

# लैलूंगा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अवैध अफीम की खेती का भंडाफोड़, दो आरोपित गिरफ्तार

**रायगढ़, (वेब वार्ता)।**

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में अवैध नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लैलूंगा पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। थाना लैलूंगा क्षेत्र के ग्राम नवीन घाटगांव में अवैध रूप से पोस्ता (अफीम) की खेती किए जाने का मामला सामने आया है।

लैलूंगा पुलिस को आज सोमवार को सूचना मिली थी कि ग्राम नवीन घाटगांव में लगभग 2 डिसमिल भूमि पर चोरी-छिपे पोस्ता उगाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीएम, तहसीलदार एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने



मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान खेत में पोस्ता के पौधे पाए गए, जिन्हें तत्काल उखाड़कर जब्त कर लिया गया। इस कार्रवाई में संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें साधराम नागवंशी (60 वर्ष), निवासी ग्राम नवीन घाटगांव एवं अभिमन्यु नागवंशी (20 वर्ष), निवासी ग्राम नवीन घाटगांव शामिल है।

पुलिस आरोपितों के विरुद्ध प्रासंगिक धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। प्रकरण में अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों, स्त्रोत एवं उद्देश्य के संबंध में अग्रिम पूछताछ जारी है। साथ ही, क्षेत्र में इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु सतत निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

## पामगढ़ में विवाद के दौरान चली गोली युवक घायल, दो आरोपित हिरासत में

**जांजगीर-चांपा,(वेब वार्ता)।**

जिले के पामगढ़ थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां गाली-गलौज के बीच गोली चलने से एक युवक घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने मामले में हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर दो आरोपितों को हिरासत में ले लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना आज सुबह करीब 10 बजे विकास नगर क्षेत्र की है। यहां निवासी शैलेंद्र साहू अपने साथियों के साथ हिमांशु किराना स्टोर के पास पहुंचकर गाली-गलौज कर रहा था। दुकान संचालक हिमांशु श्रीवास ने जब इसका विरोध किया तो दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया।

विवाद के दौरान स्थिति अचानक बिगड़ गई और हिमांशु श्रीवास के भाई गुलशन श्रीवास ने अपने लाइसेंसी पिस्टल से पंकज कश्यप पर गोली चला दी। गोली पंकज के पैर के जांघ हिस्से में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल पंकज कश्यप को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को देखते हुए बिलासपुर रेफर कर दिया गया।

## बस्तर में जनगणना 2027: कलेक्टर ने फील्ड ट्रेनर्स को दिया निष्ठा से कार्य करने का मंत्र

**जगदलपुर, (वेब वार्ता)।**

भारत की आगामी जनगणना 2027 के प्रथम चरण को सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने हेतु बस्तर जिले में प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। जिला कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जगदलपुर स्थित जिला कार्यालय के आस्था हॉल में आज सोमवार को 36 फील्ड ट्रेनर्स के लिए तीन दिवसीय सघन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण मुख्य रूप से मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को त्रुटिरहित और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा



है। 23 मार्च से 25 मार्च 2026 तक चलने वाले इस शिविर में जनगणना निदेशालय के मास्टर ट्रेनर संतोष मेंढे और जिले के मास्टर ट्रेनर जीवन लाल शर्मा द्वारा प्रतिभागियों को सुबह 9:30 बजे से शाम 6 बजे तक प्रशिक्षित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान फील्ड ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आकाश छिकारा ने जनगणना की महत्ता पर प्रकाश डाला।

## गो-तस्करी की आशंका पर जमकर हुआ विवाद, पशु क्रूरता और मारपीट का मामला दर्ज

**कोरबा, (वेब वार्ता)।** कोरबा के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाइन मुख्य मार्ग पर गो तस्करी की आशंका पर दो गुट आपस में भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ गया कि इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई, जहां मौके पर सिविल लाइन थाना पुलिस और कोरबा सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी मौके पर पहुंचे। घटना रविवार की देर रात की बताई जा रही है। सीजी 12 बीवी 4529 में मवेशी ले जाने की सूचना गो सेवकों को मिली थी। जा रिसदी चौक के पास वाहन को रोकवाकर देखा तो उसमें लगभग आधा दर्जन से अधिक भैंस और पौड़ भरे हुए थे। गो सेवकों ने वाहन चालक से पूछताछ शुरू की, जबरन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर विवाद की स्थिति बन गई।

## नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ चैती छठ महापर्व आज खरना पर व्रतियों की कठिन तपस्या

**बलरामपुर, (वेब वार्ता)।**

लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ का शुभारंभ रविवार को नहाय-खाय के साथ हुआ। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के रामानुजगंज क्षेत्र में व्रतियों ने पारंपरिक विधि से कद्दू-भात और चना दाल ग्रहण कर व्रत की शुरूआत की, वहीं बदले मौसम ने भी श्रद्धालुओं को राहत दी है।

चैती छठ महापर्व के पहले दिन नहाय-खाय के अवसर पर रामानुजगंज में सुबह से ही श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। व्रतियों ने नदी-तालाबों में स्नान कर शुद्धता के साथ भगवान सूर्य की उपासना का संकल्प लिया। इसके बाद घरों में विधिपूर्वक कद्दू-भात (कद्दू चावल) और चना दाल बनाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया गया, जिसे व्रत की शुरूआत का महत्वपूर्ण चरण माना जाता है।

आज सोमवार को महापर्व का दूसरा दिन खरना मनाया जा रहा है। इस दिन व्रति निर्जला उपवास रखते हुए पूरे दिन भगवान सूर्य की आराधना करते हैं। शाम को सूर्यास्त के बाद विधिपूर्वक पूजा कर गुड़ की खीर, रोटी और फल आदि का प्रसाद बनाकर ग्रहण किया जाता है। खरना के साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाता है, जो उषा अर्घ्य के बाद ही पूर्ण होता है। इस दौरान पूरे क्षेत्र में छठ पर्व को लेकर श्रद्धा और उत्साह चरम पर है।

## दिव्यांगों के लिए आयोजित शिविर में 120 हितग्राहियों को मिला आधुनिक उपकरण

**जगदलपुर, (वेब वार्ता)।**

बस्तर जिले के आड़ावाल स्थित जयपुर फुट सेंटर में दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम बनाने के उद्देश्य से एक विशाल सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। मानवता की सेवा और सशक्तिकरण को समर्पित इस शिविर में आज सोमवार सुबह से ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए दिव्यांगों और उनके परिजनों की भारी भीड़ देखी गई। इस आयोजन के दौरान कुल 120 हितग्राहियों का पंजीयन कर उनकी शारीरिक बाधाओं को दूर करने के लिए आधुनिक तकनीक से निर्मित कृत्रिम अंगों और सहायक



उपकरणों का वितरण किया गया।

शिविर की सफलता इस बात से आंकी जा सकती है कि इसमें न केवल शारीरिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को चलने-फिरने में सक्षम बनाया गया, बल्कि उनकी अन्य जरूरतों का भी पूरा ध्यान रखा गया। आयोजन में कुल 6 दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ और 05 को कृत्रिम पैर प्रदान किए गए, जिससे उनके जीवन में आत्मनिर्भरता की नई शुरूआत हुई । साथ ही गतिशीलता को बढ़ाने के लिए 19 मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल, 33 सामान्य ट्राईसाईकिल और 16 व्हीलचेयर का वितरण किया गया।

## गलत बिजली कनेक्शन से ग्राम खैरवाही के घरों में मची तबाही

**बालोद, (वेब वार्ता)।**

बालोद जिले की ग्राम पंचायत खैरवाही में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। वार्ड नंबर दो, बजरंग चौक पर मरम्मत कार्य के दौरान कथित तौर पर गलत बिजली कनेक्शन किए जाने से हाई वोल्टेज करंट प्रवाहित हो गया। इसके चलते ग्रामीणों के घरों में रखे टीवी, फ्रिज, कूलर, वाशिंग मशीन और पंखे जैसे लाखों रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर खाक हो गए। भारी नुकसान से आक्रोशित ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ जुलूस निकालकर मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि 22 मार्च को बिजली खंभे पर सुधार कार्य किया गया था। कर्मचारियों के वापस जाते ही जैसे ही बिजली आपूर्ति शुरू हुई, उच्च ताप (हाई वोल्टेज) के कारण उपकरणों से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों का आरोप है कि कर्मचारियों की तकनीकी चूक की वजह से यह हादसा हुआ है।

आर्थिक नुकसान झेल रहे पीड़ित ग्रामीणों ने एकजुट होकर बिजली विभाग के अधिकारियों का घेराव किया। जुलूस की शक्ल में कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने मांग की है कि बिजली आपूर्ति को तत्काल दुरुस्त किया जाए।

# बालोद में पिकअप वाहन के पलटने से दो महिलाओं की मौत

**रायपुर, (वेब वार्ता)।**

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के मंगचुआ थाना क्षेत्र में बीती रात अनियंत्रित होकर पिकअप वाहन के पलटने से उसमें सवार करीब 20 लोगों में से 2 महिलाओं की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की खबर सुनते ही स्थानीय लोग और पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

सभी घायलों को लोहारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की




हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने आज सोमवार को दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है।

मंगचुवा थाना प्रभारी प्रदीप कंवर के नेतृत्व में पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम पद्देटोला के ग्रामीण पिकअप में सवार होकर खलबत्तर गांव नामकरण संस्कार में गए थे। कार्यक्रम खत्म होने के बाद लौटते समय भंवरमरा नेताम टोला मोड़ पर ड्राइवर वाहन पर नियंत्रण खो बैठा।

## एनुका सार्वा दिल्ली में छत्तीसगढ़ की कला का कर रही हैं प्रतिनिधित्व

**बालोद, (वेब वार्ता)।**

देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित 'केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता' में छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति का डंका बज रहा है। बालोद जिले के डौंडी लोहारा स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भौतिक शास्त्र की व्याख्याता एनुका सार्वा लोक नृत्य (पारंपरिक वर्ग) में राज्य का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

रायपुर के महंत घासीदास संग्रहालय में आयोजित राज्य स्तरीय कड़ी प्रतियोगिता के बाद एनुका का चयन इस राष्ट्रीय आयोजन के लिए हुआ। वर्तमान में वे 20 से 25 मार्च तक चाणक्यपुरी स्थित स्पोर्ट्स



कॉम्प्लेक्स में अपनी प्रस्तुति दे रही हैं। बहुमुखी प्रतिभा की धनी ओडिसी नृत्य में प्रशिक्षित एनुका सार्वा विद्यालयी समय से ही कला के प्रति समर्पित रही हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य वीके भंडारी, पेंशनर समाज के अध्यक्ष सियाराम सार्वा और शिक्षक संगठनों ने हर्ष व्यक्त किया है। वक्ताओं ने कहा कि एनुका न केवल शिक्षा बल्कि सांस्कृतिक पटल पर भी बालोद और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रही हैं।

## नक्सलवाद के खात्मे की तय समय सीमा के आठ दिन शेष, नक्सलियों के परिजन चिंतित

**बीजापुर, (वेब वार्ता)।**

जिले में नक्सलवाद के खात्मे की तय समय सीमा अब महज 8 दिन शेष रह गए हैं। बावजूद इसके बीजापुर जिले में लगभग 50 से अधिक नक्सलियों के सक्रिय होने की जानकारी सामने आ रही है। इनमें पापा राव और सोढ़ी केशा जैसे नक्सली कमांडर भी शामिल हैं।

लगातार बढ़ते सुरक्षाबलों के दबाव और मुठभेड़ों के खतरे को देखते हुए नक्सलियों के परिजन चिंता में हैं। उन्हें डर सता रहा है कि, कहीं उनके अपने सुरक्षाबलों की कार्रवाई में मारे न जाएं। यही वजह है कि, अब परिजन खुलकर आत्मसमर्पण और घर वापसी की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में



कमकानार गांव से एक भावुक मामला सामने आया है, जहां एक नक्सली कमांडर के परिवार ने उसे आत्मसमर्पण करने की गुहार लगाई है।

ग्राम कमकानार निवासी नक्सली कमांडर सूर्यपाल बोड्डू के परिवार ने भावुक संदेश भेजा है। उसके दो भाइयों और भतीजे ने कहा कि अब जंगल में हालात पहले जैसे नहीं रहे और हथियारबंद संघर्ष का कोई औचित्य नहीं बचा है। उनका कहना है कि, जब बड़े-बड़े नक्सली कमांडर आत्मसमर्पण कर चुके हैं, तो सूर्यपाल को भी अब घर लौट आना चाहिए और परिवार के साथ सामान्य जीवन जीना चाहिए।

## बहला-फुसलाकर लड़की को भगा ले गया युवक

**कांकेर, (वेब वार्ता)।** जिले के अंतागढ़ में एक युवक ने नाबालिग को अपने प्यार के जाल में फंसाकर अपने साथ भगाकर ले गया, आरोप है कि वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस आरोपी को कर्नाटक से गिरफ्तार कर अपने साथ ले लाई, जहां उसे जेल भेज दिया गया। मामले की जानकारी देते हुए अंतागढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि 22 जनवरी को थाना अंतागढ़ में प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें बताया कि आरोपी उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गया। जहां नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक टीम बनाई गई। जहां नाबालिग को खोजने के लिए भेजा गया, पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी कर्नाटक में है।

## गंगालूर पोर्टा केबिन मामले में सर्व आदिवासी समाज की जांच रिपोर्ट जारी

**बीजापुर, (वेब वार्ता)।**

जिले के गंगालूर स्थित पोर्टा केबिन में छात्राओं के गर्भवती होने संबंधी खबरों को लेकर सर्व आदिवासी समाज द्वारा गठित जांच दल ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर के निर्देशन में 19 मार्च 2026 को गठित नौ सदस्यीय जांच दल ने स्थलीय निरीक्षण, संबंधित छात्राओं और उनके परिजनों तथा छात्रावास स्टाफ से चर्चा के बाद अपनी रिपोर्ट तैयार की।

जांच में पाया गया कि सोशल मीडिया एवं कुछ मीडिया माध्यमों में प्रसारित खबरें पूर्णतः सत्य नहीं हैं, बल्कि आंशिक (अर्ध-सत्य) जानकारी पर आधारित हैं। जांच के अनुसार, एक छात्रा सितंबर 2025 में अवकाश पर घर गई थी और बाद में छात्रावास वापस नहीं लौटी। वहीं, अन्य दो छात्राएं जुलाई 2025 से ही विद्यालय में नियमित नहीं थीं और वे अपने मंगनी किए गए युवकों के साथ रह रही थीं।

जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित छात्राओं की मंगनी 3-4 वर्ष पूर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों के तहत हो चुकी थी। हालांकि, जांच दल ने आवासीय विद्यालय में सुरक्षा एवं प्रबंधन से जुड़ी गंभीर कमियां भी उजागर की हैं। छात्रावास में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था का अभाव, लंबे समय से बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे तथा छात्राओं में नैतिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा की कमी प्रमुख रूप से सामने आई है।

# जशपुर में 'लखपति दीदी' अभियान को मिली नई रफ्तार

**रायपुर, (वेब वार्ता)।**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी पहल की जा रही है। इसी कड़ी में जशपुर जिले में 'लखपति दीदी' अभियान ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, जहां 18 हजार से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनकर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश कर रही हैं।

प्राकृतिक सौंदर्य से समृद्ध जशपुर की महिलाएं अब खेती, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प और लघु उद्यमों के माध्यम से न केवल




अपने परिवार बल्कि पूरे गांव की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं। गांव-गांव में सक्रिय कृषि सखियां और पशु सखियां किसानों तक आधुनिक तकनीक और उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी पहुंचाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ कर रही हैं। जिले में वर्तमान में 12 हजार 808 स्व-सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनसे 1 लाख 37 हजार 912 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। सामूहिक प्रयासों से ये महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही हैं।

## रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडिंग के खिलाफ आरपीएफ की कार्रवाई

**दुर्ग, (वेब वार्ता)।** दुर्ग रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडिंग के खिलाफ आरपीएफ की कार्रवाई ने कमर्शियल विभाग की गंभीर लापरवाही का खुलासा किया है। कमर्शियल विभाग ने 88 वेंडरों के पहचान पत्र समाप्त होने के बावजूद नए कार्ड जारी नहीं किए गए। वहीं 15 अवैध वेंडरों पर अवैधानिक कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में 50 हजार से अधिक के खाद्य सामग्री बरामद की गई है। रेलवे पुलिस ने कल दुर्ग स्टेशन में विशेष अभियान चलाकर स्टेशन में वेंडरों की जांच की गई। जहां 15 अनाधिकृत वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई की जांच के दौरान प्लेटफॉर्म स्थित स्टॉलों के बाहर बड़ी मात्रा में अवैध रूप से खाद्य सामग्री रखी मिली जिस से यात्रियों को आने-जाने और सामान खरीदने में दिक्कत हो रही थी।

# आमाघाट अफीम मामला: फरार आरोपित झारखंड से गिरफ्तार

**रायगढ़, (वेब वार्ता)।**

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आमाघाट में अवैध अफीम खेती के मामले में रायगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देशन में फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए गठित विशेष टीमों ने झारखंड में दबिश देकर एक आरोपी को 22 मार्च को गिरफ्तार कर लिया है, जिसे आज सोमवार को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

तमनार पुलिस से प्राप्त जानकारी




के मुताबिक आमाघाट के खरार्घाट भैर नाला किनारे स्थित भूमि पर आरोपित मार्शल संगा द्वारा अवैध रूप से अफीम की खेती किए जाने पर तत्काल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की, जहां एएनटीएफ टीम को खेत में कुल 60,326 अफीम के पौधे मिले, जिनका वजन 2877 किलोग्राम मिला। पूछताछ में मुख्य आरोपित मार्शल संगा ने अपने साथियों एमानुएल भेंगरा और सीप्रियन भेंगरा के सहयोग से इस अवैध खेती को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपित के मेमोरण्डम के आधार पर उसके ठिकाने से 3.02 किलोग्राम अफीम (कीमत लगभग 15 लाख 10 हजार रुपये) भी बरामद की गई।

मामले में थाना तमनार में अपराध क्रमांक 59/2026 धारा 8(बी), 18 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मुख्य आरोपित मार्शल संगा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था। वहीं फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी के निर्देशन में तमनार और साइबर थाना की संयुक्त टीमों को ओडिशा और झारखंड रवाना किया गया था। पुलिस टीम लगातार पीछा करते हुए आरोपितों के गृहग्राम तक पहुंची, जहां आरोपितों को पुलिस की भनक लग गई और वे पहाड़ी क्षेत्र में छिप गए।

# इंडियन ओपन 2026: अभय सिंह और अनाहत सिंह बने चैंपियन

मुंबई, (वेब वार्ता)।

इंडियन ओपन 2026 के आखिरी दिन रविवार को अभय सिंह और अनाहत सिंह ने क्रमशः पुरुषों और महिलाओं के खिताब अपने नाम किए। पुरुषों के खिताब के लिए मुकाबला भारतीयों के बीच था, जिसमें दूसरी वरीयता प्राप्त अभय ने अपने ही देश के चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी वीर चोत्रानी को 3-0 (11-9, 11-8, 11-4) से मात दी।

वहीं, महिलाओं के फाइनल में युवा सनसनी अनाहत सिंह ने मिस्र की हाना मोअताज को 3-1 (11-5, 11-6, 9-11, 11-6) से करारी शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया। पुरुषों के फाइनल में



अभय जबरदस्त फॉर्म में थे। हालांकि, चोत्रानी ने शुरूआती दो गेम में जोरदार मुकाबला किया, लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, दूसरी वरीयता प्राप्त अभय ने अपनी गति और आक्रामकता बढ़ा दी। पहला गेम बहुत कड़ा मुकाबला था, जिसमें हर प्वाइंट के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली। इस उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में आखिरकार अभय सिंह ने बाजी मारी और पहला गेम 11-9 से जीतकर बढ़त बना ली। दूसरा गेम भी कुछ ऐसा ही रहा, जिसमें हर प्वाइंट पर लंबी रैलियां देखने को मिलीं। हालांकि, अभय अपने हमवतन खिलाड़ी की कड़ी चुनौती का सामना करने में सफल रहे और 11-8 से गेम जीतकर अपनी बढ़त को मजबूत कर लिया। तीसरे गेम में अभय ने अपनी आक्रामकता बढ़ाई, जिससे चोत्रानी के लिए उनके एंगल्स और जोरदार स्मैश को समझना मुश्किल हो गया। दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने यह गेम 11-4 से जीतकर मैच और खिताब अपने नाम कर लिया।

इससे पहले, भारत की टॉप सीड अनाहत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिस्र की हाना मोअताज को मात देकर महिलाओं का खिताब अपने नाम किया। हालांकि, दूसरी सीड वाली मिस्र की खिलाड़ी ज्यादा अनुभवी थी, लेकिन युवा अनाहत का खेल बिल्कुल ही अलग स्तर का था।

## आईपीएल 2025 में छुपे रुस्तम साबित हुए थे ये 5 खिलाड़ी

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। आईपीएल को युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी काबिलियत साबित करने का सबसे बड़ा मंच माना जाता है। आईपीएल 2025 में कुछ युवा खिलाड़ियों ने अपने खेल से खासा प्रभावित किया था और इस सीजन भी इन प्लेयर्स के प्रदर्शन पर हर किसी की निगाहें रहेंगी। वैभव सूर्यवंशीः 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी का प्रदर्शन आईपीएल 2025 में कमाल का रहा था। वैभव ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में सिर्फ 35 गेंदों में शतक लगाया था। उन्होंने 7 मुकाबलों में 206 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 252 रन बनाए थे। वैभव इस लीग में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने थे। पिछले एक साल में वैभव की बल्लेबाजी में और भी ज्यादा निखार आया है। यही वजह है कि आईपीएल 2026 में उनके प्रदर्शन पर हर किसी की नजर रहेगी।

# छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश 1-1 से बराबर, 24 मार्च को होगा फाइनल में आमना-सामना

राजनांदगांव, (वेब वार्ता)।

छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव के अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित अस्मिता वेस्ट जोन हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन रविवार को खेले गये पहले मुकाबले में मेजबान छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच मुकाबला 1-1 गोल की बराबरी पर समाप्त हुआ। दोनों टीमें अब 24 मार्च को होने वाले फाइनल में आमने-सामने होंगी। बेहद रोमांचक मुकाबले में छत्तीसगढ़ की ओर से रिया खलको ने 41वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई।

इसके जवाब में मध्यप्रदेश की नौसीन नाज ने 45वें मिनट में गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। राउंड रॉबिन पद्धति से खेले जा रहे लीग मुकाबलों में मध्यप्रदेश ने पहला स्थान



हासिल किया, जबकि छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर रहा। दोनों टीमों ने फाइनल में जगह बना ली है, जो नॉकआउट पद्धति से खेला जाएगा।

दिन के दूसरे मुकाबले में महाराष्ट्र ने राजस्थान को एकतरफा मुकाबले में 6-0 से हराया। महाराष्ट्र की ओर से प्रियंका और मुस्कान ने दो-दो गोल किए, जबकि पुष्पा कंवर और शकुंतला ने एक-एक गोल का योगदान दिया। मैच से पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुकाबले में प्रिया दुबे, अनामिका शर्मा, राजवीर कौर, कुलदीप कौर, खुशबू सिसोदिया, अमृता सेन, पिंकी नायक और ईशानी पटेल ने निर्णायक व तकनीकी अधिकारी की भूमिका निभाई, जबकि वंदन रघुवंशी टेक्निकल डेलीगेट रहीं।

## आईपीएल 2026 के लिए गुजरात टाइटंस से जुड़े राशिद खान

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

आईपीएल 2026 के लिए राशिद खान गुजरात टाइटंस की टीम से जुड़ गए हैं। राशिद से इस सीजन टीम को दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अफगानिस्तान के स्पिन गेंदबाज के लिए पिछला सीजन कुछ खास नहीं गुजरा था। वह 15 मुकाबलों में सिर्फ 9 ही विकेट निकाल सके थे। गुजरात टाइटंस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर राशिद खान के स्वागत में खास पोस्ट शेयर किया।

राशिद की तस्वीर के साथ गुजरात ने कैप्शन में लिखा, खुशी का माहौल है, क्योंकि गुजरात की शान घर आ गए हैं। घर में आपका स्वागत है, राशिद खान। राशिद आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए संघर्ष करते नजर आए थे। राशिद ने 9.35 की इकोनॉमी से रन खर्च किए थे। हालांकि, हाल ही में खत्म



हुए टी20 विश्व कप 2026 में राशिद का प्रदर्शन दमदार रहा था। राशिद ने अफगानिस्तान की ओर से खेले 4 मुकाबलों में 6 विकेट निकाले थे और वह काफी किफायती भी साबित हुए थे। राशिद ने सिर्फ 6.68 की इकोनॉमी से रन दिए थे। गुजरात की टीम आईपीएल 2026 में राशिद से इसी फॉर्म को टूर्नामेंट में बरकरार रखने की उम्मीद करेगी। आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस ने एलिमिनेटर तक का सफर तय किया था।

## आईपीएल से पहले मुंबई इंडियंस में महासंग्राम

### हार्दिक पांड्या की कप्तानी पर उठे सवाल , अब किसे मिलेगी कमान

मुंबई,(वेब वार्ता)।

मुंबई इंडियंस की कप्तानी को लेकर बहस तेज हो गई है। श्रीकांत ने हार्दिक पंड्या को पद छोड़कर सूर्यकुमार यादव को मौका देने की सलाह दी। वर्ल्ड कप जीत के बाद सूर्या की दावेदारी मजबूत हुई है। आईपीएल 2026 से पहले मुंबई इंडियंस की कप्तानी को लेकर बहस फिर तेज हो गई है। कृष्णमाचारी श्रीकांत ने बड़ा बयान देते हुए हार्दिक पंड्या को कप्तानी छोड़ने और सूर्यकुमार यादव को जिम्मेदारी देने की सलाह दी है।

आईपीएल 2024 में हार्दिक पंड्या को गुजरात टाइटंस से ट्रेड कर मुंबई इंडियंस में शामिल किया गया था। इसके बाद फ्रेंचाइजी ने उन्हें सीधे कप्तान बना दिया और रोहित शर्मा से कप्तानी ले ली गई। इस फैसले ने



फैंस के बीच काफी नाराजगी पैदा की और सोशल मीडिया पर भी इसका विरोध देखने को मिला। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में टीम का प्रदर्शन मिला-जुला रहा है। आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस 10वें स्थान पर रही, जबकि आईपीएल 2025 में टीम ने वापसी करते हुए चौथे स्थान तक सफर तय किया।

हालांकि लगातार दबाव और उम्मीदों के बीच टीम स्थिर प्रदर्शन नहीं कर पाई। श्रीकांत का मानना है कि टीम में पहले से अनुभवी और वर्ल्ड कप जीत चुके कप्तान मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि हार्दिक को बड़ा दिल दिखाते हुए कप्तानी छोड़ देनी चाहिए।

उनके मुताबिक, हार्दिक ने खुद रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में वर्ल्ड कप जीता है, ऐसे में उन्हें टीम हित में फैसला लेना चाहिए और सूर्या को नेतृत्व सौंपना चाहिए।

## राजस्थान रॉयल्स दासुन शनाका को साइन करने के लिए तैयार

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से एक और खिलाड़ी बाहर हो गया है, जिसमें दासुन शनाका इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चले गए हैं। शनाका को राजस्थान रॉयल्स आने वाले सीजन के लिए साइन करने वाली है, वे चोटिल सैम करन की जगह लेंगे, जो पहले आईपीएल 2026 से बाहर हो गए थे। रॉयल्स के एक टॉप अधिकारी ने क्रिकबज को इस साइनिंग की पुष्टि की। फ्रेंचाइजी के एक अधिकारी ने इस वेबसाइट को बताया, हाँ, हम उन्हें साइन करने के करीब हैं। कुछ फॉर्मेलिटीज बाकी हैं। उन्हें श्रीलंकाई क्रिकेट (एसएलसी) के साथ कुछ पेपरवर्क पूरा करना है। शनाका पिछले दिसंबर में अबू धाबी मिनी-ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे, जिसके बाद उन्होंने पीएसएल ऑक्शन के लिए एनरोल किया, जहाँ उन्हें लाहौर कलंदर्स ने 75 लाख पाकिस्तानी रुपये में खरीदा था।

## ऑस्ट्रेलिया ऐतिहासिक 4-टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा

मेलबर्न, (वेब वार्ता)।

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार चार-मैच की टेस्ट सीरीज और बांग्लादेश के खिलाफ दो-टेस्ट सीरीज ऑस्ट्रेलिया की बिजी इंटरनेशनल गर्मियों की खास बातें हैं, जिसमें 14 जगहों पर पुरुषों और महिलाओं के क्रिकेट के 27 इंटरनेशनल मैच शामिल हैं।

सीजन की शुरूआत उत्तर में बांग्लादेश के अगस्त में डार्विन और मैके में दो टेस्ट मैचों के दौरे से होगी, जिसके बाद महिलाओं की टीम के लिए तीन वनडे और तीन टी20 मैचों का एक व्हाइट-बॉल लेग होगा, जो सभी ब्रिस्बेन और सिडनी में होस्ट किए जाएँगे। नवंबर में इंग्लैंड का व्हाइट-बॉल टूर होगा, जिसमें तीन मेन्स वनडे और पांच मैचों की टी20 सीरीज शामिल है। वनडे पर्थ, एडिलेड और होबार्ट में खेले जाएंगे, जबकि टी20 मेलबर्न, गोल्ड कोस्ट, ब्रिस्बेन, सिडनी और कैनबरा में



होंगे। गर्मियों का सबसे खास समय न्यूजीलैंड के खिलाफ ऐतिहासिक चार-टेस्ट सीरीज के आसपास रहेगा, जो दिसंबर की शुरूआत से जनवरी की शुरूआत तक चलेगी। चार टेस्ट पर्थ, एडिलेड, मेलबर्न और सिडनी में खेले जाएंगे।

इसके बाद महिला टीम फरवरी और मार्च में तीन टी20 और तीन वनडे के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी, जिसके बाद गर्मियों का अंत 11 से 15 मार्च तक एमसीजी में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की मेन्स टीमों के बीच एक बार के 150वीं एनिवर्सरी टेस्ट के साथ होगा।

# धोनी ने चेपॉक के मैदान पर वर्ल्ड चैंपियंस को किया सम्मानित

चेन्नई, (वेब वार्ता)।

आईपीएल 2026 से पहले चेपॉक स्टेडियम में हुए खास इवेंट में एमएस धोनी ने कुछ खिलाड़ियों को सम्मानित किया, जहां फैंस को शानदार माहौल और यादगार पल देखने को मिले।

28 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2026 से ठीक पहले ने अपने फैंस के लिए एक खास कार्यक्रम आयोजित किया। 22 मार्च को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में टीम ने मीट एंड ग्रीट इवेंट रखा, जहां मौजूदा खिलाड़ियों के साथ-साथ कई पूर्व दिग्गज भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के दौरान पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने कुछ खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। खास तौर पर उन खिलाड़ियों को सम्मान मिला जिन्होंने हाल ही में भारत को विश्व विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी।



यह पल फैंस के लिए बेहद खास और यादगार रहा। सीएसके के तीन खिलाड़ियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। संजू सैमसन और शिवम दुबे ने टी20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

वहीं युवा खिलाड़ी आयुष म्हात्रे ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। धोनी ने चेपॉक के मैदान पर इन तीनों को सम्मानित किया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। सीएसके ने इस मौके पर रोर 2026 नाम से एक भव्य इवेंट भी आयोजित किया। इसमें टीम के कई पूर्व खिलाड़ी शामिल हुए, जिनमें अंबाती रायडू, मैथ्यू हेडन, माइकल हसी, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, लक्ष्मीपति बालाजी और मुथैया मुरलीधरन शामिल रहे। सभी खिलाड़ियों ने मिलकर पुराने यादगार पलों को ताजा किया और हल्के-फुल्के अंदाज में एक-दूसरे के साथ समय बिताया। इस इवेंट के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2025 का सीजन बेहद निराशाजनक रहा था। टीम ने 14 मैचों में केवल 4 जीत दर्ज की और पॉइंट्स टेबल में आखिरी स्थान पर रही। यह प्रदर्शन टीम और फैंस दोनों के लिए निराशाजनक रहा।

## केकेआर ने प्रशंसकों के लिए प्रैक्टिस जर्सी पेश की

कोलकाता, (वेब वार्ता)।

कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के आगामी सीजन के लिए अपनी प्रैक्टिस जर्सी पेश की है। यह पहली बार है जब फ्रेंचाइजी ने प्रशंसकों के लिए ट्रेनिंग किट पेश की है। यह कदम टीम की ट्रेनिंग जर्सी के शुरूआती अनावरण पर मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद उठाया गया है।

पहली झलक सामने आने के बाद, हजारों फैंस सोशल मीडिया पर आए, उन्होंने डिजाइन की तारीफ की और फ्रेंचाइजी से इसे खरीदने के लिए उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इस बढ़ती मांग को सुनते हुए केकेआर ने अब प्रैक्टिस जर्सी को अपने फैंस के लिए उपलब्ध करा दिया है। एक नए, आधुनिक अंदाज में डिजाइन की गई यह जर्सी, टीम की पहचान से जुड़ी रहते हुए भी एक जीवंत, गर्मियों के लिए तैयार अपील रखती





है। इसकी सबसे खास बात इसका टाइगर-प्रिंट पैटर्न है, जो बंगाल टाइगर से प्रेरित है यह उस शक्ति, फुर्ती और निडर भावना का प्रतीक है जो टीम और इस क्षेत्र, दोनों की पहचान है। नाइट राइडर्स स्पोर्ट्स की मुख्य कार्यकारी बिंदा डे ने कहा, प्रैक्टिस जर्सी पर हमारे फैंस की प्रतिक्रिया अविश्वसनीय थी और इसने सचमुच उस गहरे जुड़ाव की पुष्टि की जो वे ब्रांड के साथ साझा करते हैं। हमने प्रैक्टिस जर्सी के लिए स्पष्ट मांग देखी और महसूस किया कि इसे उपलब्ध कराना ही सही होगा।

# पीसीबी उन खिलाड़ियों पर कार्रवाई करेगी जो पीएसएल छोड़ कर जा रहे हैं : नकवी

इस्लामाबाद, (वेब वार्ता)।

पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने उन खिलाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया है, जिन्होंने आखिरी समय पर पीएसएल छोड़कर आईपीएल का रुख किया। लगातार दूसरे साल दोनों लीग एक ही समय पर हो रही हैं। श्रीलंका के दासुन शनाका ऐसा करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने लाहौर कलंदर्स की टीम से नाम वापस ले लिया है और चोटिल सैम करन की जगह आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने का फैसला किया है।

ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर डेनियल सैम्स अब कलंदर्स की टीम में शनाकाकी जगह लेंगे। वहीं ब्लेसिंग मुजराबानी पहले ही पीएसएल से हट चुके हैं। वह कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम में शामिल हुए हैं। नकवी ने रविवार को कहा, हम नियमों के तहत उन



खिलाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। पिछले साल भी ऐसा मामला सामने आया था, जब कार्बिन बॉश को एक साल के लिए पीएसएल से बैन किया गया था, और इस बार भी वही होगा। बॉश पिछले सीजन में पेशावर जल्मी के लिए डायमंड पिक थे, लेकिन उन्होंने आखिरी समय पर आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलने का फैसला कर लिया था।

नकवी ने आगे कहा, आईपीएल के साथ टकराव कोई बड़ी समस्या नहीं है। अगर हमारे खिलाड़ी वहां जा रहे हैं, तो हमें भी यहां बेहतरीन खिलाड़ी मिल रहे हैं। पीएसएल को टालना हमारे लिए संभव नहीं था क्योंकि पूरे साल में हमारे पास कोई और विंडो नहीं है। इस पीएसएल में और भी कई खिलाड़ियों ने नाम वापस लिया है। इनमें गुडाकेश मोती, जैक फ्रेजर मक्गर्क, ऑटनिल बार्टमैन और स्पेंशर जॉनसन शामिल हैं।

हालांकि ज्यादातर खिलाड़ियों ने निजी कारणों का हवाला दिया है। पीएसएल का आगाज 26 मार्च से होगा, जो आईपीएल शुरू होने से दो दिन पहले है। हालांकि, मौजूदा पश्चिम एशिया संकट के चलते तेल आपूर्ति की समस्या को देखते हुए यह टूर्नामेंट बिना दर्शकों के खेला जाएगा। साथ ही, वेन्यू भी घटाकर छह से दो कर दिए गए हैं, अब सभी मैच लाहौर और कराची में होंगे।

## भारत अंडर-17 पुरुष टीम थाईलैंड, इंडोनेशिया और कोरिया रिपब्लिक के खिलाफ मैत्री मैच खेलेगी


नई दिल्ली (वेब वार्ता)। भारत अंडर-17 पुरुष टीम 25 से 31 मार्च, 2026 के बीच थाईलैंड के लोपबुरी में थाईलैंड, इंडोनेशिया और कोरिया रिपब्लिक के खिलाफ मैत्री मैच खेलेगी। ये फ्रेंडली मैच, ब्लू कोल्ट्स की एएफसी अंडर17 एशियन कप सऊदी अरब 2026 की तैयारियों का हिस्सा हैं, और ये मैच बिना दर्शकों के खेले जाएंगे। इंडिया 25 मार्च को 17:30 बजे थाईलैंड से, 28 मार्च को 17:30 बजे इंडोनेशिया से और 31 मार्च को बजे कोरिया रिपब्लिक से खेलेगा। बिबियानो फर्नांडीस की टीम इस साल पहले ही छह इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच खेल चुकी है दो-दो ताजिकिस्तान (गोवा में), तुर्किये (एंटाल्या में) और म्यांमार (यांगून में) के खिलाफ। ब्लू कोल्ट्स रविवार, 22 मार्च को लोपबुरी पहुंचे। एएफसी अंडर17 एशियन कप में, इंडिया ग्रुप डी में ऑस्ट्रेलिया (6 मई), उज्बेकिस्तान (10 मई) और डीपीआर कोरिया (13 मई) से भिड़ेगा।

# एमएलएसः इंटर मियामी ने न्यूयॉर्क सिटी को 3-2 से हराया

न्यूयॉर्क, (वेब वार्ता)।

इंटर मियामी सीएफ ने अपनी जीत की लय को बरकरार रखा है। टीम ने रोमांचक मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए न्यूयॉर्क सिटी एफसी को 3-2 से हराया। एमएलएस रेगुलर सीजन में यह इंटर मियामी की लगातार चौथी जीत है। इंटर मियामी के डिफेंडर गोंजालो लुजा, माइकल और कप्तान लियोनेल मेसी द्वारा किए गए गोल ने इंटर मियामी की जीत में अहम योगदान दिया।

इंटर मियामी ने मैच के चौथे मिनट में ही बढ़त बनाई। टीम की तरफ से पहला गोल गोंजालो लुजान ने किया। टेलास्को जोस सेगोविया द्वारा किए गए प्रयास के विफल रहने के बाद लुजान ने रिबाउंड का फायदा उठाते हुए इंटर मियामी को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, न्यूयॉर्क सिटी एफसी ने जोरदार वापसी की और मैच के 17वें मिनट में निकोलस फर्नांडीज के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर



कर दिया। इसके बाद मेसी ने गोल करने के दो मौके बनाए, लेकिन उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी। पहले हाफ के बाद स्कोर 1-1 की बराबरी पर रहा।

हालांकि, मेजबान टीम ने मैच के 59वें मिनट में अगस्टिन ओजेडा के गोल से बढ़त बना ली। इसके तुरंत बाद मेसी ने 61वें मिनट में इंटर मियामी के लिए गोल दागते हुए स्कोर को फिर से 2-2 से बराबर कर दिया। मेसी ने फ्री किक पर इस रेगुलर सीजन का अपना चौथा गोल किया। इंटर मियामी ने 74वें मिनट में अपनी बढ़त वापस पा ली, जब बॉक्स के दाएं छोर से माइकल ने एक जोरदार हेडर से एलन के पिच के बाईं तरफ से मिले सटीक क्रॉस का फायदा उठाया। यह गोल माइकल का इंटर मियामी के खिलाड़ी के तौर पर पहला गोल रहा, जबकि इस लीग कैंपेन में एलन का यह दूसरा असिस्ट था। इंटर मियामी के डिफेंस ने शानदार प्रदर्शन किया और न्यूयॉर्क सिटी को वापसी करने का मौका नहीं दिया।

# मैनचेस्टर सिटी ने जीता ईएफएल कप का खिताब

लंदन,(वेब वार्ता)।

मैनचेस्टर सिटी ने ईएफएल कप फाइनल में आर्सेनल को 2-0 से हराते हुए खिताब को अपने नाम किया। मैनचेस्टर की तरफ से फाइनल में निको ओरेली ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दो गोल करते हुए टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। मैनचेस्टर सिटी ने यह 9वीं लीग ट्रॉफी जीती है। सिटी से ज्यादा खिताब अब सिर्फ लिवरपूल के नाम है। पेप गार्डियोला ने मैनचेस्टर सिटी मैनेजर के तौर पर यह मशहूर ट्रॉफी पांच बार जीती है, जो इंग्लिश फुटबॉल में एक रिकॉर्ड है।

वह इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा सफलता पाने वाले मैनेजर के तौर पर ब्रायन क्लॉ, सर एलेक्स फर्ग्यूसन और जोस मोरिन्हो (जिन्होंने सभी ने चार-चार जीते) से आगे निकल गए हैं। काराबाओ कप सिटी बॉस के




तौर पर पेप की पहली ट्रॉफी थी, जिसमें उन्होंने 2018 में आर्सेनल को 3-0 से हराया था। उन्होंने अब उस विरासत में एक और नाम जोड़ लिया है और 1960 में प्रतियोगिता की शुरूआत के बाद से सबसे सफल मैनेजर बन गए हैं। हाफ टाइम के बाद सिटी ने आर्सेनल के मुकाबले ज्यादा बेहतर खेल दिखाया। मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया।

आर्सेनल की टीम खिताबी मुकाबले में संघर्ष करती हुई नजर आई, जिसका पूरा फायदा सिटी ने उठाया। पूरे सीजन मैनचेस्टर सिटी की शानदार कप्तानी करने वाले कप्तान बर्नार्डो सिल्वा ने टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने टीम की इस सफलता को सभी के लिए खास पल बताया। उन्होंने कहा, यह सिटी में सभी के लिए बहुत गर्व का पल है।

## महाराष्ट्र ने जीता विमेंस अंडर-23 वनडे ट्रॉफी एलीट खिताब

रांची, (वेब वार्ता)। महाराष्ट्र की महिला टीम ने रविवार को फाइनल मैच में कर्नाटक के खिलाफ 75 रनों से जीत दर्ज करते हुए बीसीसीआई विमेंस अंडर-23 वनडे ट्रॉफी एलीट 2025-26 का खिताब अपने नाम किया। रांची में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी महाराष्ट्र की टीम ने अपने निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 286 रन बनाए। टीम को भाविका अहिरे ने शानदार तरीके से संभाला, जिन्होंने 100 गेंदों पर 109 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली। इस दौरान उन्हें ईश्वरी सावकर (61) और ईश्वरी अवसरे (36) का भी अच्छा साथ मिला, जिसने एक मजबूत नींव तैयार की। इसके जवाब में, कर्नाटक की टीम महज 211 रनों पर ही ऑलआउट हो गई, क्योंकि महाराष्ट्र के गेंदबाजों ने बेहद अनुशासित और सटीक गेंदबाजी की। अक्षया जाधव ने गेंद से कमाल दिखाते हुए 9 ओवरों में 39 रन देकर 4 विकेट लिए। ईशा पथारे ने 43 रन देकर 3 विकेट और खुशी मुल्ला ने 22 रन देकर 2 विकेट निकालकर टीम की जीत पक्की की।

# मां दुर्गा के स्वरूप में छिपे हैं कई प्रतीक



**चैत्र** नवरात्रि का पावन पर्व आरंभ होते ही वातावरण भक्ति, श्रद्धा और शक्ति की अनुभूति से भर उठता है। यह समय साधना, संयम और आत्मशुद्धि का विशेष अवसर माना जाता है। इन दिनों देवी दुर्गा की आराधना केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं रहती, बल्कि जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और आंतरिक बल को जागृत करने का माध्यम बनती है। माता के हाथों में सुसज्जित प्रत्येक अस्त्र-शस्त्र और उनके श्रृंगार में शामिल हर तत्व अपने भीतर एक गूढ़ संदेश समेटे हुए है, जो धर्म, साहस और संतुलन का मार्ग दिखाता है।

माँ दुर्गा के हाथों में विराजमान सुदर्शन चक्र यह संकेत देता है कि समस्त ब्रह्मांड एक दिव्य शक्ति द्वारा संचालित हो रहा है। यह समय, गति और संतुलन का प्रतीक है, जो बताता है कि सृष्टि का प्रत्येक कार्य एक निश्चित नियम और व्यवस्था के अंतर्गत होता है।

देवी के हाथों में सुशोभित तलवार केवल युद्ध का साधन नहीं, बल्कि अज्ञान को दूर करने वाली ज्ञानशक्ति का प्रतीक है। इसकी चमक यह दशार्ती है कि जीवन में सत्य और स्पष्टता का मार्ग ज्ञान से ही प्रशस्त होता है।


धनुष और बाण ऊर्जा के दो स्वरूपों का प्रतिनिधित्व करते हैं। धनुष स्थिर शक्ति का प्रतीक है, जबकि बाण गतिशील ऊर्जा का। यह संयोजन यह सिखाता है कि जब शक्ति सही दिशा और एकाग्रता के साथ प्रयुक्त होती है, तब लक्ष्य की प्राप्ति संभव होती है। माता के शंख की ध्वनि को अत्यंत पवित्र माना गया है। इसका नाद नकारात्मकता को दूर कर वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। यह जीवन में शुभारंभ और आध्यात्मिक जागरण का प्रतीक है। गदा शक्ति, दृढ़ता और आत्मविश्वास का प्रतिनिधित्व करती है। यह संदेश देती है कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना साहस और धैर्य के साथ करना चाहिए।

कमल पुष्प यह सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी व्यक्ति अपने विचारों और कर्मों की पवित्रता बनाए रख सकता है। कीचड़ में रहकर भी कमल का निर्मल बने रहना, आत्मविकास और आध्यात्मिक उन्नति का संकेत है।

त्रिशूल के तीन सिरे सत्व, रज और तम- इन तीन गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह प्रतीक इस बात का संकेत देता है कि जीवन में इन प्रवृत्तियों के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। माँ दुर्गा को अर्पित किए जाने वाले वस्त्र, पुष्प और श्रृंगार में लाल रंग का विशेष महत्व होता है। यह रंग शक्ति, उत्साह, साहस और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार लाल रंग अग्नि तत्व तथा सूर्य और मंगल की ऊर्जा से भी जुड़ा होता है, जो साधक के जीवन में तेज और सकारात्मकता का संचार करता है।

# मन से हो जाएं मुक्त

**आनंदमूर्ति गुरुमां**



मैं आपके हाथ जीवनभर सुखी रहने की चाबी थमा देती हूं, अगर आप उसे ठीक से संभाल सको, तो कृपया संभाल लेना। चाबी यही है कि जब-जब आपका मन ठहर जाएगा, वहीं पर आपको सच्चा सुख और आनंद मनाने का मौका मिलता है। और जब भी आपका मन अस्थिर रहेगा, आपको दुख, तनाव और चिंताएं घेर लेती हैं। तब आप उन चीजों की तलाश में दर-दर भटकते फिरते हैं, जिन चीजों से आपको लगता है कि सुख मिलेगा। जब आपको अपनी मनचाही चीज मिल जाती है, तब अचानक थोड़ी देर के लिए आपका मन ठहर जाता है। जैसे ही आपका मन ठहर जाता है, आप अपने ही आनंद में मग्न हो जाते हैं। थोड़ी देर बाद वह चीज तो वहीं पर पड़ी रह जाती है, और आपका मन सुख की तलाश में किसी और चीज की तरफ आकर्षित हो जाता है। पर जब आपको थोड़ी देर सुख मिला था, वह इसलिए कि आपका मन उस समय ठहर गया था।

हर क्षण जब आपका मन ठहर जाता है, आप अपने ही भीतर सुख का अनुभव करते हैं। इस मन को ठहराने का तरीका है आपकी श्वसन क्रिया में। जैसे ही आप अपनी श्वसन क्रिया को शांत करते हैं, आपका मन ठहरने लगता है और जब भी मन ठहर जाता है, आप स्वतः सुख का अनुभव करते हो। बाह्य जगत में हमें सुख पाने के लिए वस्तुओं और व्यक्तियों का गुलाम बनना पड़ता है। लेकिन अपने श्वासों को शांत करके अपने ही भीतर मिलने वाले असीम आनंद को पाने में हम अत्यंत स्वतंत्र महसूस कर सकते हैं।

श्वासों को शांत करने से वहीं और उसी क्षण जैसे ही आपका मन ठहर जाता है, आपका सुख आपको तुरंत मिल जाता है। उसके लिए इस दुनिया के किसी भी व्यक्ति या वस्तु से पीछा छुड़ाने की हमें कोई जरूरत नहीं है, हमें सिर्फ अपने मन से मुक्त होने की जरूरत है। जैसे ही आप अपने मन से मुक्त हो जाते हैं, चैतन्यस्वरूप परमात्मा का प्रकाश आपके जीवन को भर देता है।

पर अपने ही भीतर के इस चैतन्य के प्रकाश को आप कैसे देख पाएंगे? सच तो यह है कि जैसे ही आप अपने भीतर उसे देखने में कामयाब हो जाएंगे, जल्दी ही आप बाहर भी उसे देखने लग जाएंगे। लेकिन ज्ञान के बिना आप इस प्रकाश को नहीं देख सकेंगे। प्रश्न यह उठता है कि अगर परमात्मा मेरे ही हृदय में विराजमान हैं, तो उसके लिए मैं क्यों प्यासा हूं? इस मन के अधिष्ठान में परमात्मा ही है, परमात्मा ही आपके मन का सर्वस्व है। फिर भी आपका मन उसके लिये तड़पता है।

कबीर कहते हैं, जल विच मीन पियासी, मोहे देखत आवे हासी यानी पानी में रह कर भी मछली पानी के बिना प्यासी है। आपके मन का अधिष्ठाता परमात्मा है। आप परमात्मा में ही रहते हैं, फिर भी आप परमात्मा से वंचित रहते हैं, दुखी होते हैं और अपने आपको हजार चीजों में उलझाये रखते हैं। जब आपका मन ठहर जाता है, उसी क्षण उस प्यारे के प्रेम की बरसात आपके दिल में होने लगती है। मन को श्वसन क्रिया की अलग-अलग विधियों द्वारा ठहराया जा सकता है, जिससे आपके हृदय के उपवन में परमात्मा के असीम प्रेम की बरसात होने लगती है। अपने आसपास की ध्वनियों को सुनें, उन्हें आत्मसात करें, अपने श्वास में पिरोएं। आपके अंदर जब प्रेम भरने लगेगा, आप खुद अपने आपको मुक्त पाएंगे। परमात्मा के साथ अपना एकाकार करने के लिए बस आपको अपने अंदर की ध्वनि सुननी होगी, अपने श्वासों के माध्यम से। आप दुख और सुख में एकलीन हो जाएं। कुछ समय बाद आप ना दुख को महसूस करेंगे ना सुख को। बल्कि चैबीसों घंटे एक अलग दुनिया में विचरण करेंगे। इस स्थिति तक पहुंचने के लिए योगी, साधू और तपस्वी ना जाने क्या-क्या जतन करते हैं।

परमात्मा को क्या चाहिए? यह सवाल अपने आप से भी जानिए कि आपको क्या चाहिए? जल आपके पास है, वायु आपके पास है, धरती आपके समीप है। इससे अधिक क्या? मोह की मुक्ति की शुरूआत अपने भीतर से करिए। श्वास को आते-जाते महसूस कीजिए और कल्पना कीजिए कि आप मुक्त हो रहे हैं दुखों से, छल-कपट और निष्ठुरता से। यही है सुख की चाबी। दुखों से मुक्ति सुख नहीं है। मुक्ति को पाना और समीप से महसूस करना ही असली सुख है।

# आज चैती छठ का दूसरा दिन, जानें संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य का समय और पूजा के नियम

**हिंदू** धर्म में छठ पूजा को अत्यंत महत्वपूर्ण और पवित्र पर्व माना जाता है। यह महापार्व साल में दो बार चैत्र और कार्तिक मास में मनाया जाता है। इस साल चैत्र मास की छठ पूजा का आरंभ 22 मार्च को नहाए खाए के से हो चुका है। वहीं आज दूसरा दिन यानी खरना है, जिसे पूरे श्रद्धा भाव और नियमों के साथ मनाया जाता है। चार दिन के इस खास पर्व में नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य का विशेष महत्व माना जाता है। छठ पूजा सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित होती है। इस दौरान भक्त कठिन व्रत रखकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं। आइए जानते हैं चैती छठ 2026 की तिथियां और इससे जुड़े जरूरी नियम। आज चैती छठ का



दूसरा दिन है, जिसे खरना कहा जाता है। इस दिन व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रख कर गुड़ की खीर और रोटी का खास प्रसाद तैयार करते हैं और शाम को यह प्रसाद भगवान को अर्पित किया जाता है। इसके बाद व्रती इसे स्वयं ग्रहण करते हैं। साथ ही पूरा परिवार यह महाप्रसाद ग्रहण करता है। इसके बाद से 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत शुरू हो जाता है।

छठ पर्व के तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने की परंपरा है, जिसे संध्या अर्घ्य कहा जाता है। इस अवसर पर व्रती जल में खड़े होकर सूर्य देव की उपासना करते हैं। फल, ठेकुआ और अन्य प्रसाद अर्पित किए जाते हैं। इस साल संध्या अर्घ्य 24 मार्च 2026 को दी जाएगी। पंचांग के अनुसार इस दिन सूर्यास्त शाम 06:34 बजे होगा।

**चौथा दिन- उषा अर्घ्य**

छठ पूजा के अंतिम यानी चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने का होता है, जिसे उषा अर्घ्य कहा जाता है। सूर्योदय के समय पूजा कर 36 घंटे के इस कठिन व्रत का समापन किया जाता है। इसके बाद व्रती प्रसाद ग्रहण कर अपना व्रत खोलते हैं। इस बार उषा अर्घ्य 25 मार्च 2026 को दी जाएगी। पंचांग के अनुसार इस दिन सूर्योदय सुबह 06:20 बजे होगा।

चैती छठ का व्रत काफी कठिन और नियमबद्ध माना जाता है, जिसे पूरी आस्था और शुद्धता के साथ किया जाता है।

इस दौरान कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना आवश्यक होता है। घर और आसपास की जगह की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। व्रत के दौरान तन और मन की शुद्धता बनाए रखना जरूरी होता है। साफ कपड़े पहनें और अशुद्धता से दूर रहें। छठ पूजा में डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देना सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके बिना व्रत अधूरा माना जाता है।

इस व्रत में संयम का पालन जरूरी है। क्रोध, झूठ और नकारात्मक विचारों से दूर रहना चाहिए। इस तरह श्रद्धा और नियमों के साथ किया गया छठ व्रत जीवन में सुख-शांति और समृद्धि लाने वाला माना जाता है।



**मेष राशि:-** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। स्टूडेंट्स के लिए दिन राहत भरा रहेगा और वे नया शेड्यूल बनाने का विचार कर सकते हैं। फोन का इस्तेमाल कम करें, वरना समय बर्बाद होगा। पैसों के मामलों में जरूरत से ज्यादा भरोसा करना नुकसानदेह साबित हो सकता है, इसलिए उधार देने से पहले सोचें।



**वृष राशि:-** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा और आपके सभी काम योजनानुसार पूरे होंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और लोगों से जुड़ाव मजबूत होगा। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यापार में साझेदारी लाभदायक साबित हो सकती है।



**मिथुन राशि:-** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्रता से किया गया काम अच्छे परिणाम देगा। लव लाइफ बेहतर रहेगी और पार्टनर के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। काम के प्रति लापरवाही भारी पड़ सकती है, इसलिए जिम्मेदारियों को नजरअंदाज न करें।




**कर्क राशि:-** आज आपका दिन पहले से बेहतर रहेगा। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा और जीवनसाथी के साथ लंबी बातचीत रिश्तों को मजबूत करेगी। दोस्तों के साथ घर पर मनोरंजन का प्लान बन सकता है।



**सिंह राशि:-** आज दिन की शुरूआत सकारात्मक रहेगी। बिजनेस ट्रिप पर जाने से पहले बड़ों का आशीर्वाद लेना आपके लिए लाभकारी रहेगा। जीवनसाथी को करियर में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कोरियर या लॉजिस्टिक्स से जुड़े कारोबारियों को फायदा होगा।



**कन्या राशि:-** आज आपका दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा। व्यापार में बड़ा धन लाभ मिलने के संकेत हैं। शत्रु पक्ष कमजोर रहेगा। लकड़ी या निर्माण से जुड़े लोगों को बड़ा प्रोजेक्ट मिल सकता है। राइटर्स और आर्टिस्ट्स के लिए दिन शानदार रहेगा, उनकी प्रतिभा को सराहना मिलेगी।



**तुला राशि:-** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। माता-पिता की नाराजगी दूर होगी और घर का माहौल अच्छा रहेगा। राजनीति और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन अनुकूल है। महिलाओं के लिए भी दिन विशेष रूप से अच्छा रहेगा। बिजनेस में जरूरी मीटिंग सफल हो सकती है।



**वृश्चिक राशि:-** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। पुरानी समस्याओं का समाधान मिलने से मन हल्का रहेगा। परिवार में धार्मिक आयोजन की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करेंगे।



**धनु राशि:-** आज का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। काम पूरा करने में आपका ध्यान लगा रहेगा, लेकिन भाग्य का साथ कम मिल सकता है। ऑफिस में किसी मुद्दे पर चर्चा करनी पड़ सकती है। विरोधी आपकी योजनाओं से प्रभावित हो सकते हैं।



**मकर राशि:-** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बिजनेस में नए अवसर मिलेंगे और उधार दिया पैसा वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से लाभ मिलने की संभावना है। परिवार और भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा।



**कुंभ राशि:-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा लेकिन मन में थोड़ी चिंता बनी रह सकती है। परिवार के साथ समय बिताने और दोस्तों के साथ पार्टी में शामिल होने का मौका मिलेगा। नई स्किल सीखने का विचार भविष्य में फायदेमंद साबित होगा।



**मीन राशि:-** आज आपका दिन नई ऊर्जा के साथ शुरू होगा। आपके विचार आपको समाज में अलग पहचान दिला सकते हैं। घर में सजावट या बदलाव का काम हो सकता है। कांट्रेक्टर और बिजनेस से जुड़े लोगों को लाभ मिलेगा।

# कौन-कौन से है सनातन धर्म के 18 पुराण?

**सनातन** धर्म में 18 महापुराणों का विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि, इन ग्रंथों में धार्मिक आस्था का वर्णन हैं। इसके अलावा सृष्टि की उत्पत्ति, ऋषि-मुनियों की कथाएं, इतिहास और प्रलय का जिक्र किया गया है। कहा जाता है कि, ये पुराण वेदों के बाद की रचनाएं हैं, जिनमें जीवन के गूढ़ सिद्धांतों की जानकारी हैं। इनका अध्ययन करने से व्यक्ति के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। साथ ही व्यक्ति जीवन चक्र को भी समझने लगता है। इन्हें भक्ति-ग्रंथ के रूप में भी जाना जाता है, क्योंकि इनमें भगवान की लीलाओं, उनके विभिन्न स्वरूपों और भक्तों के साथ उनके संबंधों का सुंदर चित्रण मिलता है। ऐसे में आइए इन 18 महापुराणों के नाम को जानते हैं।


**18 महापुराणों के नाम और महत्व**

**ब्रह्म पुराण:** सृष्टि के आरंभ का वर्णन।

**पद्म पुराण:** भगवान विष्णु का विवरण।

**विष्णु पुराण:** भगवान विष्णु के अवतारों का जिक्र किया गया है।

**शिव पुराण:** भगवान शिव और पूरे 12 ज्योतिर्लिंगों का विवरण किया गया है।



**भागवत पुराण:** श्री कृष्ण की लीलाओं का जिक्र।

**नारद पुराण:** व्रत और तीर्थ स्थलों का वर्णन।

**मार्कंडेय पुराण:** देवी दुर्गा की महिमा का जिक्र किया गया है।

**अग्नि पुराण:** ज्योतिष विद्या का जिक्र देखने को मिलता है।

**भविष्य पुराण:** आने वाले समय की भविष्यवाणियां।

**ब्रह्मवैवर्त पुराण:** प्रकृति की कथाओं का संकलन देखने को मिलता है।

**लिंग पुराण:** शिवलिंग पूजा का महत्व।

**वराह पुराण:** वराह अवतार द्वारा पृथ्वी के उद्धार की जानकारी।

**स्कंद पुराण:** भगवान कार्तिकेय की कथा।

**वामन पुराण:** भगवान विष्णु के वामन अवतार का जिक्र।

**कूर्म पुराण:** आध्यात्मिक ज्ञान का उपदेश देखने को मिलता है।

**मत्स्य पुराण:** सृष्टि के प्रलय की प्राचीन कथाएं।

**गरुड़ पुराण:** मृत्यु और मोक्ष की जानकारी।

ब्रह्मांड पुराण: ब्रह्मांड के रहस्यों का जिक्र।

# लक्ष्मी पंचमी आज, समुद्र मंथन से प्रकट हुईं महालक्ष्मी

**चैत्र** मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाने वाली लक्ष्मी पंचमी इस वर्ष 23 मार्च 2026, सोमवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जा रही है। नवरात्रि के पावन दिनों के मध्य आने वाली यह तिथि विशेष रूप से धन, ऐश्वर्य और सौभाग्य की अधिष्ठात्री देवी महालक्ष्मी की उपासना के लिए समर्पित मानी जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन विधिपूर्वक पूजा करने से जीवन में समृद्धि, सुख और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

पुराणों में वर्णित प्रसिद्ध कथा के अनुसार, जब देवताओं और असुरों के बीच अमृत प्राप्ति के लिए समुद्र मंथन हुआ, तब उस मंथन से चौदह रत्नों का उदय हुआ। इन्हीं दिव्य रत्नों में से एक थीं देवी महालक्ष्मी, जो क्षीरसागर से प्रकट हुईं। उनके प्राकट्य के साथ ही चारों ओर सौंदर्य, शांति और वैभव का प्रसार होने लगा।

कथा के अनुसार, देवी लक्ष्मी का प्राकट्य चैत्र शुक्ल पंचमी तिथि



को हुआ था। जब वे प्रकट हुईं, तब सभी देवताओं ने उनका विधिपूर्वक पूजन किया और उन्हें भगवान विष्णु की अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया गया। इसी घटना की स्मृति में यह तिथि लक्ष्मी पंचमी के रूप में मनाई जाती है। यह दिन इस बात का प्रतीक है कि जहां पवित्रता, संतुलन और धर्म का पालन होता है, वहीं लक्ष्मी का स्थायी निवास होता है।

लक्ष्मी पंचमी के दिन प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान कर स्वच्छ और शुद्ध वस्त्र धारण किए जाते हैं। घर और विशेष रूप से पूजा स्थल की अच्छी तरह सफाई की जाती है, क्योंकि देवी लक्ष्मी को स्वच्छता अत्यंत प्रिय है। इसके बाद एक चौकी पर लाल या गुलाबी वस्त्र बिछाकर मां लक्ष्मी की प्रतिमा या चित्र स्थापित किया जाता है।

पूजा के लिए एक कलश स्थापित किया जाता है, जिसमें जल भरकर उसमें आम के पत्ते और ऊपर नारियल रखा जाता है। इसके पश्चात देवी लक्ष्मी को कुमकुम, अक्षत, पुष्प, धूप और दीप अर्पित किए जाते हैं। कमल का फूल अर्पित करना विशेष रूप से शुभ माना गया है।

भोग के रूप में खीर, मिठाई, बताशे या घर में बने शुद्ध पकवान अर्पित किए जाते हैं। पूजा के दौरान 'ॐ श्रीं महालक्ष्म्यै नमः' मंत्र का जप करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। इसके बाद लक्ष्मी जी की आरती की जाती है और पूरे घर में दीपक जलाकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया जाता है।

लक्ष्मी पंचमी का यह पर्व केवल धन की प्राप्ति का नहीं, बल्कि जीवन में शुद्धता, संतुलन और आध्यात्मिक उन्नति का भी प्रतीक है। नवरात्र के दौरान शक्ति की साधना के साथ जब लक्ष्मी की उपासना की जाती है, तो यह साधना और भी पूर्ण और फलदायी हो जाती है।

मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा और नियम से की गई पूजा से मां लक्ष्मी प्रसन्न होकर अपने भक्तों के जीवन में सुख-समृद्धि, वैभव और शांति का संचार करती हैं। साथ ही यह तिथि इस बात का संदेश भी देती है कि जीवन में स्थायी लक्ष्मी वही है, जो धर्म, सदाचार और पवित्रता के मार्ग पर चलने से प्राप्त होती है।

# होर्मुज ट्रंप के गले की हड्डी, अपने ही राष्ट्रपति पर भड़के पूर्व सीआईए चीफ

## बोले-ईरान युद्ध में फंस गया यूएस

**वॉशिंगटन, (वेब वार्ता)।**

ईरान के खिलाफ अमेरिका का युद्ध बढ़ते संघर्ष और कठिन परिस्थितियों में फंसा है। लियोन पैनेटा ने ट्रंप को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा, युद्ध की स्थिति अमेरिकी तैयारियों की कमी को दर्शाती है।



ईरान के खिलाफ अमेरिका की जंग तीन हफ्ते से ज्यादा समय से जारी है, और अब तक इसके खत्म होने का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिल रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए इस संघर्ष से बाहर निकलने का कोई आसान रास्ता नजर नहीं आ रहा। जैसे-जैसे युद्ध लंबा हो रहा है, ट्रंप की घरेलू स्थिति भी कठिन होती जा रही है, और उन्हें तीखी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

इस मामले में सबसे बड़ी आलोचना अमेरिकी सुरक्षा के पूर्व अधिकारियों द्वारा की जा रही है। इसमें सबसे प्रमुख नाम लियोन पैनेटा का है। पैनेटा अमेरिका के पूर्व रक्षा मंत्री और सीआईए के पूर्व प्रमुख हैं। पैनेटा ने गॉर्डियन अखबार से बातचीत में कहा कि ट्रंप इस युद्ध में फंसे हुए हैं और इसके लिए वे खुद जिम्मेदार हैं।

स्ट्रेट होर्मुज ईरान की ताकत

उन्होंने बताया कि अमेरिकी सुरक्षा अधिकारियों को वर्षों से यह जानकारी थी कि ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को ब्लॉक कर सकता है, जिससे विश्वभर में तेल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। यह खतरा पहले से ही ज्ञात था, जिसे संघर्ष के दौरान नजरअंदाज किया गया। पैनेटा का कहना है कि यह समझना कोई कठिन काम नहीं था कि ईरान से युद्ध के दौरान होर्मुज स्ट्रेट का बंद होना अमेरिका की सबसे बड़ी कमजोरी होगी।

पैनेटा ने यह भी संकेत दिया कि ट्रंप को अब एक कठिन निर्णय का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें यह तय करना होगा कि क्या वे होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए युद्ध का दायरा बढ़ाएं, ताकि दबाव कम हो और शायद ईरान से बातचीत हो सके, या फिर वे युद्ध को समाप्त करने के लिए पीछे हटकर हार मान लें, हालांकि सभी जानते हैं कि ऐसा करने से उनकी स्थिति कमजोर होगी।

# धमाकों से दहला तुर्की, दो इमारतें ढही, एक की मौत और कई घायल

**इस्तांबुल, (वेब वार्ता)।**

इस्तांबुल के फातिह जिले में गैस विस्फोट से दो इमारतें ढह गईं, एक व्यक्ति की मौत और कई घायल हुए। बचाव जारी है, जबकि मिडिल ईस्ट तनाव से तेल कीमतें प्रभावित हैं।



तुर्की के इस्तांबुल के फातिह जिले में रविवार को प्राकृतिक गैस विस्फोट की एक गंभीर घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। धमाका इतना तेज था कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनी गई। विस्फोट के कारण दो इमारतें पूरी तरह ढह गईं। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए।

घटना के तुरंत बाद बचाव और राहत कार्य शुरू किया गया। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू टीमों ने तेजी से काम किया। इस्तांबुल के गवर्नर दावुत गुल ने जानकारी दी कि बचाव दल ने मलबे से 10 घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

गवर्नर गुल ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ अस्पताल जाकर घायलों का हाल भी जाना। अधिकारियों के अनुसार, ढही हुई इमारतों में से एक दो मंजिला थी, जबकि दूसरी एक मंजिला थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विस्फोट एक इमारत में दोपहर के समय हुआ, जो संभवतः प्राकृतिक गैस रिसाव के कारण हुआ।

## कांग्रेस सम्मेलन में राहुल गांधी करेंगे आदिवासियों के मुद्दों पर चर्चा: वासनिक

**अहमदाबाद, (वेब वार्ता)।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सोमवार को गुजरात के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह वडोदरा में अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस द्वारा आयोजित एक सभा में शामिल होंगे। उनका यह कार्यक्रम खास तौर पर आदिवासी समुदाय के अधिकारों और उनके सामने मौजूद चुनौतियों पर केंद्रित है।

राहुल गांधी के दौरे को लेकर कांग्रेस सांसद मुकुल वासनिक ने बताया कि यह कार्यक्रम वडोदरा में हो रहा है और इसमें हमारे नेता राहुल गांधी खुद शामिल होंगे। अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस की तरफ से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में आदिवासी समाज से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा होगी, जैसे कि उनके अधिकारों पर होने वाले हमले, उनके विकास के कामों में अनदेखी और अन्य परेशानियां। इस मौके पर अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के तमाम साथी और गुजरात के कांग्रेस के प्रमुख



नेता भी मौजूद रहेंगे।

जानकारी के अनुसार, राहुल गांधी का दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक 'आदिवासी संविधान अधिकार सम्मेलन' में रहेंगे। इस दौरान आदिवासी समुदाय के लोग अपने सवाल, सुझाव और समस्याएं सामने रख सकेंगे। खास बात यह है कि सम्मेलन में मध्य और पूर्वी गुजरात के अलग-अलग हिस्सों से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोगों के आने की संभावना है।

यह कार्यक्रम कांग्रेस की तैयारी के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। गुजरात में आने वाले दिनों में स्थानीय निकाय चुनाव होने वाले हैं और ऐसे समय में यह सम्मेलन पार्टी के लिए आदिवासी समुदाय के साथ जुड़ने और उनकी समस्याओं को समझने का अच्छा अवसर है।

## एआईएमआईएम और हुमायूं कबीर के गठबंधन की घोषणा पर कहा, ओवैसी भाजपा के सच्चे साथी: कांग्रेस

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी द्वारा यह घोषणा किए जाने के बाद कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल के आगामी विधानसभा चुनाव पूर्व तृणमूल कांग्रेस नेता हुमायूं कबीर की नवगठित आम जनता उन्नयन पार्टी के साथ गठबंधन में लड़ेगी, पर सोमवार को कांग्रेस ने तीखा हमला बोला। कांग्रेस ने कहा, 'धन्यवाद ओवैसी। आपने अपना धर्मनिरपेक्षता का मुखौटा हटा दिया है और दुनिया को अपना असली सांप्रदायिक चेहरा दिखा दिया है।'

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि ओवैसी ने खुद को भाजपा की 'बी-टीम' ही नहीं बल्कि उसका 'सच्चा साथी' भी साबित कर दिया है।

कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने एआईएमआईएम-एजेयूपी गठबंधन की आलोचना करते हुए कहा, 'धन्यवाद, असदुद्दीन ओवैसी। आपने अपना धर्मनिरपेक्षता का मुखौटा हटा दिया है और दुनिया को अपना असली सांप्रदायिक चेहरा





दिखा दिया है।'

उन्होंने कहा, 'आपने यह भी दिखा दिया कि आप न सिर्फ भाजपा की बी-टीम हैं, बल्कि उसके सच्चे साथी भी हैं। लोग हुमायूं कबीर पर आरोप लगा रहे हैं कि उन्होंने पार्टी बनाने के लिए पैसा लिया है। तो क्या आपको दिल्ली से फंड मिल रहा है? जनता सब समझती है और वह आपको पश्चिम बंगाल के साथ-साथ हैदराबाद के चुनावों में भी आपकी स्थिति दिखा देगी।'

कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने भी इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'जहां भी धर्मनिरपेक्ष वोटों का बंटवारा होता है, उसका फायदा अंततः भाजपा को ही मिलता है। ओवैसी इसके लिए जाने जाते हैं और उन पर अक्सर ऐसे आरोप लगते हैं। वह निश्चित रूप से ऐसी रणनीति अपनाते हैं ताकि वोटों का विभाजन हो सके। इसलिए हम कहते हैं कि वह भाजपा की बी-टीम के रूप में काम करते हैं।'

झामुमो के प्रवक्ता मनोज पांडे ने भी कहा, 'मुझे लगता है कि अब ओवैसी को एक-दो राज्यों में कुछ सफलता मिली है। उन्होंने भाजपा को मजबूत किया है और धर्मनिरपेक्ष दलों व ताकतों को कमजोर किया है, जिससे उनका मनोबल बढ़ा है। मुझे लगता है कि बंगाल की राजनीति के संदर्भ में वह कहीं फिट नहीं बैठेंगे।'

## तमिलनाडु भाजपा प्रभारी और केंद्रीयमंत्री पीयूष गोयल चेन्नई पहुंचे

**चेन्नई, (वेब वार्ता)।** तमिलनाडु भाजपा प्रभारी और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल चेन्नई पहुंच गए हैं। तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दल अपने सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारे की बातचीत में व्यस्त हैं। इसी क्रम में सीट बंटवारे की बातचीत अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम तथा भारतीय जनता पार्टी के बीच आज शाम अंतिम दौर की बातचीत होने वाली है। पीयूष गोयल सुबह करीब 10 बजे चेन्नई पहुंचे। चेन्नई एयरपोर्ट पर उनका स्वागत एल. मुरुगन और नयिनार नागेंद्रन सहित पार्टी नेताओं ने किया। एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में पीयूष गोयल ने कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कड़गमझ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस गठबंधन से जनता निराश और असंतुष्ट है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु बदलाव के लिए तैयार है। गोयल ने डीएमके गठबंधन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि उसे हराने के लिए एआईएडीएमके के नेतृत्व में गठबंधन बनाया गया है।

## मणिपुर : यूएनएलएफ के 14 कैडर गिरफ्तार, हथियार और नकदी जब्त

**इंफाल, (वेब वार्ता)।**

मणिपुर पुलिस ने थौबल जिले के नोंगपोक सेकमाई पुलिस थानांतर्गत हाओखोंग क्षेत्र में एक अभियान के दौरान प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ - कोइरेंग) से जुड़े 14 कैडरों को गिरफ्तार किया है।

मणिपुर पुलिस मुख्यालय ने सोमवार को बताया गया है कि रविवार को पकड़े गए कैडरों की पहचान इंफाल पश्चिम के खुंबोंग माखा लीकाई के नामीराकपम कोंडुम मैतेई उर्फ लन्हेइबा (46), बिष्णुपुर के चेयरन लींगांगताबी के सोरोखैबम रोसेश उर्फ कांगलेइपुबा उर्फ किलो-आई (43), बामाओन लीकाई मांगे मखोंग, इंफाल पूर्व के ताखेलचांगबम राजेंद्रो शर्मा उर्फ खाबा (59), खुरई चिंगंबम लीकाई, इंफाल पूर्व के येलम रतन सिंह उर्फ खंबा (54); कुम्बी हाओटक, बिष्णुपुर के अहनथेम रतन मैतेई उर्फ शिरोई (30); खुरई थोंगम लीकाई, इंफाल पूर्व के सोयम संजीव (42); कोडोमपोकपी ममंग लीकाई, इंफाल पश्चिम के तोइजम करजीत सिंह (20); नगामुखोंग,



थौबल के पुखरीहोंगबाम नोंगसाबा मैतेई उर्फ लाईदाबा (18); ताओबुंगखोक अवांग लीकाई, इंफाल पश्चिम के कंघुजम माइसन मैतेई (17); न्यू कीथेलमनबी अवांग लीकाई, इंफाल पश्चिम के थौदाम मुना मैतेई उर्फ इनाओ (19); खुरई कोनसम लीकाई, इंफाल पूर्व के कोनसम बेबेटो मैतेई (28); कुम्बी हाओटक, बिष्णुपुर के वाहेंगबाम संतोष मैतेई (19); कोडोमपोकपी ममांग लीकाई, इंफाल पश्चिम के क्षेत्रिमायुम डिक्सन सिंह (19) और इंफाल पूर्व के ताखेल ममांग लीकाई के चिंगखम रोमेश सिंह उर्फ याईफाबा (30) के रूप में की गई है।

पुलिस ने बताया कि इस अभियान के दौरान दो इंसास राइफलें, आठ इंसास लाइट मशीन गन मैगजीन, पांच इंसास राइफल मैगजीन और इंसास गोला-बारूद के 100 राउंड बरामद किए गए।

## पीएम की चुनावी रैलियां सिलीगुड़ी से लेकर भवानीपुर तक होंगी

**कोलकाता, (वेब वार्ता)।**

सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो अगले महीने पश्चिम बंगाल में कुल 14 चुनावी कार्यक्रमों में भाग लेने वाले हैं। संभवतः वह अपनी चुनावी मुहिम की शुरूआत सिलिगुड़ी (दार्जिलिंग जिले) से करेंगे और इसका समापन दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर में एक मेगा रोड शो-सह-रैली के साथ होगा।

सिलिगुड़ी में मतदान पहले चरण में 23 अप्रैल को होने वाला है, जबकि भवानीपुर इस बार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के बीच हाई-वोल्टेज मुकाबला देखने को मिलेगा, दूसरे चरण में 29 अप्रैल को मतदान होगा।

भाजपा के एक राज्य समिति सदस्य ने कहा, अभी तक यह तय किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोलकाता में दो कार्यक्रमों में शामिल होना है। एक उत्तर कोलकाता की किसी विधानसभा क्षेत्र में होगा और दूसरा दक्षिण कोलकाता में, और दूसरे के लिए भवानिपुर स्वाभाविक विकल्प है, क्योंकि वहां इस बार मुकाबला हाई-वोल्टेज का है।

ये 14 कार्यक्रम जनता की सभाओं और रोडशो को शामिल करेंगे, जहां प्रधानमंत्री संबोधन देंगे।

## श्री सिद्धिविनायक मंदिर में चोरी, एक कर्मचारी गिरफ्तार

**मुंबई, (वेब वार्ता)।** मुंबई के मशहूर श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर में चोरी का एक मामला सामने आया है, जहाँ दान पेटी से पैसे चुराने के आरोप में मंदिर के एक स्थायी कर्मचारी को गिरफ़्तार किया गया है। यह घटना 22 मार्च को तब सामने आई, जब मंदिर प्रशासन ने नियमित निगरानी के दौरान कुछ गड़बड़ी देखी।पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान 57 वर्षीय राजेंद्र पेंढारकर के रूप में हुई है, जिस पर दान संग्रह से कम से कम 10,000 रुपये चुराने का शक है। अधिकारियों ने बताया कि रोजाना की निगरानी के दौरान, सीसीटीवी फुटेज में कर्मचारी का संदिग्ध व्यवहार दिखा। फुटेज में कथित तौर पर उसे बार-बार दान पेटी को ऊपरी मंज़िल पर ले जाते हुए, उसे उल्टा करते हुए और छोटी-छोटी दरारों से नोट निकालते हुए देखा गया। माना जा रहा है कि यह सिलसिला कई दिनों से चल रहा था। अधिकारियों ने यह भी संकेत दिया है कि इस मामले में और भी कर्मचारी शामिल हो सकते हैं।

## बीआरएस के विधायकों ने शुल्क प्रतिपूर्ति फंड जारी करने की मांग को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

**हैदराबाद, (वेब वार्ता)।**

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों ने सोमवार को तेलंगाना विधानसभा के पास विरोध प्रदर्शन किया और शुल्क प्रतिपूर्ति (फीस रिंबर्समेंट) फंड को तुरंत जारी करने की मांग की।

दिन की कार्यवाही शुरू होने से पहले बीआरएस के विधायक और विधान पार्षद गन पार्क पर एकत्र हुए और तख्तियां दिखाते हुए, मुख्य



विपक्षी दल के विधायकों ने सरकार से लंबित फीस प्रतिपूर्ति फंड तुरंत जारी करने की मांग की।

विधान परिषद में विपक्ष के नेता मधुसूदन चारी ने मीडिया से कहा कि तेलंगाना सरकार कथित रूप से छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है, जैसे वह समाज के अन्य वर्गों के साथ कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि फीस प्रतिपूर्ति फंड समय पर जारी न होने के कारण कई छात्रों को पढ़ाई बीच में छोड़नी पड़ रही है। उन्होंने कहा, 'हम लंबित फीस प्रतिपूर्ति के 12,000 करोड़ तुरंत जारी करने की मांग करते हैं।'

## जम्मू-कश्मीर के सांबा में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित गांव में हुआ विस्फोट, जांच जारी

**जम्मू, (वेब वार्ता)।**

जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के एक गांव में सोमवार को एक घर के बाहर एक रहस्यमय विस्फोट हुआ। अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट की सही प्रकृति का पता लगाया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के घगवाल सेक्टर के गावाला तालाब गांव में सरपंच जयराम शर्मा के घर के बाहर रविवार रात 2 बजे विस्फोट हुआ। अधिकारियों ने बताया कि गवाला तालाब गांव अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 10 किलोमीटर दूर है। विस्फोट में घर का गेट और चारदीवारी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

पुलिस और फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीमें गांव पहुंचीं और विस्फोट स्थल से नमूने लेकर विस्फोट की सही जानकारी पता लगाने की कोशिश कर रही है। इस घटना के संबंध में संबंधित पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। केंद्रशासित प्रदेश में स्थित 240 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा सांबा, कठुआ और जम्मू जिले में स्थित है।

## बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेस-वे पर हादसा, चार की मौत

**बेंगलुरु, (वेब वार्ता)।** बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेस-वे पर सोमवार तड़के हुए हादसे में चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया है कि केरलम के एक निजी ट्रैवल्स कंपनी की बस केरलम से बेंगलुरु की ओर आ रही थी। इसी दौरान रामनगर जिले के चन्नापटना तालुक के पुट्टप्पनदोड्डी के पास बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चार यात्रियों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान केरलम निवासी मोहम्मद परान (22), रफीज (45) तथा बेंगलुरु निवासी राशीद (45) और साकिर (27) के रूप में हुई है। पुलिस का मानना है कि हो सकता है चालक को झपकी आ गई हो। दुर्घटना में कई यात्री मामूली रूप से घायल हुए हैं। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


**किराए के लिए खाली है**

1- 3600 वर्ग फुट कमर्शियल 4 हॉल सेमी फर्निश्ड सेक्टर 10 टी सी सी काम्प्लेक्स फरीदाबाद में।
2- 1620 वर्ग फुट ऑफिस सेमी फर्निश्ड मेन रोड सेक्टर 10 टी सी सी काम्प्लेक्स फरीदाबाद में।
3- टू बैड रूम सेट ग्राउंड फ्लोर वेल फर्निश्ड सेक्टर 7 डी ब्लॉ क फरीदाबाद में।
4- वन रूम सेट वेल फर्निश्ड सेंकड फ्लोर सेक्टर 7 डी ब्लॉक फरीदाबाद में।
इच्छुक व्यक्ति फोन नंबर 9999446252, 9811157562 पर संपर्क करें।

**- सूचना -**

**फरीदाबाद जिला में भेदीनज़र समाचार में अपने समाचार, विज्ञापन देने और अखबार की कापी प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें-**

1- गोपाल न्यूज एजेन्सी
अम्बेडकर चौक बाल्लभगढ़
**मोबाइल नम्बर- 9811477204**

2- नरेंद्र बुक्सर शाप
मूँगफली चौक एन.आई.टी.नम्बर-5 फरीदाबाद
**मोबाइल - 9810229192**

3- दीक्षित न्यूज एजेन्सी ओल्ड फरीदाबाद
**मोबाइल- 9811159238**

**छोटा विज्ञापन बड़ा फायदा**
आज ही स्पेस बुक कराएं-काल करें
0120-4152063,
9811157562

**नई एवं तरोताजा खबरों के लिए भेदी नज़र पढ़िए, समय के साथ चलिए**

**सुनहरा मौका** वार्षिक ग्राहक बनिए और

**वीआईपी एल्फा सूटकेस** कीमत रु, 900 प्राप्त करिए
भेदी नज़र समाचार पत्र के ग्राहक बनें
मात्र 700 रूपये दीजिए और वार्षिक ग्राहक बनने के अलावा तुरंत पाइए
और अन्य आकर्षक उपहार के लिए

**बम्पर ड्रा**

पहला इनाम



एक हीरो बाईक

दूसरा इनाम




एक सोनी एलसीडी 32 इंच व अन्य आकर्षक ईनाम

तीसरा इनाम



बीस मोबाईल फोन

- कोई भी व्यक्ति एजेंट 500 से अधिक मेंबर बना लेंगा तो एसे अलग से उपहार दिया जाएगा।
- ये स्कीम एक जनवरी 2026 से 31 दिसम्बर 2026 तक चलेगी।
- 31 दिसम्बर 2026 को 1000 सदस्य बनाने पर बम्पर ड्रा निकाला जाएगा जिसमें उपरोक्त इनाम हरियाणा के किसी भी मंत्री द्वारा दिए जाएंगे।
- ड्रा बम्पर ड्रा में भेदी नज़र के वार्षिक मेम्बर ही भाग ले सकते हैं।
- भेदी नजर प्रत्येक माह की पहली तारिख को कूपन छापेगा।



आर .एन .आई .नं .
DEL/HIN/2004/13528
प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी एवं संपादक उमा शर्मा द्वारा
उमा पब्लिकेशनस्
1001/1002 दसवां तल नौरंग हाऊस, 21 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-1 से प्रकाशित
एवं नीलू प्रिंटिंग प्रेस ई-33 सेक्टर-7 नोएडा से मुद्रित
संपादक
उमा शर्मा
प्रधान संपादक
गिरीश चन्द्र शर्मा
फोन नं.-
011-66304689
0120-4189808
0129-2290152
0129-2267 07 8
0129-2977562
फैक्स नं. -
011-66304690
0129-2297 640
मो. : 9811157 562,



सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद होगा।
पीआईबी एक्ट अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी समाचार लेखक की होगी भेदीनज़र संस्थान संपादक और प्रधान संपादक कानूनन जिम्मेदार नहीं होगा।